RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 335
नई दिल्ली, रविवार, 17 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



द्रविड़ भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने को तैयार
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# मैं कांग्रेस की स्थायी अध्यक्षः सोनिया

● कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में छंटे संशय के बादल, नए अध्यक्ष का चुनाव अगले साल अगस्त-सितंबर में होगा

● सोनिया ने दिया जी-23 नेताओं को स्पष्ट संदेश- मीडिया के जरिए नहीं, सीधे करें बात



नई दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भाग लेती सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** कार्यसमिति की बैठक में शनिवार को सोनिया गांधी ने पार्टी के नाराज नेताओं और अन्य आलोचकों को कड़ा और स्पष्ट जवाब देते हुए कहा कि वह पार्टी की स्थायी अध्यक्ष हैं। पार्टी का कोई भी नेता उनसे बात करने के लिए मीडिया का सहारा ले, बल्कि सीधे बात करे। संशय को दूर करते हुए कार्यसमिति ने नए अध्यक्ष का चुनाव अगले साल अगस्त-सितंबर में कराने का निर्णय लिया है। पार्टी अध्यक्ष का चुनाव कराने और आंतरिक संवाद कायम करने के लिए सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, शशि थरूर, पी चिदम्बरम समेत 23 वरिष्ठ नेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कार्यसमिति की बैठक में सोनिया गांधी ने कहा कि यदि आप मुझे बोलने की इजाजत दें तो मैं पूर्णकालिक और सक्रिय अध्यक्ष हूं।

जी-23 समूह के इन नेताओं को कड़ी नसीहत देते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि मैंने सदा स्पष्टवादिता की सराहना की है। मुझसे मीडिया के जरिए बात करने की जरूरत नहीं है। इसलिए हम सभी यहां खुली और ईमानदार चर्चा करते हैं, लेकिन इस चारदीवारी से बाहर जो बात जाए, वह सीडब्ल्यूसी का सामूहिक फैसला होना चाहिए। बैठक में सोनिया गांधी ने किसान आंदोलन, लखीमपुर खीरी हिंसा, महंगाई, विदेश नीति और चीन की आक्रामकता के मुद्दों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में आगामी विधानसभा चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हमारे सामने कई चुनौतियां आएंगी, लेकिन यदि हम एकजुट एवं अनुशासित रहकर सिर्फ पार्टी के हित पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संगठानात्मक चुनाव के बारे में उन्होंने कहा कि पूरा संगठन चाहता है कि कांग्रेस फिर खड़ी हो, लेकिन इसके लिए पार्टी में एकजुटता, आत्मनियंत्रण और अनुशासन की जरूरत है। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने शनिवार को फैसला किया है कि अगले साल 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच पार्टी अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। इसके साथ ही, यह निर्णय भी लिया गया कि संगठनात्मक चुनावों के मद्देनजर आगामी एक नवंबर से कांग्रेस सदस्यता अभियान चलाएगी, जो अगले साल 31 मार्च तक चलेगा। इसके बाद 15 अप्रैल तक सभी सदस्यों और चुनावों के दावेदारों की सूची जिला कांग्रेस कमेटियों की ओर से प्रकाशित की जाएगी। सोलह अप्रैल से 31 मई के बीच ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों एवं बूथ समितियों के अध्यक्षों का चुनाव होगा। कांग्रेस की ओर से संगठनात्मक चुनाव के घोषित कार्यक्रम के मुताबिक, अगले साल एक जून से 20 जुलाई के बीच जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, कोषाध्यक्षों, उपाध्यक्षों और कार्यकारी (शेष पेज 8)


## राहुल से पार्टी की कमान संभालने का आग्रह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में शनिवार को राहुल गांधी से पार्टी अध्यक्ष बनने का आग्रह किया। राहुल गांधी इस पर राजी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में वह विचार करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी को एक बार फिर पार्टी की कमान संभालनी चाहिए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कई अन्य नेताओं ने इसका समर्थन किया। सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं के आग्रह पर राहुल गांधी ने कहा कि आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं। इस पर विचार करूंगा और समय आने पर फैसला होगा।

# दो और जवानों के शव मिले, अब तक नौ शहीद

**पुंछ एनकाउंटर**



हरेंद्र सिंह



अजय सिंह

● पुलिस और केंद्रीय बलों के अभियान में लश्कर के टॉप कमांडर समेत दो आतंकी भी ढेर

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**पुंछ** के मेंढर तहसील के नर खास वन क्षेत्र में शनिवार देर शाम मुठभेड़ स्थल से दो और शव बरामद होने के साथ ही शहीद होने वाले भारतीय सैनिकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। इनमें दो जेसीओ और सात अन्य रैंक के जवान शामिल हैं। हाल के वर्षों में जम्मू-कश्मीर में किसी भी मुठभेड़ में यह अब तक का सबसे बड़ा नुकसान है।

इस बीच केंद्रीय बलों के एक संयुक्त अभियान में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के पंपोर इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडरों में से एक को उसके सहयोगी के साथ सफलतापूर्वक ढेरकर अपने दो सहयोगियों की हत्या का बदला ले लिया। उमर मुश्ताक खांडे के रूप में पहचाने जाने वाला लश्कर का कमांडर जम्मू-कश्मीर पुलिस के 10 मोस्ट वांटेड (शेष पेज 8)



पुंछ में मुठभेड़ स्थल के पास एक कार की जांच-पड़ताल करते सुरक्षाकर्मी

## आतंकियों ने दो गैर कश्मीरियों की हत्या की

**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर और पुलवामा जिले में शनिवार को अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों ने दो गैर स्थानीय लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मूल रूप से बिहार के बांका जिले के रहने वाले अरविंद कुमार साह (30 वर्षीय) को आतंकवादियों ने शनिवार शाम को श्रीनगर में ईदगाह के पास पार्क के बाहर गोली मारी। उन्होंने बताया कि साह की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने पुलवामा जिले में उत्तर प्रदेश के मूल निवासी और पेशे से कारपेंटर सागिर अहमद को गोली मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बाद में अस्पताल में अहमद की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि ए हत्याएं ऐसे समय हुई हैं जब पुलिस ने दावा किया (शेष पेज 8)

# डीयू में दाखिले के लिए 1.5% तक अंकों में कमी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तीसरी कटऑफ**



**दिल्ली** विश्वविद्यालय (डीयू) में जारी दाखिला प्रक्रिया के तहत इससे संबद्ध कुछ महाविद्यालयों ने शनिवार को स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए तीसरी 'कटऑफ' सूची जारी कर दी। इसमें दूसरी सूची के मुकाबले 0.25 फीसदी से 1.5 फीसदी तक अंकों में कमी आई है। दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज ने कंप्यूटर साइंस में बीएससी (ऑनर्स) के लिए तीसरी कटऑफ सूची जारी की, जिसमें दूसरी सूची के मुकाबले डेढ़ फीसदी तक कम अंक वाले विद्यार्थियों को दाखिला देने की पेशकश की गई है।

कॉलेज ने पहली कटऑफ सूची 100 फीसदी अंक वालों के लिए जारी की थी, लेकिन इस पाठ्यक्रम के लिए कोई आवेदन (सामान्य वर्ग) नहीं मिला, जिसके बाद कटऑफ अंक 98.5 फीसदी किया गया। अब कॉलेज इस पाठ्यक्रम में 97 फीसदी वालों को दाखिला देने की पेशकश कर रहा है। हालांकि, इस पाठ्यक्रम के वास्ते अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कोटे की सीटें पहली ही सूची के बाद भर गई थीं। दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज ने वनस्पतिशास्त्र और रसायन शास्त्र विषय में बीएससी (ऑनर्स) करने के लिए तीसरी कटऑफ सूची में अंक क्रमशः 93.33 फीसदी और 96.33 फीसदी तय किया है।

वहीं छात्राओं को इन विषयों में एक फीसदी अंक की अतिरिक्त छूट मिलेगी। आर्यभट्ट कॉलेज ने भी अपनी तीसरी कटऑफ सूची में 0.25 फीसदी से 1.5 फीसदी तक अंको में कटौती की है। कॉलेज ने सबसे अधिक कटऑफ मनोविज्ञान में बीए (ऑनर्स) के लिए 98.5 फीसदी तय किया था (शेष पेज 8)

## बांग्लादेश में दुर्गापूजा पर हिंसा में एक और हिंदू श्रद्धालु की मौत

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश** में दुर्गापूजा का त्योहार संपन्न हो गया, जबकि सांप्रदायिक अशांति एवं हिंसा के बीच एक और हिंदू श्रद्धालु मृत पाया गया। दुर्गापूजा त्योहार के दौरान कथित ईशनिंदा को लेकर अज्ञात मुस्लिम कट्टरपंथियों ने मंदिरों में तोड़फोड़ की और हिंसा फैलाई जिस कारण आधा दर्जन से अधिक जिलों में अर्द्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा। अधिकारियों ने रात के दौरान पूरे देश में सुरक्षा बढ़ा दी, जबकि अधिकारियों ने कहा कि शुरुआती जांच में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दुर्गापूजा त्योहार के दौरान हिंसा के षड्यंत्रकारियों के खिलाफ महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। अर्द्धसैनिक बल बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने 64 प्रशासनिक जिलों में से 34 जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी है। प्रतिष्ठित अपराध रोधी रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने कहा कि पिछले तीन दिनों के दौरान हुई हिंसा के कुछ षड्यंत्रकारियों को वह गिरफ्तार कर सकती है। गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल ने (शेष पेज 8)

# केरल में भारी बारिश, छह की मौत

● एक दर्जन लापता, राज्य सरकार ने सेना से सहायता मांगी

**पायनियर समाचार सेवा।** कोट्टयम, इडुकी



कोट्टयम में भारी बरसात के बाद जमा पानी में आधी डूबी बस

**केरल** के दक्षिण और मध्य हिस्से में शनिवार को भारी बारिश की वजह से कई स्थानों पर अचानक आई बाढ़ और कई स्थानों पर भूस्खलन से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जबकि करीब एक दर्जन लोग लापता हैं। बारिश के कारण भयावह हुई स्थिति के मद्देनजर राज्य सरकार को राहत और बचाव कार्य के लिए सेना से मदद का अनुरोध करना पड़ा है।

देश के इस दक्षिणी राज्य में बारिश जनित घटनाओं की वजह से कई लोग घायल हुए हैं जबकि कई विस्थापित हुए हैं। राज्य के अधिकतर बांध अपनी पूरी क्षमता से भर चुके हैं और भूस्खलन की वजह से पहाड़ों में बसे कई छोटे कस्बे और गांव शेष दुनिया से कट गए हैं। कोट्टयम, इडुकी और पथनमथिट्टा जिलों के पहाड़ी इलाकों में कुछ ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हो गई है जैसी स्थिति वर्ष 2018 और 2019 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान उत्पन्न हुई थी। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है और भयभीत होने की जरूरत नहीं है। दावे के बावजूद राज्य पुलिस और दमकल विभाग की राहत टीम बाढ़ और खराब मौसम की वजह से प्रभावित इलाकों तक नहीं पहुंच पा रही है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा, स्थिति गंभीर है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नवीनतम मौसम पूर्वानुमान संकेत दे रहा है कि हालात अब इससे अधिक खराब नहीं होंगे। अधिकारियों ने बताया कि थलसेना, वायुसेना और नौसेना के जवान कोट्टयम के कूट्टीकल और इडुकी के पेरुवनथानम पहाड़ी गांव पहुंच रहें हैं जहां पर नदी कई घरों को बहा ले गई है और कई लोग विस्थापित हुए हैं। भूस्खलन प्रभावित इन गांवों के पड़ोस में पहुंचे राज्य के सहकारिता मंत्री वीएन वासन ने बताया कि दो महिलाओं और एक बच्चे का शव तलाशी अभियान के दौरान निकाला गया है जबकि घटना में मारे गए एक पुरुष के शव की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन गांवों से 12 लोग लापता हैं।

पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में इडुकी जिले के कंजर में कार के बाढ़ में बह जाने से उसमें सवार 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। उसका शव बरामद कर लिया गया है। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, आवश्यकताओं को पूरा (शेष पेज 8)

# शव पर 34 गहरे घाव, हत्या में अकेला नहीं सरबजीत

**सिंघु बॉर्डर हत्या**

● मुख्य आरोपी सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा, अमृतसर से एक और गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अमृतसर

**राजधानी** के सिंघु बॉर्डर पर किसानों के प्रदर्शन स्थल पर दलित व्यक्ति की पीटकर हत्या करने और शव के साथ नृसंशता के मामले में शनिवार को एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर सोनीपत की एक अदालत ने मुख्य आरोपी सरबजीत सिंह को शनिवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। आरोपी ने इस जघन्य हत्या में कुछ और लोगों के शामिल होने का संकेत दिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि मृत व्यक्ति के शरीर पर घाव के 34 निशान मिले हैं।

अमृतसर पुलिस ने शनिवार को बताया कि सिखों के निहंग से संबंधित नारायण सिंह को अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने अमृतसर जिले के जंडियाला गुरु के पास अमरकोट गांव से गिरफ्तार किया। पंजाब के तरन तारन जिले के मजदूर लखबीर सिंह का शव शुक्रवार को दिल्ली-हरियाणा सीमा पर एक अवरोधक से बंधा हुआ पाया गया था, जहां नए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे लोग डेरा डाले हुए हैं। सिंह का एक हाथ कटा हुआ मिला और शरीर पर धारदार हथियारों के कई घाव मिले थे।

इस वारदात के कुछ घंटों बाद निहंग सिख की तरह नीले कपड़े पहना एक व्यक्ति सरबजीत मीडिया के समक्ष पेश हुआ और दावा किया कि उसने सिखों के एक पवित्र ग्रंथ की बेअदबी के लिए पीड़ित को सजा दी। लखबीर सिंह का शनिवार को तरन तारन में उसके पैतृक गांव में कड़ी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार किया गया। सोनीपत पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरबजीत ने पूछताछ के दौरान चार और लोगों के नाम बताए हैं और घटना में उनकी (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,305 | |
| निफ्टी | 18,338 | |
| सोना | 46,987 | /10g |
| चांदी | 61,926 | /kg |

## क्विक न्यूज

### चीन और भूटान ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि सीमा संबंधी वार्ता में तेजी लाने के लिए तीन चरणों वाले रोडमैप को मजबूत करने और थिम्पू के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने में सार्थक योगदान के वास्ते उसने भूटान के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। दोनों देशों ने चीन-भूटान सीमा वार्ता में तेजी लाने के लिए 14 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले चीन के सहायक विदेश मंत्री वू जियानघाओ ने कहा, मेरा मानना है कि आज जिस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है, वह दोनों देशों के बीच सीमा तय करने संबंधी बातचीत को तेज करने और राजनयिक संबंध स्थापित करने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने मे सार्थक योगदान देगा।

# कोर्ट ने कुछ मामलों में ऑनलाइन याचिका दायर करना अनिवार्य बनाने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने न्यायपालिका के डिजिटलीकरण की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए देश के सभी उच्च न्यायालयों से उनके समक्ष कुछ निश्चित मामलों में दायर होने वाली याचिकाओं को अगले साल एक जनवरी से ई-फाइलिंग (ऑनलाइन दाखिल करना) अनिवार्य करने को कहा। शीर्ष अदालत की ई-समिति के अध्यक्ष ने नौ अक्टूबर को भेजे पत्र में सभी उच्च न्यायालयों की रजिस्ट्री से कहा, वे एक जनवरी, 2022 से सभी प्रकार के मामलों में सरकार द्वारा दायर मामलोंयाचिकाओं की ई-फाइलिंग अनिवार्य किया जाना सुनिश्चित करें। इस तारीख के बाद सरकार द्वारा किसी भी मामले में भौतिक रूप से याचिका दायर नहीं की जानी चाहिए। इस पत्र को कोविड-19 महामारी के दौरान न्यायपालिका की कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किए जाने के बीच अदालतों को तकनीक से और अधिक लैस किए जाने के नजरिए से भी अहम माना जा रहा है। उच्च न्यायालयों को लिखे गए पत्र के मुताबिक, ई-फाइलिंग को उन सभी मामलों के लिए अनिवार्य किया जाएगा, जिन्हें उच्च न्यायालय द्वारा उपयुक्त पाया जाता है, जैसे राजस्व, कर, मध्यस्थता, वाणिज्यिक विवाद और किसी भी अन्य श्रेणी को लेकर। पत्र में कहा गया कि धन वसूली के वाद, चेक बाउंस की शिकायतें, भरण-पोषण के लिए आवेदन, आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका और जमानत संबंधी आवेदनों को भी अनिवार्य ई-फाइलिंग के तहत विचार किया जा सकता हैं।

## गिलानी का पोता सरकारी नौकरी से बर्खास्त

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**पाकिस्तान** समर्थक सैयद अली शाह गिलानी के पोते और डोडा के एक शिक्षक को जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों का कथित तौर पर साथ देने के लिए सरकारी नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिलानी के पोते अनीस उस सलाम और शिक्षक फारूक अहमद बट की बर्खास्तगी के साथ ही केंद्र शासित क्षेत्र में पिछले छह महीने में सरकारी नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है। इससे पहले सेवा से निकाले गए लोगों में पाकिस्तान स्थित हिज्बुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन के दो बेटे और दागी पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह शामिल हैं। सिंह को एक वांछित आतंकवादी तथा दो अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था। उप राज्यपाल ने इन्हें संविधान के अनुच्छेद 311 (दो) में (शेष पेज 8)

# दस में से तीन लोग हाथ धोने की सुविधा से वंचित

● यूनिसेफ ने ग्लोबल हैंड वाशिंग डे पर जारी किए आंकड़े, अति पिछले देशों में हालात और भी खराब

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

**यूनिसेफ** के अनुसार कोविड-19 महामारी के बीच इस घातक वायरस से बचाव के लिए हाथ धोना एक नया जरूरी नियम बन गया है, लेकिन विडंबना कि बात यह है कि विश्व स्तर पर 10 में से तीन या 230 करोड़ (2.3 अरब) लोगों के पास हाथ धोने के लिए घर पर पानी और साबुन जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे लोगों को कोरोना वायरस से संक्रमित होने का जोखिम अधिक है।

संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने 15 अक्टूबर को मनाए गए ग्लोबल हैंड वाशिंग डे पर जारी आंकड़ों के हवाले से कहा कि सबसे कम विकसित देशों में हालात बदतर हैं, जहां 10 में से 6 लोगों तक हाथ धोने की बुनियादी सुविधा नहीं पहुंच पाई है। दुनिया के सबसे कम विकसित 46 देशों में वर्ष 2030 तक सभी घरों में हाथों की स्वच्छता प्रदान करने की लागत 11 अरब डॉलर आने का अनुमान है। फिलहाल राहत की बात यह है कि वर्ष 2015 के बाद से हुए विकास के बाद घर पर बुनियादी हाथ धोने वाली वैश्विक आबादी 5 अरब से बढ़कर 5.5 अरब या 67 फीसदी से 71 फीसदी हो गई है। अगर वर्तमान हालात को अगर आधार माना जाए तो इस दशक के अंत तक 1.9 अरब लोगों के पास हाथ धोने की बुनियादी सुविधा तक पहुंच नहीं होगी।

ताजा अनुमानों के अनुसार दुनिया भर में पांच में से दो स्कूलों में पानी और साबुन के साथ बुनियादी स्वच्छता सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे 81.1 करोड़ छात्र प्रभावित होते हैं, जिनमें से 46.2 करोड़ बिना किसी सुविधा के स्कूलों में जाते हैं। सबसे कम विकसित देशों के 10 में से सात स्कूलों में बच्चों के हाथ धोने के लिए कोई जगह नहीं है। दुनिया भर में एक तिहाई स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में देखभाल के बिंदुओं पर हाथ की स्वच्छता की सुविधा नहीं है, जहां रोगी बीमारी के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों के संपर्क में आते हैं। यूनिसेफ वॉश के निदेशक केली एन नायलर ने एक बयान में कहा कि महामारी से (शेष पेज 8)

### दुनिया में स्वास्थ्य संबंधी चौंकाने वाले आंकड़े

- पांच में से दो स्कूलों में पानी और साबुन के साथ बुनियादी स्वच्छता सेवाएं नहीं हैं। इससे 81.8 करोड़ छात्र प्रभावित होते हैं।
- सबसे कम विकसित देशों में 10 में से 7 स्कूलों में बच्चों के हाथ धोने के लिए कोई जगह ही नहीं।
- बेहद गरीब 46 देशों में 2030 तक सभी घरों में हाथों की स्वच्छता प्रदान करने की लागत 11 अरब डॉलर आएगी।

# ग्रेनो से बल्लभगढ़ चंद मिनटों में पहुंचेंगे

## 31 किमी. की दूरी तय करने में लगता है अभी घंटो का समय, 6 लेन का हाईवे बनाने की प्रक्रिया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा से फरीदाबाद और बल्लभगढ़ समेत हरियाणा के दूसरे इलाकों में यात्रा करने वाले लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रेटर नोएडा से बल्लभगढ़ तक 6 लेन हाईवे बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके बनने से ग्रेटर नोएडा से बल्लभगढ़ चंद मिनटों में पहुंचा जा सकेगा। अब तक शहर से बल्लभगढ़ या फरीदाबाद जाने के लिए पलवल और दिल्ली के रास्ते घूमकर जाना पड़ता है। इस वजह से 31 किलोमीटर की दूरी तय करने में घंटों का वक्त लगता है। ट्रैफिक जाम की वजह से यह सफर और दुश्वार हो जाता है। लेकिन नए हाईवे के तैयार होने से ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलने के साथ-साथ समय की बचत होगी।

दरअसल, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से जोड़ने के प्रस्ताव पर काम शुरू हुआ है। इसके तहत हरियाणा के बल्लभगढ़ से जेवर तक 31 किलोमीटर लंबा 6 लेन का हाईवे बनाया जाएगा। इस प्रस्तावित रूट का सर्वे हो चुका है और डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी एसए इंफ्रास्ट्रक्चर को सौंपी गई है। जल्दी ही एजेंसी डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करेगी।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले महीने इसकी घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि ग्रेटर नोएडा को बल्लभगढ़ से जोड़ने के लिए 6 लेन का ग्रीन फील्ड हाईवे बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 2100 करोड रुपए की लागत आएगी। इसके तैयार होने के बाद न सिर्फ जेवर एयरपोर्ट बल्कि ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे से आने वाले लाखों मुसाफिर चंद मिनटों में ही बल्लभगढ़ और फरीदाबाद पहुंच सकेंगे। उन्हें दिल्ली या पलवल घूमते हुए नहीं जाना पड़ेगा।

जानकारी के मुताबिक इस रूट के लिए जेवर के 4 गावों की 132 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने अपर जिलाधिकारी एडीएम को भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। एनएचएआई ने आगे बढ़ने से पहले सर्वे में चिन्हित किए गए जेवर तहसील के 132 हेक्टेयर भूमि के नंबरों को सत्यापन के लिए भेजा है।

बताते चलें कि जेवर एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का काम एनएचएआई कर रही है। इसके तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को हरियाणा के बल्लभगढ़ में एक्सप्रेसवे से कनेक्ट किया जाएगा। इसके बीच की दूरी करीब 31 किलोमीटर है। इसमें 6 लेन हाईवे बनाया जाएगा। इसमें करीब 24 किलोमीटर का हिस्सा हरियाणा में आएगा, जबकि 7 किमी का हिस्सा गौतमबुद्धनगर में आएगा।

# गौतमबुद्धनगर में एक दशक बाद मिले डेंगू के सबसे ज्यादा मामले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● महज तीन दिन में 50 नए मरीजों की पुष्टि

पिछले तीन दिनों में गौतमबुद्धनगर में डेंगू के कुल 50 नए मामले दर्ज किए गए हैं। नए मरीजों की संख्या के साथ ही इस साल डेंगू के मामले 193 हो गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक यह पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक है। जिले में 13 अक्टूबर को डेंगू के 157 मामले दर्ज हुए थे। 14 अक्टूबर को बढ़कर इनकी संख्या 178 और 15 अक्टूबर को 193 हो गई थी।

जनपद में दो स्वीकृत लैब में प्रतिदिन 15-20 नए मामलों की पुष्टि हो रही है। जिले के कई निजी अस्पतालों ने बताया कि उनके यहां सभी बेड डेंगू के मरीजों से भरे हुए हैं। कई अस्पतालों में बेड खाली नहीं हैं। हालांकि हॉस्पिटल का कहना है कि इनमें से अधिकांश मामलों को स्वास्थ्य विभाग की टैली में नहीं जोड़ा जा रहा है। इस बीच जिले के चार स्क्रब टाइफस मरीजों का इलाज कर उन्हें छुट्टी दे दी गई है। लेप्टोस्पायरोसिस के चार मरीज भी मिले हैं जिनमें से तीन ठीक हैं। जबकि एक का अभी इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि भले ही जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या चिंताजनक हैं। मगर एनसीआर के अन्य जिलों की तुलना में गौतमबुद्धनगर में अब तक मामले कम हैं। इस साल अब तक किसी एक इलाके से ज्यादा मामले नहीं मिले हैं। पिछले कुछ वर्षों में निठारी और छिजारसी डेंगू हॉटस्पॉट के रूप में उभरे थे।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा के सेक्टर-62 स्थित वीर कुंवर सिंह शोध संस्थान के सम्राट पृथ्वीराज चौहान भवन में हवन करते राजपूत समाज के लोग। फोटो : दीपक यादव

### राजपूत समाज ने किया शस्त्र पूजन

**नोएडा।** सेक्टर-62 में स्थित वीर कुंवर सिंह शोध संस्थान के सम्राट पृथ्वीराज चौहान भवन में क्षत्रिय समाज ने शुक्रवार को हवन, यज्ञ एवं शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर क्षत्रिय समाज के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक दूसरे को विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सबके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर आपसी सहमति से कुछ फैसले भी लिए गए। कार्यक्रम की जानकारी अध्यक्ष मान सिंह चौहान ने दी। उन्होंने प्रांगड़ में उपस्थित सभी बंधुओं को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। सबके उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की मंगलकामना की। महासचिव करतार सिंह चौहान ने बताया कि भवन में एक राष्ट्रीय स्तर का पुस्तकालय बनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें राजपूतों का इतिहास एवं अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी।

### मिशन शक्ति: महिला उद्यमी पारुल शुक्ला सम्मानित



**मेरठ।** प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मेरठ की महिला उद्यमी पारूल शुक्ला को मिशन शक्ति के तहत सम्मानित किया गया। 'मिशन शक्ति' का यह कार्यक्रम भागीरथी आर्य कन्या इंटर कॉलेज लालकुर्ती मेरठ कैंट ने किया था। स्कूल प्रधानाचार्या सागर लता सागर ने पारूल शुक्ला को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। खास बात यह है कि पारूल शुक्ला एक महिला उद्यमी है और स्वाटकेट कम्युनिकेशन नामक कंपनी को संचालित करती हैं। यह कंपनी संपूर्ण भारत में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को सराबोर कर दिया।

### डिवाइडर से टकराई कार, महिला की मौत

**नोएडा।** कोतवाली बीटा-टू क्षेत्र में 130 मीटर रोड पर गुरुवार रात कार की स्टीयरिंग लॉक होने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार पति-पत्नी घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजन को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**नोएडा।** जिले में अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार रात अब्दुल फारूक (23) मोटरसाइकिल से नोएडा एक्सप्रेस-वे के रास्ते दिल्ली जा रहे थे। एक ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। अत्यंत गंभीर हालत में फारुक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्रवक्ता ने बताया कि थाना कासना क्षेत्र के घंघोला गांव के पास एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। घटना में नीतीश कुमार (22) की मौत हो गई।

# सोसाइटी में मारपीट करने वाले दो भाइयों को पुलिस ने दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-120 स्थित एक सोसाइटी में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 2 भाइयों को गिरफ्तार किया है।

थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रही थी, जिसमें अम्रपाली जोडियक सोसाइटी में कुछ लोगों के बीच मारपीट करने की बात सामने आ रही थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में ज्योति भूषण ने थाना फेस-3 में बीती रात को मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने आरएस बोरा और उनके दो बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरएस बोरा द्वारा बीच-बचाव किया जा रहा था। जबकि उनके बेटे रिदम और सक्षम ने मारपीट की थी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने सिक्योरिटी गार्ड से सामान ढ़ोने वाली ई.कार्ट गाड़ी की मांग की थी। जिस बात को लेकर विवाद हुआ था।

# ग्रेनो के सेक्टरों में बनेंगी हाउसिंग सोसाइटी

● योगी सरकार ने पहली बार निकाली योजना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शहर के सेक्टर जीटा-1ए ईटा-2 और सिग्मा-3 में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी बनेंगी। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में पहली बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग की योजना लांच की है। प्राधिकरण ने 3 सेक्टरों में ग्रुप हाउसिंग के लिए 4 भूखंड निकाले हैं। बोली के जरिए इन भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। इनका आधार मूल्य 32290 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है। इसके लिए आवेदक 18 अक्टूबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।

मौजूदा सरकार के कार्यकाल में अभी तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में ग्रुप हाउसिंग के भूखंडों की योजना नहीं निकाली थी। अब ग्रुप हाउसिंग की योजना निकाली गई है। प्राधिकरण में सेक्टर जीटा-1 व ईटा-2 में एक-एक भूखंड और सेक्टर सिग्मा-3 में दो भूखंड निकाले हैं। ये भूखंड 24 हजार वर्ग मीटर से लेकर 40 हजार वर्ग मीटर तक के हैं।

प्राधिकरण ने 32290 रुपये प्रति वर्ग मीटर इनका आधार मूल्य रखा है। इन भूखंडों का आवंटन बोली के जरिए किया जाएगा। बताया जाता है कि इससे पहले प्राधिकरण ने 2014 में ग्रुप हाउसिंग योजना निकाली थी। उस समय आधार मूल्य करीब 26000 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया था। इस बार आधार मूल्य बढ़ा दिया गया है। आवेदक 18 अक्टूबर से आवेदन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतों का निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को लगाए गए सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 118 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें मात्र 12 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण कराया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को भी विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

**PUBLIC NOTICE**

My client Smt. Manjeet Kaur W/o Late S. Surjeet Singh R/o G-18A, Backside, Vijay Nagar, Delhi and her family has severed their relations from her Son S. Kulwant Singh and his wife Smt. Manpreet Kaur, from today and disowned /disinherited them from her all movable and immovable properties, as relations, attitude and behavior of Smt. Manpreet Kaur with my client is not good and torturous and if any person deals with them shall be doing so at his/her own risk and responsibilities and my client shall not be responsible for the same.

Sarika Jain (Advocate)
Ch. No. 307, Lawyers Chamber,
Rohini Courts, Delhi

**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Mithlesh Devi is owners of Property bearing No. C-5/4A One Shop on Ground Floor (without roof rights) area measuring 110 sq. yds. (on road side) and another one Shop on Ground Floor (without roof rights) area measuring 41.66 sq. yds. (eparate entry from Gali No. 1) and First Floor (without roof rights) area measuring 200 sq. yds. out of Khasra No. 391/1 situated at Village Ghonda, Gujran Khadar, Block-C, Bhajan Pura, Illaqa Shahdara, Delhi vide Relinquishment Deed dated 20/03/201Document no. 471, executed by Mr. Karan Chaudhary and Mrs. Shalu Bansal and Now, Mrs. Mithlesh Devi is mortgaging the above said property/floor with Fullerton India Credit Company Limited& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Naresh Kumar Gupta, Mr. Ashwani Arora, Mr. Naresh Sharma and Mr. Sandeep Mittal are owners of First Floor (Back side Portion ) of Property bearing No. RZ-94 built on Plot No. 94 area measuring 100 sq. yds. out of Khasra No. 333, situated at Village Nasirpur, Delhi State Delhi, West Sagarpur, New Delhi vide Sale Deed dated17.11.2020Document no. 7651, executed by Mrs. Trishla Sharma through her GPA Mr. Naresh Kumar Gupta, Mr. Ashwini Arora, Mr. Naresh Sharma and Mr. Sandeep Mittal and Now, Mr. Naresh Kumar Gupta through GPA Mr. Gaurav Gupta, Mr. Ashwani Arora, Mr. Naresh Sharma and Mr. Sandeep Mittal are intending to sell the above said property/FloortoMr. Sanjeev Kumar and Mrs. Punam who are mortgaging the above said property/floor with Fullerton India Home Finance Co. Ltd.& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

# लाइनपार में नलकूप लगाने की योजना को झटका

## कसैला और खारा पाया गया भूजल, जन निगम ने गाजियाबाद नगर निगम को भेजी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



फाइल फोटो

लाइन पार क्षेत्र में नौ इलाकों का भू जल कसैला व खारा पाए जाने पर जल निगम ने यहां नलकूप लगाए जाने से मना कर दिया है। इस संबंध में जल निगम ने नगर निगम को एक बड़ी रिपोर्ट बनाकर भेजी है।

लाइन पार क्षेत्र में सरकार की अमृत निधि योजना के तहत 82 करोड़ की लागत से 29 नए नलकूप लगाने की योजना है, इनमें से 9 नलकूप लगाने से जल निगम ने साफ मना कर दिया है कारण इन इलाकों का भूजल कसैला और खारा पाया गया है। जिन इलाकों में जमीन के अंदर का पानी खारा और कसैला मिला है वहां नलकूप लगाने का कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। जिन इलाकों में काम रोका गया है उनमें प्रताप विहार सेक्टर 12 में तीन ,चरण सिंह कॉलोनी में 1 , गऊ पूरी और भूड भारत नगर इलाके में 11 और विजय नगर पानी की टंकी के समीप एक नलकूप लगाने का प्रस्ताव था।

गाजियाबाद के विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग ने लाइनपार क्षेत्र में मीठे पानी की कमी दूर करने के लिए इस मामले में पैरवी की थी।

मीठे पानी की यह योजना लगभग 3 वर्ष पहले तैयार की गई थी। जल निगम ने इस इलाके में नो ऐसे स्थान चिन्हित किए हैं ,जहां भूजल स्तर पर पानी का स्वाद कसैला और खारा है। सूत्रों का कहना है कि इस पूरे इलाके में 72 एमएलडी पानी की जरूरत है लेकिन अभी फिलहाल 45 एमएलडी की ही सप्लाई हो पा रही है। नए 29 नलकूप लगाकर यहां पानी की सप्लाई बढ़ाने की योजना थी।



मुरादनगर में जनसभा को संबोधित करते आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी।

# विस चुनाव में उखाड़ फेकेंगे योगी सरकार को : जयंत

## मुरादनगर में आशीर्वाद पथ जनसभा का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शनिवार को यहां कहा कि देश भर के किसान अपने हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई में उनका साथ दे रहा है। उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी व प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोलते हुए किसान विरोधी सरकार बताया।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में किसान भाजपा व योगी सरकार को सबक सिखा देंगे। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि बजरंग बली हनुमान की तरह अपनी शक्ति को पहचाने और 2022 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फैंके।

चौ. जयंत मुरादनगर के रावली रोड पर आयोजित आशीर्वाद पथ सभा को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसान की जाति केवल किसान होती है। वे किसानों की लड़ाई में हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ हैं, साथ थे और साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बावजूद केंद्र सरकार किसानों को मात्र 6 हजार रूपये सालाना किसान सम्मान निधि देकर बहका रही है। उन्होंने सभी किसानों के लिए सालाना 12 हजार सम्मान निधि दिए जाने की मांग की।

## जहरीली गैस की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**नोएडा।** शहर के सेक्टर-60 स्थित एक कंपनी में सीवर की सफाई करते समय जहरीली गैस की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि प्रांजुल रंजन राउत (45) एक कंपनी में कल सीवर की सफाई करने गए थे। राउत सफाई करने के लिए सीवर के टैंक में उतरे। इस दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से वह बेहोश हो गए।

# गौतमबुद्धनगर जिला कांग्रेस में बड़ा फेरबदल

## महानगर अध्यक्ष राम कुमार तंवर, जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कांग्रेस ने गौतमबुद्धनगर में बड़ा बदलाव किया है। नोएडा महानगर अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को हटा दिया गया है। नोएडा महानगर अध्यक्ष राम कुमार तंवर को बनाया गया है, जबकि गौतमबुद्ध नगर का जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा को नियुक्त किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 10 जिला और महानगर अध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से नियुक्त किया गया है। जिस पर अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सहमति दी है। नोएडा महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष बने राम कुमार तंवर ने एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस से राजनीतिक जीवन शुरू किया है। बिशनपुरा सेक्टर.58 के निवासी रामकुमार तंवर को कांग्रेस पार्टी ने अहम जिम्मेदारी देते हुए नोएडा महानगर कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया है। इससे पूर्व रामकुमार कांग्रेस में कई पदों पर रह चुके हैं।

तंवर यूथ कांग्रेस और अभी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष थे। नोएडा महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर रामकुमार तंवर ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने जो विश्वास दिखाया है उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। रामकुमार ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सह.प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू का आभार जताया है।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनजीत सिंह अरोड़ा/ कवलजीत कौर अरोड़ा/ सिमरनजीत सिंह/ LBDEL00004698911/ LBDEL00004715225 | प्लॉट नंबर:- 2634, पूरी दूसरी मंजिल का हिस्सा बिना रूफ/टेरेस अधिकारों के, हडसन लाइन्स, किंग्सवे कैंप, दिल्ली/12 अक्टूबर 2021 | जून 16, 2021 ₹ 79,72,567/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | शिव नारायण/ राज कुमारी/ डोना डोनी फैशन प्राइवेट लिमिटेड/ LBDEL00002442625/ LBDEL00002442383 | प्लॉट नंबर-211, तीसरी मंजिल, छत के अधिकारों के साथ, टैगोर पार्क, दिल्ली/ 12 अक्टूबर, 2021 | जून 23, 2021 ₹ 3,04,08,337/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | मुकेश तिवारी/ पुनीत तिवारी/ LBDEL00001900929 | 11सी, दूसरी मंजिल ब्लॉक- डब्ल्यूपी, श्रेणी-एलआईजी, पीतम पुरा दिल्ली दिल्ली दिल्ली/ 12 अक्टूबर 2021 | जून 19, 2021 ₹ 11,37,670/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | ऋचा झा/ प्रभु चंद्र मिश्रा/ LBGUR00002928099 | फ्लैट नंबर-69, ब्लॉक नंबर-बी, फ्लोर-2 प्लॉट/ अपार्टमेंट नंबर-35, कल्लोल अपार्टमेंट, आईपी एक्सटेंशन पटपड़गंज, दिल्ली/ 12 अक्टूबर, 2021 | मई 29, 2021 ₹ 75,83,211/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: अक्टूबर 16, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# गाजियाबाद में कल से शुरू होगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

## इस बार आयुष्मान कार्ड और परिवार नियोजन कार्यक्रम भी होगा शामिल

● पूरे जनपद में स्वास्थ्य विभाग माइक के जरिए चलाएगा जागरूकता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




जनपद में सोमवार से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज होगा। यह अभियान पूरे एक माह (17 नवंबर) तक चलेगा। अभियान में संचारी रोगों से बचाव के उपायों के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने बताया जिलाधिकारी के निर्देशन में सभी संबंधित विभागों ने अभियान के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर लिया है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह सोमवार को जिला एमएमजी अस्पताल से अभियान का शुभारंभ करेंगे। अभियान के नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. राकेश कुमार गुप्ता ने बताया विशेष अभियान में संचारी रोग से बचाव के अलावा आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों को भी चिन्हित कर कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत ऐसे परिवार चिन्हित किए जाएंगे जिन्हें परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाने की ज्यादा जरूरत है।

ऐसे दंपति की काउंसलिंग कर उन्हें परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। खासकर तीन से अधिक बच्चों वाले दंपति को परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा नवविवाहित दंपति और एक वर्ष से छोटे बच्चे के माता-पिता को तीन वर्ष का सुरक्षित अंतर रखने के लिए परिवार नियोजन के अस्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

परिवार नियोजन से संबंधित सभी सेवाएं हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस के मौके पर सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहती हैं। नोडल अधिकारी ने बताया स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरी क्षेत्र में 15 और देहात में 12 वाहनों से माइक के जरिए पूरे माह लोगों को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने कहा डेंगू से दिवाली तक ज्यादा सचेत रहने की जरूरत है। उसके बाद तापमान गिरने पर मच्छरों के लिए अनुकूल समय नहीं रहता है। इसलिए दिवाली तक मच्छरों से अपना बचाव करें। इसके लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। बच्चों को पूरे कपड़े पहनाकर ही घर से बाहर भेजें।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# जहरीली होने लगी दिल्ली-एनसीआर की हवा

## कई इलाकों में रेड जोन में पहुंचा एक्यूआई, नोएडा व गाजियाबाद में 400 के पार

**संजय राय।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

केंद्र और दिल्ली सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी सर्दी आने से पहले एक बार फिर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नोएड, ग्रेटर नोएड और गाजियाबाद में हवा धीरे-धीरे जहरीली होने लगी है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब स्थिति में दर्ज किया गया है। आनंद विहार, पटपड़गंज, पंजाब बाग, शादीपुर, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंडका, ओखला फेस-2, बवाना, मथुरा रोड समेत कई इलाकों में यह 300 के पार पहुंच गया है जबकि सामान्य स्थिति में संख्या 100 के भीतर होनी चाहिए।

मौसम की बदली परिस्थितियों और पराली के धुएं के असर से दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ने लगा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार शनिवार शाम आठ बजे एनसीआर के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ से ऊपर पहुंच गया है। हवा की गुणवत्ता खराब से बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई गई। बवाना में 334, चांदनी चौक 299, आईजीआई टर्मिनल-तीन 320, जेएनयू स्टेडियम 311, मुंडका 314, मंदिर मार्ग 302, ओखला फेस-दो 325, पटपड़गंज 356, पंजाबी बाग 320, शादीपुर 385, वहीं वसुंधरा गाजियाबाद में 370, नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा 323, नोएडा सेक्टर -62 में 332 दर्ज किया गया है।

इस बीच प्रदूषण को कम करने की दिशा में दिल्ली सरकार की तरफ से तमाम कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें एंटी डस्ट कैंपेन अहम है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 18 अक्टूबर से रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। वहीं पिछले ही दिनों यह आरोप भी लगाया है कि पड़ोसी राज्यों ने पराली से होने वाले प्रदूषण को लेकर कोई समाधान नहीं किया है, जिसके चलते पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में पराली जल रही है और उसका धुआं दिल्ली आना शुरू हो गया है।

वहीं केंद्रीय वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस बार हरियाणा, पंजाब, और उत्तर प्रदेश में आठ जिलों में इस साल पराली जलाने के मामलों में काफी कमी आई है। इस महीने अब तक पराली जलाने की कुल 1795 घटनाएं दर्ज की गई हैं जबकि पिछले साल इसी समयावधि में 4854 मामले सामने आए थे। आगे भी इस समस्या पर नजर रखनी होगी, क्योंकि अभी यह समस्या पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। आने वाले दिनों में फसलों की कटाई चरम पर होगी, इसलिए पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने होंगे। इसके साथ ही धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकना जरूरी है। निर्माण स्थलों पर धूल न उड़े इसके लिए प्रदूषण के रोकथाम के नियमों को सख्ती से लागू करना होगा, न सिर्फ बड़े निर्माण स्थलों पर बल्कि आवासीय इलाके में भी नियमों का पालन कराने की जरूरत है।

## प्रदूषण से निपटने को वार्ड-वार टीमों का गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- आनंद विहार पर विशेष ध्यान : महापौर



पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने प्रदूषण से निपटने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की वार्ड-वार टीमों का गठन किया गया है ताकि नियमों के पालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जा सके। इसमें मुख्य ध्यान आनंद विहार के हॉटस्पॉट इलाके पर दिया गया है।

ईडीएमसी के मेयर श्याम सुंदर अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि कार्य विभाग, पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग और बागवानी विभाग सहित अन्य विभागों के सदस्यों की कुल 64 टीमों का गठन किया गया है। नियमित रूप से निरीक्षण करने और उसके अनुरूप कार्रवाई करने के लिए ये टीमें, करीब एक हफ्ते पहले गठित की गईं है। अग्रवाल ने कहा कि नियमों के उल्लंघन में निर्माण या भवनों आदि को ध्वस्त करने के स्थल को परदे से नहीं ढंकने से धूल प्रदूषण होना, पत्तियों और कचरा या अन्य कूड़ा को जलाना आदि शामिल हैं। ईडीएमसी के तहत दो क्षेत्र हैं शाहदरा (उत्तर) और शाहदरा (दक्षिण), जिनमें 64 वार्ड हैं। शहर में आनंद विहार का इलाका सहित कई इलाके हॉटस्पॉट हैं।

## फिजा में गुलाबी ठंड का एहसास, बारिश होने के आसार

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में बुधवार को हुई बर्फबारी के चलते उत्तर पश्चमी हवाओं से मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इसका असर दिल्ली एसीआर पर भी दिखाई देने लगा है। इसके साथ ही ठंड ने भी धीरे-धीरे दस्तक देनी शुरू कर दी है। इससे दिल्ली वालों को गुलाबी ठंड का एहसास हो रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, शनिवार से लेकर सोमवार तक बारिश होने के आसार हैं। बारिश होने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार और बुधवार को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। इस बीच पिछले दो दिनों से न्यूनतम तापमान में आंशिक गिरावट देखने को मिल रही है। सुबह और रात के समय मौसम में थोड़ी ठंडक भी बढ़ी है।

## पुलिस अधिकारी के बेटे की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कुछ दिन पहले एक सहायक उप निरीक्षक अधिकारी के बेटे की हत्या करने के मामले के आरोपी को दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

द्वारका के पुलिस उपायुक्त शंकर चौधरी ने बताया कि 15 अक्टूबर की रात द्वारका सेक्टर-23 इलाके में पुलिस ने आरोपी अनिल जून को रोका था लेकिन उसने पुलिस पर तीन गोलियां चलाईं। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी तीन राउंड गोलियां चलाईं, जो आरोपी के घुटने में लगी। जून को इसके बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में दिल्ली पुलिस में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र के बेटे ताकेश की हत्या धन पर विवाद को लेकर कर दी गई थी। इस संबंध में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

## संजय वन में कंटीले तार से बाड़बंदी पर फैसला करे सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- उच्च न्यायालय ने निर्णय लेने के लिए दिया छह सप्ताह का समय

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह संजय वन के चारों ओर 'कंटीले तारों की बाड़बंदी' के खिलाफ आपत्ति पर छह सप्ताह के भीतर फैसला करे। आपत्ति दर्ज कराने वाले का कहना है कि इससे जानवरों को नुकसान हो रहा है।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली ने मुख्य वन्यजीव संरक्षक, वन्यजीव संरक्षक और उप वन संरक्षक (दक्षिण दिल्ली) को निर्देश दिया कि वह छह सप्ताह के भीतर वरहाइन खन्ना द्वारा उठाई गई आपत्ति पर आदेश पारित करें।

खन्ना ने अपनी अर्जी में कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि सुरक्षा दीवार ऐसे बनाई गई है जिससे संजय वन में रहने वाले जानवरों की झील तक की आवाजाही बाधित हो रही है।

दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि उन्हें याचिकाकर्ता के आवेदन पर तेजी से कार्रवाई करने पर कोई आपत्ति नहीं है। न्यायाधीश ने 11 अक्टूबर को दिए आदेश में कहा कि प्रतिवादी के रुख का अध्ययन करने के बाद रिट याचिका का इस निर्देश के साथ निपटारा किया जाता है कि प्रतिवादी याचिकाकर्ता की 25 जून 2019 को दी गई अर्जी पर आज से छह सप्ताह के भीतर तार्किक और स्पष्ट आदेश पारित करेगा।

अदालत ने इसके साथ ही कहा कि वह याचिकाकर्ता के दावे के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रही है। न्यायाधीश ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता को उसकी अर्जी पर पारित आदेश को लेकर शिकायत होगी तो वह कानून में प्रदत्त प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई को स्वतंत्र है।

## प्रदर्शनकारियों को राजधानी की सीमाओं से हटाने की मांग तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- नई याचिका दायर कर तत्काल सुनवाई का अनुरोध

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उस लंबित जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया गया है जिसमें दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शनकारियों को हटाने की मांग की गयी है।

यह याचिका तब दायर की गयी है जब एक दिन पहले सिंघु सीमा पर किसान प्रदर्शन स्थल पर एक व्यक्ति का शव मिला जिसका एक हाथ कटा हुआ था। पंजाब के तरण तारण के रहने वाले लखबीर सिंह (35) का शव किसानों के एक प्रदर्शन स्थल के समीप पुलिस के एक अवरोधक से बंधा हुआ मिला। उसके शरीर पर धारदार हथियारों से 10 घाव के निशान थे और इस घटना के लिए निहंगों के एक समूह को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

घटना का जिक्र करते हुए एक नई याचिका दायर की गयी है जिसमें इस साल मार्च से लंबित जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी जीने के अधिकार से ऊपर नहीं हो सकती और अगर इस प्रदर्शन को इस तरह चलते रहने दिया गया तो देश को बड़े पैमाने पर नुकसान होगा।

स्वाति गोयल और संजीव नेवार ने वकील शशांक शेखर झा के जरिए अपनी लंबित जनहित याचिका में यह अंतरिम अर्जी दायर की।

## राजन बाबू टीबी अस्पताल बेचने की तैयारी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने आरोप लगाया है कि भाजपा की केंद्र सरकार और भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम दोनो में 'बेचो इंडिया कैम्पेन' के तहत सरकारी संस्थानों को बेचने की होड़ में लगी हुई है।

चौ. अनिल ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी देश की सम्पतियों को लगातार बेच रहे है, जिनका आजादी के बाद कांग्रेस की सरकार ने देश और देशवासियों की प्रगति और उत्थान के सुनियोजित तरीके से गठन किया था। उसी तर्ज पर भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम ने पिछले 15 वर्षों के कुशासन में अत्यधिक निगम की संपत्तियों को बेच दिया है। उन्होंने ने कहा कि भाजपा शासित उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने राजन बाबू टीबी अस्पताल की 3 एकड़ जमीन की नीलामी की तैयारी कर रही है जबकि राजन बाबू अस्पताल एशिया का सबसे बड़ा टीबी अस्पताल है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

- मार्केट से 3500 किलोग्राम उठाया कचरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शनिवार को सरोजनी नगर मार्केट में स्वच्छता अभियान चलाते एनडीएमसी के जनस्वास्थ्य विभाग और प्रवर्तन विभाग की टीम।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के जनस्वास्थ्य विभाग और प्रवर्तन विभाग ने शनिवार सुबह सरोजिनी नगर मार्केट शॉपकीपर्स एसोसिएशन और वेंडर्स एसोसिएशन के सहयोग से सरोजिनी नगर मार्केट क्षेत्र में संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाया और जनता से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई।

नई दिल्ली क्षेत्र की सरोजनी नगर मार्किट क्षेत्र में 'नो प्लास्टिक ड्राइव' को सफल बनाने के लिए पालिका परिषद के जन स्वास्थ्य विभाग ने अपने 50 सफाईमित्रों को तैनात किया था, जबकि प्रवर्तन विभाग ने अपने 30 कर्मचारियों को तैनात किया था। इनके साथ सरोजनी नगर मार्केट शॉपकीपर्स एसोसिएशन और वेंडर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में बड़े उत्साह के साथ इन अभियानों में भाग लिया।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मार्किट के स्वयंसेवकों ने मेट्रो स्टेशन के आसपास, गलियों, पार्कों, पार्किंगों और मार्किट क्षेत्र सहित पूरे बाजार में व्यापक सफाई अभियान चलाया। इन क्षेत्रों में बिखरे हुए विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे को उठाया गया।

सरोजिनी नगर मार्किट में चले इस तीन घंटे के सघन अभियान के दौरान पालिका परिषद के प्रवर्तन विभाग के दो ट्रकों और जन स्वास्थ्य विभाग के तीन ऑटो टिपरों में लदा लगभग 3500 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा बाजार क्षेत्र से एकत्र किया गया।

## टीकाकरण की तेजी से कम आ रहे कोरोना के केस

**नई दिल्ली।** पिछले साढ़े तीन महीने से कोरोना वायरस संक्रमण के मामले रोजाना 100 से कम होने का कारण सतत टीकाकरण प्रक्रिया और काफी संख्या में लोगों के पहले ही कोविड-19 से संक्रमित हो जाना है। राष्ट्रीय राजधानी में 29 जून को संक्रमण के 101 मामले आए थे और चार लोगों की मौत हुई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इसके बाद से मामलों की संख्या 100 से कम रही है। पिछले महीने कोविड-19 के कारण केवल पांच मौतें हुई हैं। इस महीने कोविड-19 के कारण अभी तक दो लोगों कीमौत हुई है। एलएनजेपी के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि कम संख्या में मामले आने का कारण सतत टीकाकरण प्रक्रिया है, लेकिन उन्होंने ढिलाई नहीं बरतने की सलाह दी। दिल्ली में काफी तेजी से टीकाकरण चल रहा है।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से मिले दिल्ली के किसान

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार लगातार दिल्ली के किसानों को परेशान कर रही है। काले कानून के तहत दिल्ली सरकार किसानों के हक और अधिकारों को हनन कर रही है। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता से 48 गाँव के दिल्ली देहात के किसान और भूमिहीन किसान अपनी समस्याओं को लेकर मिलने आये थे।

किसानों का कहना था कि पिछले तीन-चार सालों से शहरीकृत गांवों में दाखिल खारिज का काम केजरीवाल सरकार ने बिना किसी लिखित आदेश के बंद कर दिए हैं।

## मरम्मत कार्य के लिए गंगनहर बंद

- जलापूर्ति नहीं होगी बाधित : दिल्ली जल बोर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली जल बोर्ड ने शनिवार को कहा कि पांच नवंबर तक गंग नहर को मरम्मत कार्य के लिए बंद किए जाने के चलते राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होगी।

गंगनहर के जरिए गाजियाबाद समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति होती है। गंग नहर को मरम्मत कार्य के लिए शुक्रवार को बंद किया गया।

जल बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि भूजल के अलावा दिल्ली बड़े स्तर पर यमुना नदी और आंशिक तौर पर गंग नहर के पानी पर निर्भर रहती है। डीजेबी रोजाना करीब 900-950 एमजीडी पानी की आपूर्ति करता है। डीजेबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गंग नहर से बेहद कम पानी आता है इसलिए इस स्थिति से घबराने जैसी कोई बात नहीं है क्योंकि इस कमी को यमुना नदी की आपूर्ति से संतुलित किया जा सकता है। परेशान होने की कोई बात नहीं है।

## राम ने किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, अधर्म का किया था नाश

### हमें अपने अंदर के रावण को समाप्त कर राम रूपी अच्छाइयों को बढ़ावा देना है : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विधानसभा परिसर में रामलीला का मंच करते कलाकार।

विधानसभा बहुत ही उबाऊ और नीरस जगह मानी जाती है। आम तौर पर यहां तरह-तरह की राजनीति होती है, लड़ाई-झगड़े और वाद-विवाद होते हैं। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने परिसर में सभी त्योहारों को मनाने का सिलसिला शुरू किया है। जिससे सभी वर्गों में प्यार मोहब्बत और आपसी भाईचारे का संदेश जाए। इस कड़ी में इस साल से रामलीला का मंचन का आगाज कर एक नई परंपरा शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को विधानसभा में आयोजित संपूर्ण रामलीला समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने हमें अपने-अपने अंदर के रावण को समाप्त कर राम रूपी अच्छाइयों को बढ़ावा देना है। भगवान राम ने किसी व्यक्ति विशेष का नाश नहीं किया था बल्कि अधर्म का नाश किया था और हर युग में अधर्म है। दशहरा, एक तरह से बुराई के पर अच्छाई का प्रतिक माना जाता है। केजरीवाल ने कहा कि विधानसभा राम निवास गोयल परिसर में सभी त्योहारों को मनाने की जो परंपरा शुरू की है। उसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई। अब हम अपने विधानसभा के प्रांगण में सभी धर्मों के त्योहार बनाते हैं।

इससे एक दिन पहले केजरीवाल शुक्रवार को लालकिला परिसर में लव-कुश रामलीला कमेटी की तरफ से आयोजित रामलीला समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के प्रतिक पुलते पर तीर चलाकर उनका दहन किए और राम आरती में भी शामिल हुए।



1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी

# बंटवारे में पाकिस्तान से आए बुजुर्गों ने मेहनत करके पीढ़ियों का किया सुधार

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**भारत**-पाकिस्तान बंटवारे के समय छह साल के रहे सुंदर दास मेहता ने अपनी आंखों से बहुत कुछ वह देखा, जो आज भी वे याद करके सहम जाते हैं। लोग अपने सामने अपनों को खो रहे थे। सब कुछ लुटाकर भारत पहुंचे लोगों ने खूब मेहनत करके खुद को स्थापित किया। जो बचपन में यहां आए थे, आज बुजुर्ग हो चुके हैं, लेकिन उस समय को कभी भूल नहीं सकते।

### सुंदर दास मेहता ने साझा की देश के बंटवारे की दुखभरी दास्तान

सुंदर दास मेहता ने बताया कि अंग्रेजों ने भारत के दो टुकड़े किये एक भारत और दूसरा पाकिस्तान। सभी हिन्दुओं को भारत आना था तथा मुसलमानों को पाकिस्तान जाना था। उनके पिताजी दुकानदारी करते थे। साथ में अन्य व्यापार भी।



सुंदर दास मेहता।

परिवार टिब्बी करानी बस्ती, तहसील तौंसा जिला डेरा गाजीखान में रहता था। दोनों समुदायों के लोग बेहद ही शांति और प्रेमपूर्वक रहते थे। बंटवारे का ऐसा ग्रहण लगा कि लोगों में दुश्मनी हो गई। खून के प्यासे हो गये। वहां से निकलकर भारत आने वालों को खूब दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सुंदर दास के मुताबिक विभाजन के समय अपनी दुकान, मकान और अन्य जायदाद छोड़कर आना पड़ा। सुरक्षित भारत पहुंचने में भारतीय फौज ने लोगों की मदद की। फौज ने ट्रकों के माध्यम से मुजफ्फरगढ़ भेजा। फिर गाड़ी में सवार होकर भारत आए। कई शहरों में उनका रहना हुआ। आखिरकार डेरा गाजी खान के रहने वालों को गुरुग्राम अलॉट हुआ था। यहां आकर परिवार ने मेहनत, मजदूरी करनी शुरू कर दी।

परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने को दिन-रात काम किया। बड़े-बुजुर्गों ने बच्चों की पढ़ाई भी करवाई, ताकि उनका भविष्य संवर सके। पढ़-लिखकर अगली पीढ़ी ने बड़ों की सीख और आशीर्वाद से मुकाम हासिल किया। आज परिवार खुशहाल जीवन जी रहा है।

## बीएसएफ के जवान समेत दो ने लगाई फांसी

**सोहना।** भोंडसी में स्थित बीएसएफ के हवलदार ने गले में फांसी का फंदा लगा जीवन लीला समाप्त कर ली। शव पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार बीएसएफ में हवलदार असम निवासी यूके डेमारी (48) का शव खुले परिसर में पेड़ के नीचे पड़ा मिला। हादसे की सूचना भोंडसी थाना पुलिस को दी। एएसआई विनोद कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को असम में सूचित कर दिया है। दूसरा मामले में शुक्रवार देर रात पीकौर सिटी परिसर में 51 वर्षीय ठेकेदार होशियार सिंह पुत्र सीमाराम ने मानसिक रूप से परेशान होकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। शव परिसर के अंदर मिला।

# एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग को मिला संसाधन भवन



गुरुग्राम में एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के नये भवन का लोकार्पण करते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शनिवार को किया संसाधन भवन का लोकार्पण

### 650 अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था हुई एक छत के नीचे

**संसाधन** भवन नाम से गुरुग्राम जिले के एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग को नया कार्यालय भवन मिल गया है। शनिवार को उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इस भवन का लोकार्पण किया। विभाग का यह नया कार्यालय भवन गांव झाड़सा में बने सर छोटू राम भवन के सामने सेक्टर-32 में बनाया गया है।

लोकार्पण समारोह में मीडिया से बातचीत करते हुए उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस नए कार्यालय भवन में एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के सभी 650 अधिकारियों व कर्मचारियों को एक छत के नीचे काम करने का मौका मिलेगा। इससे न केवल उनकी कार्यकुशलता में सुधार होगा बल्कि आम नागरिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस भवन निर्माण के लिए 57 करोड़ का एस्टीमेट बनाया गया था, लेकिन किफायती ढंग से काम करते हुए लोक निर्माण विभाग ने इसका निर्माण 45 करोड़ रुपये में किया है। यह भवन एनर्जी इफेक्टिव-वे में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के मध्य में होने की वजह से शहर के सभी कौनों से लोग अपनी समस्या को यहां आकर आसानी से सुलझवा पाएंगे।

### इस वर्ष करीब 3000 करोड़ का रेवेन्यू जुटाया

**दुष्यंत** चौटाला के मुताबिक आबकारी एवं कराधान विभाग ने चालू वित्त वर्ष में अब तक लगभग 3000 करोड़ रुपये का रेवेन्यू एकत्रित किया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में दो हजार करोड़ रुपये का राजस्व एकत्रित किया गया था। यह दशातज़ है कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं।

### किसान नेताओं को भी लेनी चाहिए हत्या की जिम्मेदारी

**सिंघु** बॉर्डर पर एक व्यक्ति को धरना स्थल पर मारे जाने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में दुष्यंत ने कहा कि यह बर्बरतापूर्ण घटना है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। इस घटना पर पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। एक व्यक्ति ने जिम्मेदारी भी ली है, परंतु जो 40 के करीब धरना स्थल के नेता हैं, उन्हें भी उसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन, विभाग या आंदोलन में ऐसी कोई गलत घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित संगठन, विभाग या आंदोलन के नेतृत्व की होती है। ऐलनाबाद उपचुनाव पर दुष्यंत ने कहा कि गठबंधन ने अपना मजबूत उम्मीदवार उतारा है। हम पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और चुनाव जीतेंगे।

एनएसजी के स्थापना दिवस पर

# कमांडो ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



गुरुग्राम के मानेसर स्थित एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत करता गूगल डॉगी।

### शनिवार को मनाया गया एनएसजी का 37वां स्थापना दिवस

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**एनएसजी** (नेशनल सिक्योरिटी गार्ड-राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) का 37वां स्थापना दिवस शनिवार को एनएसजी मानेसर परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में एनएसजी एनएसजी कमांडो ने खुले आसमान में और हरियाली जमीन पर जो हैरतअंगेज कारनामे दिखाए, उन्होंने हर किसी को हैरान कर दिया। इस समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

चाहे हेलिकॉप्टर पर रस्सियों के सहारे लटककर सेल्यूट करना हो या फिर पैराशूट से उड़ान भरकर सेल्यूट करना हो, पूरे शौर्य और साहस के साथ कमांडो ने यह काम किया। आसमान में सेना के हेलिकॉप्टर्स की गरजना, जमीन पर बंदूकों से निकली गोलियों की ठांय-ठांय से कमांडो ने दिखाया कि वे किस तरह से किसी भी ऑपरेशन में काम करते हैं।

### गूगल डॉगी रहा आकर्षण का केंद्र, मंत्री को दिया गुलदस्ता

**मुख्य** अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री नित्यानंद राय जब कार्यक्रम में पहुंचे तो मंच पर गूगल नाम डॉगी ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर करके स्वागत किया। कोरोना प्रोटोकॉल के तहत भी ऐसा किया गया और दिखाया गया कि ये डॉगी आम डॉगी से कहीं अलग है। सुरक्षा से लेकर अन्य कई जरूरी कार्यों में भी इनकी महत्ती भूमिका रहती है। गृह राज्य मंत्री को गूगल डॉगी ने ना केवल गुलदस्ता दिया, बल्कि कमांडो के इशारे पर उनसे हाथ भी मिलाया। मंत्री ने अपनी कुर्सी से उठकर डॉगी के साथ यह काम किया। साथ ही एक गुलाब का फूल उनके गले में लगाया। अपने मास्टर कमांडो के इशारे पर गूगल डॉगी ने अतिथि के साथ फोटो भी खिंचवाई।



मानेसर स्थित एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर डीपीएस के एक आपरेशन को रीक्रिएट करने के दौरान हेलिकॉप्टर से स्कूल की छत पर उतरते कमांडो।

### डीपीएस की एक घटना पर कमांडो ने दिखाया शौर्य

**दिल्ली** पब्लिक स्कूल (डीपीएस) का एक वाकया दिखाया गया, जब बदमाशों ने स्कूल में घुसकर बच्चों, शिक्षकों को बंधक बना लिया था। अपनी सूझ-बूझ से एनएनजी कमांडो ने सभी को सुरक्षित बचाने में कामयाबी हासिल की। सबसे पहले हेलिकॉप्टर की मदद से कमांडो यहां बनाई गई डीपीएस स्कूल की इमारत की छत पर रस्सी के सहारे उतरे। उसके बाद उन्होंने पूरी एकाग्रता के साथ आगे बढ़कर स्कूल की उस कक्षा तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की, जहां पर बंधक बनाया गया था। हकीकत के ही ऑपरेशन की तरह कमांडो यहां पूरी फूर्ति और सुरक्षा के साथ आगे बढ़ रहे थे। उनके साथ एक डॉग भी था, जो कमांडो की तरह से नजर रखे हुए थे। कक्षा के दरवाजे के भीतर पहुंचकर कमांडो ने सभी बदमाशों को ढेर कर दिया।

### रोबोट से उड़ाया बॉक्स, बम वाला बैग उठा मशीन में डाला

**इसी** तरह से एक ब्रिपकेस में रखे बम को रोबोट के माध्यम से क्षतिग्रस्त किया गया। वहां एक बैग में रखे बम को रोबोट के माध्यम से उठाकर बम निष्क्रिय करने की मशीन में डालकर उसे निष्क्रिय कर दिया। कमांडो और डॉगी का यहां तालमेल भी बेहतर नजर आया।

कमांडो के इशारों पर डॉगी कभी रिंग से निकलते दिखाई दिए तो कभी कहीं से कूदते दिखाई दिए। कमांडो के साथ-साथ सुरक्षा के काम में डॉगी की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। यह दिखाया गया।



शनिवार को गुरुग्राम के मानेसर स्थित एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर एक ऑपरेशन के लिए सूझबूझ से आगे बढ़ते सेना के जवान।




शनिवार को गुरुग्राम के मानेसर स्थित एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर कमांडो के इशारे पर करतब दिखाता डॉगी।



शनिवार को गुरुग्राम के मानेसर स्थित एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर डॉगी के साथ तालमेल करके करतब दिखाते कमांडो।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद की नहीं है कमी : दुष्यंत चौटाला

**गुरुग्राम।** उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में खाद पर्याप्त मात्रा में है, परसों ही इसकी समीक्षा की गई थी। उन्होंने कहा कि लोग पहले ही खाद का स्टॉक करने लगे, इसलिए अब यह निर्णय लिया गया है कि पहले सरसों की बिजाई करने वाले किसानों को खाद दी जाएगी और उसके बाद गेहूं की बिजाई करने वालों को मिलेगी। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां सेक्टर-32 में एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग कार्यालय के लोकार्पण समारोह में मीडिया से बातचीत में कही। बाजरा खरीद के बारे में पूछे गए सवाल पर उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को 600 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भावांतर भरपाई योजना के तहत पैसा दिया जा रहा है। जो सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में डाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग पौने तीन लाख किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं। उनकी उपज के हिसाब से पैसा उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा देश का पहला प्रदेश है जहां पर ऐसी व्यवस्था की गई है कि किसान की फसल की अदायगी 72 घंटे में नहीं होने पर देरी के लिए उसे 9 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। इस समारोह में जजपा के जिला अध्यक्ष ऋषि राज राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुबे सिंह बोहरा, गुरुग्राम के अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग के मुख्यालय से ज्वाइंट एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर कृष्ण कुमार समेत कफी अधिकारी मौजूद रहे।

### निरंकारी कॉलेज में सिखाए जाएंगे रोजगार के गुर

**सोहना।** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालस जल्द ही रोजगार संबंधित चार नये प्रशिक्षण शुरू करेगा। ये सभी छह-दह माह के होंगे। निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय अब अपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार संबंधी कोर्स भी कराएगा। जिससे शिक्षा प्राप्ति के बाद विद्यार्थी रोजगार के योग्य बन सकें। इन सभी प्रशिक्षण की फीस कम से कम रखी जाएगी। कोर्स एनआईआईटी के माध्यम से कराए जाएंगे। इनमें बेसिक आईटी, वेबडिजाइनिंग, टैली और इंग्लिश स्पिकिंग एण्ड प्रसनल्टी डैब्लैपमेंट शामिल हैं। कॉलेज के प्रधानाचार्य एमएस खत्री ने बताया कि ये सभी कोर्स कम से कम फीस पर विद्यार्थी को कराए जाएंगे। अक्टूबर के बाद रोजगार कोर्स की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। निरंकारी मिशन का उद्देश्य अपने विद्यार्थियों शिक्षा प्राप्त करने के बाद तुरन्त रोजगार हासिल कर सके।

# धूमधाम से मनाया दशहरा झांकियों ने मन मोहा



दशहरा के अवसर पर सोहना में रावन दहन से पहले राम, लक्ष्मण और सीता की निकाली गई झांकी। उसके बाद अनाज मंडी में रावण का पुतला जलता हुआ।

**सोहना।** सोहना में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, रावण, मेघनाथ पर आधारित झांकियां निकाली गई। शहर के तीन स्थानों पर रावण दहन हुआ।

सोहना में शुक्रवार को तीन अलग-अलग संगठनों द्वारा रामलालीओं का मंचन किया गया। जिसमें तीनों ही रामलीला समितियों द्वारा रावण दहन किया गया। रावण दहन से पहले शहर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, रावण के रूप में झांकियां निकाली गईं। झांकियां शहर के राममंदिर, पुराना बस स्टैंड से निकाली गई। झांकियां देखने के लिए शहरवासियों की भीड़ उमड़ी और रावण दहन देखा।

# आतंकवाद विश्व की बड़ी समस्या है: नित्यानंद राय

### एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर पहुंचे थे गृह राज्य मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**देश** की सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा एजेंसी राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) विश्व के सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा बलों में से एक हैं। एनएसजी अपने आदर्श वाक्य सर्वत्र, सर्वोत्तम, सुरक्षा पर खरी उतरी है। एक विश्व स्तरीय शून्य त्रुटि बल होने के नाते एनएसजी ने विषम परिस्थितियों में उत्कृष्टता और कारगरता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक हथियारों और उपकरणों को हासिल किया है। यह बात केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने शनिवार को जिले के मानेसर स्थित एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि एनएसजी पर देशवासियों को गर्व है। आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए एनएसजी पूरी तरह से सक्षम है। एनएसजी के पास आधुनिकतम प्रशिक्षण व विश्वस्तरीय उपकरण भी हैं। आतंकवाद भारत की ही नहीं, अपितु विश्व की सबसे बड़ी समस्या है, जिससे केंद्र सरकार निपट भी रही है। इसमें एनएसजी जैसे सुरक्षाबलों का पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने विभिन्न घटनाओं में शहीद हुए 19 जवानों को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता व अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है।



गुरुग्राम के मानेसर स्थित एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस समारोह में मंचासीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद व अधिकारी।

देशवासियों को एनएसजी पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठानों से आह्वान किया हुआ है, जिसमें एनएसजी भी अपना पूरा सहयोग दे रही है।

पहली बार देश में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक सुरक्षा नीति बनी है जिसका एनएसजी भी एक हिस्सा है। आंतरिक सुरक्षा के मामलों में गृह विभाग पूरी तरह से सजग है। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आतंकवाद की घटनाओं में काफी कमी आई है। केंद्र सरकार ने सुरक्षाकर्मियों व उनके परिजनों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी शुरु की हुई हैं।

### सदैव तैयार रहती है एनएसजी: डीजी

**एनएसजी के** महानिदेशक एमए गणपति ने कहा कि एनएसजी कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए वह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में एनएसजी के विकास और आतंकवाद, काउंटर हाईजैकिंग व अत्यधिक खतरे वाले व्यक्तियों की सुरक्षा और राज्य पुलिस बलों के क्षमता निर्माण के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में सौंपे गए किसी भी कार्य को करने के लिए एनएसजी सदैव तैयार है। एनएसजी कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रीय पुलिस पदक से भी मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

# गठबंधन सरकार ने भ्रष्टाचार की सीमाएं लांघी : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

### गुरुग्राम में पहुंचे पूर्व सीएम ने पत्रकार वार्ता में कही यह बात

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया ऐलनाबाद उपचुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ऐलनाबाद उपचुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने दो साल के कार्यकाल में बीजेपी-जेजेपी सरकार ने घोटाले, किसान और आम जनता को परेशान करने के अलावा कुछ नहीं किया। गठबांन सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। प्रदेश का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां गुड़गांव गांव में पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया के निवास पर पत्रकार वार्ता में कही।



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज ना तो किसान को धान का उचित रेट मिल रहा है और ना ही बाजरा के किसानों को एमएसपी मिल रहा है। 2250 रुपये क्विंटल एमएसपी वाला बाजरा 800 से 1000 रुपये के रेट पर पिट रहा है। भावांतर योजना का 600 रुपये यदि जोड़ भी दिया जाए तो भी किसानों को करीब 600 रुपये प्रति क्विंटल का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, पूरे हरियाणा में डीएपी खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। किसानों को कई-कई घंटे लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है। फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही। सरकार की कुनीतियों के चलते किसानों को ना वक्त पर खाद व बीज मिल पाता और ना ही वक्त पर फसल की खरीद और ही पेमेंट हो पाती।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जहां एक तरफकिसान को अपनी हर छोटी बड़ी जरूरत के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो वहीं आम आदमी को भी बिजली जैसी आधारभूत समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है। गांव और शहरों में लोगों को लंबे-लंबे पावर कट झेलने पड़ रहे हैं। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हमने प्रदेश को बिजली उत्पादन में सरप्लस स्टेट बना दिया था।

हुड्डा ने गुरुग्राम समेत पूरे प्रदेश की सड़कों की हालत को दयनीय बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का शायद ही कोई ऐसा जिला होगा जहां चलने लायक सड़कें बची हों। जर्जर और बड़े-बड़े गड्ढों से भरी सड़कें हादसों को न्यौता दे रही हैं। सरकार ने दो लोगों को पूरे प्रदेश की सड़कों की मरम्मत का जिम्मा सौंप रखा है। लेकिन कहीं पर मरम्मत का काम नहीं हुआ। इस मामले में भी जांच होनी चाहिए।

श्री हुड्डा ने कहा कि गठबंधन सरकार के 2 साल और बीजेपी सरकार के 5 साल असफलताओं से भरे पड़े हैं। सरकार की तमाम जनविरोधी नीतियों और नाकामियों का खुलासा करने के लिए कांग्रेस विधायक दल की तरफ से विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस सरकार से जनता का मोह पूरी तरह भंग हो चुका है। इसलिए बरोदा उपचुनाव में गठबंधन को बुरी तरह से हराया था। अब ऐलनाबाद उपचुनाव में भी उसे हार का सामना करना पड़ेगा और कांग्रेस का प्रत्याशी जीत दर्ज करेगा।

# सोहना अनाज मंडी में खरीदे गए बाजरे का नहीं हो रहा लदान

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**सोहना** अनाज मंडी में किसानों से खरीदे गये बाजरे का लदान धीमी गति से हो रहा है। जिसके चलते किसानों को बाजरे की ढेरियां लगाने के लिए जगह नहीं मिल पा रही है। अभी तक करीब 17 हजार क्विंटल बाजरे की खरी हो चुकी है। शुक्रवार को भी अनाज मंडी में किसानों के बाजरे खरीद की गई।

मंडी में दिन प्रति दिन बाजरे की आवक बढ़ती जा रही है। अभी तक मंडी में किसानों द्वारा करीब 17 हजार क्विंटल बाजरा आढ़तियों को बेचा गया है। किसान का बाजरा 1500 रुपये से अधिक कीमत पर खरीदा गया है। इससे पहले किसान के बाजरे को निजी बोली पर 1360 रुपये में खरीदा था। जबकि बाजरे की सबसे कम कीमत 1051 रही है। मंडी की फड़ों के ऊपर आढ़तियों द्वारा निजी कीमत पर खरीदा गया बाजरे के चट्टे लगा दिए हैं, लेकिन बाजरे का लदान न के बराबर किया जा रहा है। इसके अलावा मंडी परिसर में अवैध रूप से बनी पार्किंग में अलग-अलग स्थानों पर 200 से 250 वाहन खड़े हैं। जिसके चलते किसानों को अपने बाजरे के लिए खाली स्थान नहीं मिल पा रहा है। मार्केट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार का कहना है कि पिछले दिनों हुई बारिश के कारण बाजरे में नमी बरकरार है। जिसके चलते किसान बाजरे को खुले में सूखने के इरादे से लदान करने में देरी कर रहा है। आढ़तियों को बाजरे का लदान जल्द से जल्द करने के आदेश जारी कर दिए हैं।



सोहना की अनाज मंडी में आढ़तियों द्वारा खरीदा किसानों से बाजरे के लगे चट्टे।

# डेंगू: अस्पतालों में बिस्तर और ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स नहीं

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** में दो दिनों में 11 डेंगू मरीजों की पुष्टि जिला मलेरिया विभाग द्वारा की गई है। जिससे डेंगू के मरीजों की संख्या का आंकड़ा 161 पर पहुंच गया है, लेकिन डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को रोकने के जो प्रयास स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम द्वारा किए जा रहे हैं, वह नाकाफी साबित हो रहे हैं। क्योंकि मरीजों को अस्पतालों में बिस्तर और न ही ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स नहीं मिल रहे हैं। जिसे देखते हुए बीके अस्पताल में प्लेटलेट्स जांच की मशीन लगवाने की मांग सोशल मीड़िया पर उठ रही है।

### चार नए मामले आने से डेंगू का आंकड़ा पहुंचा 161 पर

### बीके में प्लेटलेट्स जांच की मशीन लगवाने की उठ रही मांग

**बंद रहीं मशीनें :** जिले में संतों का गुरुद्वारा, रोटरी क्लब, डिवाइन, क्यूआरजी, एशियन अस्पताल, सर्वोदय अस्पताल, एस्कोर्ट्स अस्पताल के अलावा सेक्टर-58 स्थित पवन अस्पताल में प्लेटलेट्स जांच की मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन जांच किट न होने से लोगों को यहां एक से तीन दिनों का समय दिया जा रहा है। शनिवार को संतों के गुरुद्वारे और पवन अस्पताल में जांच किट न होने से मरीजों को प्लेटलेट्स उपलब्ध नहीं हो सके।



बीके अस्पताल में मौजूद ब्लड बैंक।

**बीके बन सकता था सहारा :** बीके अस्पताल में ब्लड सैपरेटर मशीन उपलब्ध है। लेकिन यह मशीन केवल रक्त से प्लाज्मा अलग करके ही प्लेटलेट्स बना सकती है। हालांकि इन दिनों मशीन का उपयोग हो रहा है। बीके अस्पताल की ब्लड बैंक से सितम्बर में 37 यूनिट और अक्टूबर में 57 यूनिट प्लेटलेट्स डोनेट की जा चुकी है। रक्तदान शिविरों के बाद ही यहां प्लेटलेट्स बनाने की प्रक्रिया की जाती है। शनिवार को यहां प्लेटलेट्स लेने आए लोगों को वापस लौटना पड़ा।

**उठ रही यह मांग :** बीके अस्पताल में डायरेक्ट प्लेटलेट्स बनाने वाली मशीन न होने पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है। जिसमें लिखा है कि ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स मशीन न होने से लोगों को 11 हजार रुपये में बाहर से प्लेटलेट्स लेने पड़ रहे है, लेकिन प्लेटलेट्स समय पर नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि मशीनों पर किट उपलब्ध नहीं है। जिसे देखते हुए नवप्रयास सेवा संगठन द्वारा 18 अक्टूबर को सीएमओं को स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन देने की घोषणा की है। जिसमें उन्होंने बीके अस्पताल में मशीन की मांग रखने की बात कही है। इस वायरल संदेश में उन्होंने जिला उपायुक्त को भी इस समस्या के लिए ज्ञापन देने की बात कही है।

# बच्चों के मिड-डे-मील अकाउंट बंद कराए, वर्चुअल खातों से रहेगी नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### पायलट स्कीम से विद्यार्थियों को मिलेगा पोषणयुक्त चावल

### विभाग अगले सप्ताह प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में खुलवाएगा नए वर्चुअल खाते : डीसी

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने कहा कि अब वर्चुअल अकाउंट खुलने से मिड-डे-मील राशि के इस्तेमाल में पूरी तरह से पारदर्शिता रहेगी। कुपोषण से बचाने के लिए स्कीम शुरू की गई है। पायलट स्कीम के जरिए बच्चों को एफसीआई की ओर से दिए जाने वाले पोषणयुक्त चावलों में आयरन, विटामिन बी-12, फॉलिक एसिड जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। इन चावलों का सेवन बच्चों को कुपोषण से बचाएगा। पोषणयुक्त चावलों में जरूरी पोषक तत्व, विटामिन और खनिज की मात्रा को कृत्रिम तरीके से बढ़ाया जाता है। अब बच्चों को पोषणयुक्त आटे के साथ पोषणयुक्त चावल भी मिलेंगे। फिलहाल, स्कूली विद्यार्थियों को 100 ग्राम चावल और अपर प्राइमरी 150 ग्राम दिए जा रहे हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि गत वर्ष कोरोना में सरकार ने सरकारी स्कूलों में मिड-डे-मील में खाना बंद करा कर सूखा राशन बंटवाना शुरू कर दिया था। इसके लिए लॉकडाउन में भी अध्यापकों की ड्यूटी विद्यार्थियों को घर-घर राशन पहुंचाने की लगाई गई थी। जिला के सभी राजकीय स्कूलों में मार्च 2020 से 6 अक्टूबर 2021 तक विद्यार्थियों को सूखा राशन दिया जा दिया जा रहा था। इस सूखे राशन में विद्यार्थियों को चावल व आटा मिलता था, लेकिन अब शिक्षा विभाग ने छह अक्टूबर को पत्र जारी कर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में मिड-डे-मील के खाते बंद करने के आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि मिड-डे-मील के इन बैंक खातों को बंद करके विभाग मिड-डे-मील के नए वर्चुअल खाते खुलवाए जाएंगे और पायलट स्कीम चलाई जाएगी। इस स्कीम के तहत बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें एफसीआई की ओर से सामान्य चावल की जगह पोषण युक्त चावल दिया जाएगा। वहीं, वर्चुअल खातों में विभाग मिड-डे-मील की राशि के इस्तेमाल को अकाउंट खोलकर देख सकेंगे। यह प्रोसेस मिड-डे-मील ग्रांट के रुपयों के इस्तेमाल में पारदर्शिता बरतने के लिए लागू की गई है।



जितेंद्र कुमार, जिला उपायुक्त।

खण्ड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर ने कहा कि विभाग की इस पर सीधी नजर रहेगी। शिक्षा विभाग ने पुराने फिजिकल मिड-डे-मील के खातों को बंद कराकर अब नए वर्चुअल अकाउंट खोलने की तैयारी कर ली है। इससे विभाग के पास वर्चुअल खातों में डाली पूरी राशि की जानकारी रहेगी। इन खातों के जरिए मिड-डे-मील की राशि के एक-एक रुपये का सीधा हिसाब विभाग के पास रहेगा। पता चल सकेगा कि किस स्कूल ने राशि के कितने रुपये कहां इस्तेमाल किए हैं, जबकि पुराने खातों के जरिए विभाग को हर जिला के हर स्कूल से अकाउंट की जानकारी मांगनी पड़ती थी। अब वर्चुअल अकाउंट खुलने से मिड-डे-मील राशि के इस्तेमाल में पूरी तरह से पारदर्शिता रहेगी।

कुपोषण से बचाने के लिए स्कीम शुरू की गई है। पायलट स्कीम के जरिए बच्चों को एफसीआई की ओर से दिए जाने वाले पोषणयुक्त चावलों में आयरन, विटामिन बी-12, फॉलिक एसिड जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। इन चावलों का सेवन बच्चों को कुपोषण से बचाएगा। पोषणयुक्त चावलों में जरूरी पोषक तत्व, विटामिन और खनिज की मात्रा को कृत्रिम तरीके से बढ़ाया जाता है। अब बच्चों को पोषणयुक्त आटे के साथ पोषणयुक्त चावल भी मिलेंगे। फिलहाल, स्कूली विद्यार्थियों को 100 ग्राम चावल और अपर प्राइमरी 150 ग्राम दिए जा रहे हैं।

# भारतीय रेडक्रॉस समिति की सदस्य मनोनीत होने पर सुषमा गुप्ता का स्वागत



सुषमा गुप्ता का स्वागत करते जिला रेडक्रॉस के सदस्य।

**फरीदाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस समिति, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में उत्तर जोन से सदस्य मनोनीत होने पर हरियाणा राज्य रेडक्रॉस चंडीगढ़ की उपाध्यक्ष सुषमा गुप्ता का आज जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद में पधारने पर जिला सचिव व अन्य पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया गया।

सचिव विकास कुमार ने कहा कि हरियाणा राज्य ने तीसरी बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की समिति के चुनावों में जीत हासिल कर हैट्रिक बनाई है। इसके लिए गुप्ता विशेष बधाई की पात्र हैं। इससे पहले डीआर शर्मा, महासचिव, हरियाणा राज्य रेडक्रॉस समिति इसके दो बार सदस्य रह चुके हैं। वहीं सुषमा गुप्ता ने अपनी गतिविधियों को इसी प्रकार भविष्य में भी और तेज गति से जारी रखते हुए मानव सेवा पथ पर अग्रसर रहने का संकल्प दोहराया। सुषमा गुप्ता ने कहा कि उनका यह प्रयास होगा कि हरियाणा के सभी जिला शाखाओं में रक्तकोष शुरू किए जाएं और प्रत्येक शाखा में एक एम्बुलेंस उपलब्ध रहे। इस दौरान उन्होंने जिला रेडक्रास सोसायटी के कार्यों का अवलोकन कर उनकी प्रशंसा भी की। विकास कुमार ने कहा कि सुषमा गुप्ता रेडक्रॉस की मानवीय गतिविधियों में पिछले 15 वर्षों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने संस्था में शुरुआत समिति की आजीवन सदस्य बनकर की तथा रेडक्रॉस के कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान दिया। उन्होंने गरीब लड़कियों की शादी, लड़कियों की शिक्षा एवं उनकी सुरक्षा से संबंधित अनेक कार्य किए हैं।

# युवा खेल से अपना भविष्य उज्जवल बनाएं : उपायुक्त



बैडमिंटन चैंपियनशिप के उद्घाटन पर खिलाड़ी और अभिभावक।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** उपायुक्त जितेंद्र यादव का कहना है कि खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर अपने जीवन को उज्जवल बना सकता है। उपायुक्त सेक्टर-14 स्थित मानव रचना स्पोर्ट्स अकैडमी में जिला फरीदाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित 41वें जिला फरीदाबाद बैडमिंटन चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों और अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे।

प्रतियोगिता में 325 खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं। फरीदाबाद जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला, मानव रचना स्पोर्ट्स अकैडमी के निदेशक सरकार तलवार, जिला फरीदाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन के पैटर्न आनंद मेहता, महासचिव संजय सपरा, रवि कालरा, हेमंत शर्मा, कोच संजय नागर, कोच आदित्य मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे।

उद्घाटन अवसर पर विभिन्न आयु वर्ग के मैच करा। खिलाड़ियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि आज के समय में युवाओं पर पढ़ाई का बहुत ज्यादा भार होता है तथा खेल के माध्यम से पढ़ाई के भार को कम तो किया जाता ही है साथ ही साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागी बन कर युवक अपने जीवन को भी उज्जवल बना सकते हैं।

# साप्ताहिक ऑनलाइन शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स का समापन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बिग डाटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर एक सप्ताह का शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कार्यक्रम (एसटीटीपी) संपन्न हुआ । यह कार्यक्रम एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित था। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा और उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

समापन दिवस समारोह में सर्वप्रथम शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग कार्यक्रम की थीम कुलसचिव डॉ एसके गर्ग द्वारा प्रस्तुत की। बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. रविंद्र कुमार सोनी ने अपने ज्ञानमयी शब्द प्रतिभागियों के समक्ष रखे और कार्यक्रम के अंत में अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों द्वारा प्रतिक्रिया एवं ग्रुप फोटोग्राफ के साथ कार्यक्रम को विराम दिया। सम्मेलन मेंशोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति दिनेश कुमार ने की। जेसी बोस विवि के सूचना विज्ञान और कंप्यूटिंग संकाय के डीन प्रो कोमल भाटिया ने सभापतित्व किया।

# क्यूआरजी बैडमिंटन टूर्नामेंटस सम्पन्न

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए पैरा शूटर सिंहराज अधाना को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




क्यूआरजी बैडमिंटन टूर्नामेंट के समापन पर पुरस्कार वितरित करते उपायुक्त।

**खेल** के माध्यम से स्वास्थ्य और कॉर्पोरेट जगत को एक प्लेटफार्म पर लाने के उद्देश्य से क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा सेक्टर-86 स्थित प्ले आल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित क्यूआरजी बैडमिंटन डबल्स टूर्नामेंट 2021 का समापन हुआ। यह टूर्नामेंट 22 दिन चला।

खास मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे निशानेबाज सिंहराज अधाना को टोक्यो पैरालिंपिक 2020 में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही फरीदाबाद के डीसी आईएएस जितेन्द्र यादव भी बतौर मुख्य अतिथि स्वागत किया गया। पैरा शूटर सिंहराज अधाना, डीसी जितेन्द्र यादव, क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के संचालन वाइस प्रेसिडेंट राजीव गोयल उपस्थित रहे। समापन समारोह के अवसर पर विजेता टीमों को पुरस्कार राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

क्यूआरजी अस्पताल द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों और कॉर्पोरेट्स के लिए पहली बार आयोजित बैडमिंटन डबल टूर्नामेंट में फरीदाबाद और पलवल जिले से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल, नर्सिंग होम एसोसिएशन फरीदाबाद, ऑर्थो फोरम, फरीदाबाद सर्जनंस एसोसिएशन, डेंटल एसोसिएशन और फिजियोथेरेपी एसोसिएशन जैसी बड़ी संस्थाएं, हेल्थ से जुड़े कॉर्पोरेट जगत (एनएचपीसी, आईओसीएल, एस्कॉर्ट्स, जेसीबी, टैकमसेह), हरियाणा पुलिस, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और शिक्षा विभाग ने भी हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में आईएमए ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पार्टिसिपेशन के लिए भी कई नाम भेजे गए जो क्वालीफाइंग मुकाबलों तक पहुंचे।

पैरा शूटर सिंहराज अधाना ने कहा कि हर किसी को खेलों में भाग लेना चाहिए। खेलने से न केवल हमारी फिटनेस बनी रहती है बल्कि हम शारीरिक रूप से भी मजबूत बनते हैं। अपने जीवन में कभी नकारात्मक विचारों को मत आने दो, हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। मेरी इस कामयाबी के पीछे मेरे द्वारा किया गया लगातार प्रयास है। उन्होंने क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को कोविड सुरक्षा के बीच इस टूर्नामेंट आयोजन की बधाई दी। फरीदाबाद के डीसी आईएएस जितेन्द्र यादव ने कहा कि इस बैडमिंटन चैंपियनशिप के माध्यम से जिला स्तर पर तमाम हेल्थकेयर वर्कर्स और कॉर्पोरेट्स को एक मंच पर लाने का विचार बेहद सराहनीय है।

# थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों का मनाया जन्मदिन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्लब** आफ फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल टाउन के सहयोग से थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो का जन्मदिन मनाया गया। निशुल्क दवा वितरण किया गया इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अनीता जैन (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इनरव्हील् क्लब्स ऑफ इंडिया 301) रही।

संस्था का हमेशा प्रयास रहा है बच्चो को स्वस्थ तो रखा जाये उन्हें खुशिया भी दी जाये जिसके लिए संस्था समय समय पर प्रोग्राम करती रहती है। कार्यक्रम उसी कड़ी का ही एक हिस्सा था। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल टाउन काफी सालो से संस्था के साथ जुड़ा हुआ है जब भी संस्था को किसी प्रकार की जरूरत होती है क्लब हमेशा संस्था के साथ खड़ा मिलता है आज भी रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रीयल टाउन के द्वारा 1 लाख रुपये की दवाइयों का वितरण किया गया। जिसके लिए क्लब के रोटेरियन संजय आहूजा का विशेष सहयोग रहा। मुख्यातिथी जैन ने कहा कि वो इनरव्हील्स क्लब्स को संस्था के साथ जो? कर एक बहुत बड़ा अभियान चलायेगी ताकि अधिक से अधिक लोगो को इस भयानक बीमारी के बारे में पता चल सके व बीमारी पर काबू पाया जा सके।




थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों का जन्मदिन मनाते टीम के सदस्य।

उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर रोटरी इंटरनेशनल पोलियो पर काबू पा सकता है तो थैलेसीमिया पर भी काबू पाया जा सकता है। संस्था के महा सचिव रविंद्र डुडेजा ने बताया की अक्टूबर माह में ही स्व. नरेंद्र चंचल का जन्मदिन आता है, उन्होंने बच्चों की मदद के कई कार्य किए थे। वहीं अलोक मित्तल का भी जन्मदिन आता है। व्यस्त कार्यक्रम के कारण वो फरीदाबाद नहीं आ पाये।

साथ ही थैलेसीमिया बच्चों का हेल्थ चेकअप डॉ. अमिता महाजन व् उनकी टीम अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली द्वारा किया गया और संस्था द्वारा निशुल्क दवाइया दी गयी। अंत में संस्था के प्रधान हरीश रतरा ने बताया की संस्था का हमेशा प्रयास है बच्चों का सुखी और स्वस्थ जीवन। अंत में हरीश रतरा ने सभी गणमान्य लोगो का बच्चो की खुशियों में शामिल होने के लिए धन्यवाद किया।

# बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला जागरुकता कार्यक्रम

### स्लोगन, लेखन, प्रतियोगिताएं और कन्या पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार 75वें स्वतंत्रता वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत स्थानीय वन स्टॉप सेंटर के द्वारा महिला शक्ति केंद्र के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर जिला में अलग अल आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्लोगन, लेखन, प्रतियोगिताएं और कन्या पूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से बालिकाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

वन स्टाफ सेन्टर की इन्चार्ज डॉ. मीनू यादव ने बताया कि पीड़ित महिलाओं के लिए जिला में वन स्टॉप सेंटर सुरक्षित साबित हो रहा है। यहां पर आई हुई महिलाओं को पूरा आत्म और सामाजिक सम्मान मिला है। वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जिला के बीके नागरिक अस्पताल में वन स्टॉप सेंटर स्थापित किया गया है। यह वन स्टॉप सेंटर सखी नाम से विख्यात है, जहां किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस क्रिकेट क्लब ने छह विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** सातवें ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में आरपीएस क्रिकेट क्लब ने अयाज क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराया। पाली रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेले गये मैच में बीसीसीआइ कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि आरपीएस क्रिकेट क्लब ने टॉसजीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। अयाज क्रिकेट क्लब ने 26.2 ओवर में 10 विकेट पर 95 रन बनाए। सूरज ने 21 रन, निशांत ने 17 रन, गौतम और रिजवान ने 12-12 रन बनाए। आरपीएस के गेंदबाज मिथिलेश रावत ने चार विकेट, यतीश ने तीन विकेट, अनिरुद्ध, अमित और सौभाग्या ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरपीएस क्रिकेट क्लब ने 17.5 ओवर में चीार विकेट में 97 रन बनाकर मैच जीत लिया। नक्ष ने नाबाद 54 रन, आदी और विकास ने 13-13 रन बनाए। अयाज के गेंदबाज सोहिल ने दो विकेट, राज सिंह ने एक विकेट ली। मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने मिथिलेश रावत को दिया गया।

### शादी झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त मुख्यालय डॉ. अंशु सिंगला के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए महिला थाना एनआईटी की टीम ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार करने के जुर्म में एक आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया। आरोपी सुनील, करनेरा गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ महिला थाना एनआईटी में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी ने भाई की साली के साथ बलात्कार किया था। पीढ़िता ने बताया कि बहन का देवर सुनील हमारे घर आता-जाता था। वर्ष 2019 में सुनील ने पीड़िता को फोन किया और कहा कि पीड़िता की बहन की तबीयत खराब है और जल्दी से वह उसके घर आ जाए। जब वह बहन के ससुराल पहुंची तो उसकी बहन वहां पर नहीं थी। आरोपी ने युवती को घर बुलाकर शादी का झांसा दिया और उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम दे दिया। आरोपी ने पीड़िता को कई बार बाहर बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। उसकी वीडियो भी बना ली। मई 2021 में पीढ़िता ने आरोपी से शादी करने के लिए कहा तो वह आनाकानी करने लगा। आरोपी के घर वालों शादी करने से इनकार कर दिया। एएसआई सोनिका महिला थाना एनआईटी टीम ने सूत्रों की सहायता से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जल गुणवत्ता परीक्षण की छात्रों को देंगे प्रशिक्षण : दीपक

**फरीदाबाद।** जल जीवन मिशन के उद्देश्यों व पेयजल की गुणवत्ता के प्रति विद्याथियों को जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने अपने कार्यालय में शनिवार को इसके लिए ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर की बैठक बुलाई। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि मुख्य कार्यालय से आदेश प्राप्त हुए हैं कि कैथल जिले के 36 साइंस स्ट्रीम स्कूलों में जल गुणवत्ता परीक्षण को लेकर 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि विद्यार्थियों द्वारा गांव में ही जल की गुणवत्ता का प्रशिक्षण किया जा सके। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि कैथल जिले के कुल 36 विद्यालयों का मुख्य कार्यालय द्वारा चयन किया गया है जिनमें पानी की गुणवत्ता को लेकर कार्यक्रम किया जाना है। साइंस स्ट्रीम विद्यालयों में बच्चों को जल की गुणवत्ता को लेकर विशेष कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा। दीपक कुमार ने बताया कि मुख्य कार्यालय द्वारा इन स्कूलों का चयन किया गया है और इसका लक्ष्य 31 अक्टूबर 2021 रखा गया है और कैथल जिले के सभी ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर की इस कार्य को पूरा करने के लिए ड्यूटी लगा दी गई है। मौके पर बीआरसी सतविंदर सिंह, रघबीर सिंह, साहिब सिंह, विष्णु शर्मा, चंद्रशेखर और संदीप कुमार मौजूद रहे।

### मंत्री ने अपने दफ्तर पर मोहित को किया सम्मानित

**बल्लभगढ़।** यूपीएससी के एग्जाम में पलवल जिले के मोहित रावत द्वारा 462वी रेंक हासिल करने पर हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने मोहित रावत को सेक्टर 8 कार्यालय पहुंचने पर शॉल भेंट की और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उसके सुनहरे भविष्य की कामना की। मूलचंद शर्मा ने लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश प्रदेश का युवा बिना किसी खर्ची और पर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां पा रहे हैं। बता दे कि यूपीएससी की परीक्षा पास करने वाला मोहित रावत पलवल जिले के गांव बहीन निवासी सिंचाई विभाग फरीदाबाद में कार्यकारी अभियंता वीरेंद्र रावत का भतीजा और मूलचन्द शर्मा के मित्र जवाहर सिंह रावत का पुत्र है। सेक्टर 8 फरीदाबाद कार्यालय पर मोहित रावत के साथ उनके पिता जवाहर रावत सहित गांव की सरदारी पहुंची तो परिवहन मंत्री शर्मा ने सभी को बधाई दी। मोहित रावत ने बताया कि उसका सिलेक्शन उत्तर प्रदेश में डिप्टी कलेक्टर के पद पर भी हो चुका है। मौके पर टिपरचंद शर्मा, बहीन गांव के पूर्व सरपंच राम प्रसाद, मनीष रावत, जितेंद्र श्योराण, जगत नंबरदार कीठवाड़ी, कार्यकारी अभियंता वीरेंद्र रावत, आरपी श्योराण, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, चंद्रसेन मौजूद रहे।

### कोरोना के खिलाफ टीका सबसे ज्यादा मददगारः गुर्जर

**फरीदाबाद।** कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए दुनियाभर में वैक्सीनेशन की रफ्तार को तेज कर दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक वैक्सीन, गंभीर संक्रमण से सुरक्षा देने के साथ मौत के खतरे को कम करने में सहायक हो सकती है। शरीर में वायरस के खिलाफ एंटीबॉडीज बनाने में भी वैक्सीन को काफी कारगर माना जाता है। यह जानकारी केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर-30 एफआरयू-1 में आयोजित कोरोना वैक्सिनेश कैम्प का निरीक्षण करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना संक्रमण का खतरा टला नहीं है। आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा कवज के लिए वैक्सीन की दोनों डोज अवश्य लगाएं। डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. मंजीत, डॉ. शैली आदि स्वस्थ विभाग के लोग उपस्थित थे।

### जरूरतमंद परिवारों के लिए सबसे बेहतरीन योजना : गुर्जर


**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण महत्वकांक्षी योजना है। यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सेक्टर-9 झुग्गी अदल सिंह डिपो होल्डर के यहां प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत जरूरतमंद परिवार के लोगों को राशन वितरण करने के दौरान कही। उन्होंने योजना के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना महामारी की पहली लहर के देश में लगे लॉकडाउन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश की 80 करोड़ जरूरतमंद जनता को मुफ्त राशन देने का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रदान किये जाने वाले पांच किलो अनुदानित अनाज के अतिरिक्त निशुल्क अनाज प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का लाभ पाने के लिए आपके पास राशन कार्ड होना अनिवार्य है। राशन कार्ड में जितने लोगों के नाम दर्ज हैं, उसी हिसाब से सभी को पांच-पांच किलो अनाज उपब्लश करवाया जाता है। डीएफएससी विंसेल सहरावत, इंस्पेक्टर हिमालय, गिरीश सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### स्काउट एंड गाइड की रैली को दिखाई सीजेएम ने हरी झंडी

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाई एस राठौर के दिशानिर्देशानुसार एवं न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम जिला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा जिला फरीदाबाद द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजरोंदा फरीदाबाद से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर सेक्टर 15 फरीदाबाद में रैली निकाली गई। पैनल अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता ने बताया कि हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा जिला फरीदाबाद के डीओसी चतर सिंह ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रैली में हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा जिला फरीदाबाद के स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारियों, स्काउट एंड गाइड, स्कूल अध्यापक- अध्यापिकाओं और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजरोंदा के बच्चों ने भाग लिया। बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ रैली को न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा जिला फरीदाबाद के जिला सचिव अजय कुमार शर्मा की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजरोंदा फरीदाबाद के प्रधानाचार्या जय प्रकाश ने की।

# नेताजी और पटेल के योगदान को वर्षों तक मान्यता नहीं दी गईः शाह

भाषा। पोर्ट ब्लेयर



**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जाने-माने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को कई वर्षों तक जानबूझकर कमतर दिखाने की कोशिश की गई और नेताजी सुभाष चंद्र बोस तथा सरदार वल्लभभाई पटेल को उचित पहचान, सम्मान या महत्व नहीं मिला। यहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का तीर्थ होना चाहिए और देश के युवाओं को क्रांतिकारियों द्वारा भुगती गई काला पानी की सजा के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार शाह ने कहा, देशभक्तों के लिए यह द्वीप समूह बेहद महत्वपूर्ण स्थान हैं क्योंकि नेताजी ने इस जमीन पर पहली बार 1943 में तिरंगा फहराया था और 1945 तक दो साल इसे ब्रिटिश राज से मुक्त रखा। उन्होंने कहा, इसके बावजूद, नेताजी और वल्लभभाई पटेल, जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद भारत को एक किया, उन्हें कई सालों तक मान्यता, सम्मान या महत्व नहीं दिया गया। कुछ जानेमाने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके योगदान को कम करने का जानबूझकर प्रयास किया गया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इसे ठीक करने के लिए गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थापित की और 23 जनवरी (सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन) को पराक्रम दिवस मनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि द्वीप समूह में उस स्थान पर एक विशाल तिरंगा लगाया गया है जहां आजाद हिंद फौज के प्रमुख (बोस) ने झंडा फहराया था। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि अंडमान निकोबार में 299 करोड़ रुपए की 14 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है और 643 करोड़ रुपए की 12 परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस पुल का उद्घाटन किया गया है उसका नाम, भारत की स्वतंत्रता के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा की गई 35 हजार किलोमीटर यात्रा के सम्मान में आजाद हिंद फौज पुल रखा जाएगा। शाह ने कहा कि माउंट हैरिएट, जहां मणिपुर के महाराजा कुलचंद्र ध्वज सिंह और 22 अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जेल में रखा गया था, उसका नाम माउंट मणिपुर रखा जाएगा। शाह ने रानी लक्ष्मीबाई द्वीप, शहीद द्वीप ईको टूरिज्म प्रोजेक्ट तथा स्वराज द्वीप वाटर एरोड्रोम का हवाई सर्वेक्षण भी किया।



नवी मुंबई की एक बाजार में लोगों की कोविड-19 की जांच करती स्वास्थ्य कर्मी

## बंगाल : कोलकाता के एक प्रसिद्ध रेस्तरां में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के दक्षिणी इलाके में एक लोकप्रिय रेस्तरां में शनिवार दोपहर व्यस्त समय के दौरान आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मुल्लिकबाजार क्षेत्र में स्थित मुगलई रेस्तरां के रसोईघर में संभवतः आग लगी और धीरे-धीरे पूरे रेस्तरां में फैल गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, जिस समय यह आग लगी रेस्तरां लोगों से लगभग पूरी तरह भर हुआ था। आग लगने पर दहशत की स्थिति हो गई थी। कुछ ग्राहकों को रेस्तरां के कर्मचारियों ने बाहर निकलने में मदद की, जबकि अन्य लोग खुद से ही बाहर निकल गए। आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है। रेस्तरां में आग के कारण उसके आस-पास के इलाकों में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ।

## एनएससीएन-आईएम पृथक झंडे और संविधान पर अड़ा

### एनएनपीजी ने नगा मुद्दे पर सरकारी वार्ताकार से बात की

भाषा। कोहिमा

**सरकार के** साथ शांति वार्ता पर अपना रूख कड़ा करते हुए नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम (एनएससीएन-आईएम) ने कहा है कि पृथक नगा झंडे और संविधान की मांग पर उसका रूख अडिग है क्योंकि ए नगा राजनीतिक संघर्ष एवं पहचान के प्रतीक हैं।

दशकों पुराने नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान तलाशने के लिए करीब दो साल के अंतराल के बाद वार्ता बहाल करने वाले एनएसीआईएन-आईएम ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि समस्या की जड़ें भारत की उस दुर्भावनापूर्ण खुशी में समाई हुई हैं जो नगा लोगों के ऐतिहासिक एवं राजनीतिक अधिकारों का उल्लंघन करती है। इस बीच नगा वार्ता में सरकार के प्रतिनिधि ए के मिश्रा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में नगा नेशनल पॉलिटिकल ग्रुप्स (एनएनपीजी) की कार्यसमिति के सदस्यों के साथ बैठक की। एनएनपीजी की मीडिया शाखा ने एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। यह एनएससीएन-आईएम के विरोधी सात संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है। उसने कहा, यह संवाद सौहार्दपूर्ण था जहां दोनों पक्षों ने निरंतरता एवं उद्देश्य के प्रति कटिबद्धता दिखाई और चीजें वहां से आगे बढ़ीं जहां पूर्व वार्ताकार आर एन रवि इस वार्ता से हटे थे। उसने कहा कि निकट भविष्य में भी चर्चा जारी रहेगी और स्थाई संबंध की बारीकियां तैयार की जाएंगी। अपना रूख सख्त करते हुए हालांकि एनएससीएन-आईएम ने कहा कि नगा झंडा और एहजाबो (संविधान) का मुद्दा इस पुरानी समस्या के हल की राह में रोड़ा है और उसने केंद्र पर विभाजनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया।

उसने एनएनपीजी और सरकार के वार्ताकार के बीच की वार्ता का हवाला देते हुए कहा, विडंबना है जब मुद्दा संभालना मुश्किल हो गया तब भारत सरकार नगा राजनीतिक समस्या का हल तलाशने के नाम पर विभाजनकारी नीति और चापलूसी का रास्ता अपनाने लगी। उसने कहा, भारत-नगा राजनीतिक मुद्दे का इतिहास हमारे सामने बिल्कुल स्पष्ट है तथा जो समझौतें एवं संधियां की गई हैं, वे सही मायने मे लागू करने के लिए थीं ही नहीं।

दैवीय मूल से संबंधित नगा झंडे पर कभी समझौता नहीं किया जा सकता। एनएससीएन -आईएम ने तीन अगस्त, 2015 के भारत सरकार के साथ एक समझौता-ढांचे पर दस्तख्त किए थे लेकिन उस समझौते ने अबतक अंतिम रूप नहीं लिया।

## जया की समाधि पर पहुंचीं शशिकला, राजनीतिक वापसी को लेकर अटकलें शुरू

भाषा। चेन्नई

**कुछ साल** पहले अन्नाद्रमुक निष्कासित की जा चुकीं वी के शशिकला ने शनिवार को पार्टी की पूर्व प्रमुख जे जयललिता की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनके मन का बोझ हल्का हो गया है तथा पार्टी का भविष्य उज्ज्वल है।

अन्नाद्रमुक की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की विश्वासपात्र शशिकला ने कहा कि उनके मन का बोझ हल्का हो गया है, जो 2016 में जयललिता की मृत्यु के बाद लगभग पांच साल उनके मन में बना रहा। शशिकला ने जयललिता की समाधित परश्रद्धांजलि देने के बाद यह बात कही।शशिकला ने कहा कि उन्होंने हालिया वर्षों में हुई घटनाओं के बारे में अम्मा को बताया और यह भी कहा कि पार्टी का भविष्य उज्ज्वल है।उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक एमजी रामचंद्रन और दिवंगत सुप्रीमो जयललिता पार्टी कार्यकर्ताओं और तमिलनाडु के लोगों के लिए जीते थे और उन्हें विश्वास है कि वे पार्टी और कार्यकर्ताओं को बचाएंगे। शशिकला के समाधि पर जाने को लेकर राजनीतिक टिप्पणीकार सुमनाथ रमन ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह राजनीति में धीरे-धीरे वापसी की घोषणा करने का एक औपचारिक तरीका हो सकता है। अब, ऐसा लग रहा है कि वह राजनीतिक वापसी करना चाहती हैं। लेकिन मुझे नहीं पता कि यह कितना सफल होगा।



अन्नाद्रमुक से निष्कासित की जा चुकीं वी के शशिकला ने पार्टी की पूर्व प्रमुख जे जयललिता की समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि दी

## भारत सरकार को बांग्लादेश में सांप्रदायिक हिंसा के संबंध में प्रभावी भूमिका निभानी चाहिएः तृणमूल

भाषा। कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** (टीएमसी) ने शनिवार को केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार पर निशाना साधते हुए उससे पड़ोसी देश बांग्लादेश में हो रही सांप्रदायिक हिंसा के संबंध में प्रभावी भूमिका निभाने और मूकदर्शक न बने रहने का आग्रह किया।

तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी भारत और बांग्लादेश दोनों देशों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा चाहती है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पड़ोसी देश में सरकार ने स्थिति नियंत्रण में करने को लेकर तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की है और कहा है कि भारतीय मिशन इस मामले पर बांग्लादेशी अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में है। पश्चिम बंगाल तृणमूल महासचिव घोष ने बंगाली में ट्वीट किया, बांग्लादेश से कुछ परेशान करने वाली खबरें आ रही हैं। हालांकि शेख हसीना सरकार और उस देश के कई लोग इस तरह के कृत्यों का विरोध कर रहे हैं, लेकिन भारत का प्रधानमंत्री कार्यालय मूकदर्शक क्यों बना हुआ है? केंद्र को एक प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए, और भाजपा को इस मामले पर नकली हिंदुत्व का सस्ता नाटक नहीं करना चाहिए। हम भारत और बांग्लादेश दोनों देशों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा चाहते हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और नंदीग्राम के भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने इस्कॉन के एक ट्वीट को रीट्वीट किया जिसमें उसने कहा कि बांग्लादेश में नोआखाली के उसके परिसर पर हमला किया गया है और एक सदस्य की मौत हो गई है।बांग्लादेश में उपद्रवियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच हुई झड़पों में कम से कम चार लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा कई हिंदू मंदिरों तथा दुर्गा पूजा पंडालों में तोड़फोड़ की गई है, जिसके बाद 22 प्रभावित जिलों में अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

● बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने ढाकेश्वरी राष्ट्रीय मंदिर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि सभी अपराधियों को ढूंढकर उन्हें दंडित किया जाएगा

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हाल में ढाका के ढाकेश्वरी राष्ट्रीय मंदिर में एक कार्यक्रम के दौरान हिंदुओं के साथ अभिवादन का आदान-प्रदान करते हुए कहा था कि सभी अपराधियों को ढूंढकर उन्हें दंडित किया जाएगा।

## सूरत में एक ट्यूशन केंद्र के आठ विद्यार्थी कोरोना वायरस से संक्रमित

**सूरत( भाषा )।** गुजरात के सूरत शहर के एक ट्यूशन केंद्र के आठ विद्यार्थी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उप नगर आयुक्त (स्वास्थ्य) आशीष नाइक ने बताया कि नियमित कक्षा में आने वाला एक विद्यार्थी सात अक्टूबर को संक्रमित पाया गया था, जिसके बाद सभी 125 बच्चों की जांच की गई। इनमें से सात संक्रमित पाए गए। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर ट्यूशन केंद्र को बंद कर दिया गया है। अक्टूबर में शहर में दूसरी बार किसी शिक्षण संस्थान से संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इस महीने एक निजी विद्यालय के कुछ छात्रों में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद उसे अस्थाई तौर पर बंद कर दिया गया।सूरत में अब तक संक्रमण के।,11,669 मामले सामने आए हैं, जिनमें से।,09,975 संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.48 फीसदी है।

## जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए दो जवानों के पार्थिव शरीर को उत्तराखंड लाया गया

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए उत्तराखंड के दो जवानों के पार्थिव शरीर को शनिवार को विमान के जरिए यहां लाया गया। शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए टिहरी और चमोली जिले में उनके पैतृक निवास स्थल के लिए भेजने से पहले उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में बृहस्पतिवार को आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान विक्रम सिंह नेगी (26) और योगाम्बर सिंह (27) शहीद हो गए थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभियान में युवा सैनिकों के शहीद होने पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देश उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेगा।

## क्विक न्यूज

### प्रेम त्रिकोण के चलते एक व्यक्ति की हत्या की योजना बना रहे तीन लोग गिरफ्तारः झारखंड पुलिस

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले मे एक प्रेम त्रिकोण को लेकर एक व्यक्ति को जान से मारने की योजना बना रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से एक देसी बम तथा एक पिस्तौल मिली है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए पुलिसकर्मियो के एक दल ने शुक्रवार को डॉल्टनगंज रेलवे स्टेशन के पास मेदिनीनगर इलाके से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुमार विजय शंकर ने कहा, पूछताछ के दौरान, 19 साल की उम्र के तीनों लोगों ने स्वीकार किया कि उन्होंने प्रेम त्रिकोण को लेकर एक व्यक्ति को मारने की योजना बनाई थी। पुलिस ने इनके पास से एक स्कूटी और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### राजस्थान के भरतपुर जिले में सड़क हादसे में तीन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले मे शनिवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह हादसा सेवर थाना क्षेत्र मे जयपुर-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। एक ट्रक से यात्रा कर रहे लोग उसका टायर पंक्चर हो जाने पर उसे बदल रहे थे, तभी एक तेज गति वाली कार उनको रौंदते हुए निकल गई। प्रवक्ता के अनुसार इस हादसे में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रवक्ता ने कहा कि मृतकों की पहचान खुर्शीद, जफरू एवं कमलेश के रूप में हुई है जो अलवर जिले के रहने वाले थे।

### मादक पदार्थ तस्कर को 10 साल की जेल की सजा

**मुंबई।** मादक पदार्थ तस्करी के मामले मे यहां की विशेष एनडीपीएस अदालत ने एक व्यक्ति को दस साल कारावास की सजा सुनाते हुए कहा कि मादक पदार्थ तस्कर समाज और विशेष तौर पर युवाओं के लिए खतरनाक है। अदालत ने यह फैसला दोषी के पास से 2004 में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में दिया। विशेष न्यायाधीश ए ए जोगलेकर ने 53 वर्षीय इब्राहिम अली खान को स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम और सीमा शुल्क कानून की विभिन्न धाराओं के दोषी करार देते हुए 10 साल कारावास और एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने फैसले में रेखांकित किया, आरोपी के खिलाफ साबित अपराध निश्चित तौर पर समाजिक खतरा है। मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता के कारण नशीले पदार्थों के तस्कर और कारोबारी पूरे समाज और विशेष तौर पर युवाओ के लिए खतरनाक है।

### एनसीबी ने मुंबई में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियान के तहत छापे मारे

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अपने अभियान के तहत शनिवार को मुंबई के बांद्रा, अंधेरी और पवई इलाको में छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई की विभिन्न टीमें अभियान चला रही है।उन्होंने कहा, अभियान सुबह शुरू हुआ और अब भी जारी है। दो हफ्ते पहले, ब्यूरो के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के नेतृत्व मे एजेंसी की एक टीम ने मुंबई तट से गोवा जाने वाले कॉर्डेलिया क्रूज पर छापा मारकर कथित तौर पर मादक पदार्थ जब्त किया था। इस मामले में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत कई लोगो को गिरफ्तार किया गया था। पिछले शनिवार को एनसीबी ने फिल्म निर्माता इम्तियाज खत्री के उपनगरीय बांद्रा स्थित आवास और कार्यालय पर छापेमारी की थी।

### मीरवाइज नीतहुयित ने श्रीनगर की जामिया मस्जिद को जबरन बंद किए जाने की निंदा की

**श्रीनगर।** मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाली हुर्रियत कॉन्फ्रेंस ने शनिवार को अधिकारियों द्वारा यहां की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को जबरन बंद करके हजारो लोगो को मस्जिद मे जुमे की नमाज अदा करने से रोकने की निंदा की। जामिया मस्जिद के प्रबंध निकाय ने शुक्रवार को दावा किया था कि अधिकारियों ने बड़ी संख्या मे सुरक्षाकर्मियो को तैनात करके वहां सामूहिक नमाज की अनुमति नही दी।निकाय ने यह भी कहा कि पुलिसकर्मियो ने कर्मचारियो को मस्जिद के सभी गेट बंद करने के लिए मजबूर किया और किसी भी नमाजी को अंदर जाने की अनुमति नही दी गई।मीरवाइज नीत गुट ने एक बयान मे कहा गया, हुर्रियत कांफ्रेंस राज्य के अधिकारियों द्वारा जुमे की सामूहिक नमाज के लिए जामिया मस्जिद, श्रीनगर को जबरन बंद करने की कड़ी निंदा करती है। बयान मे कहा गया है कि कोविड -19 के प्रसार को रोकने के लिए मस्जिद को बंद करने के बहाने का पहले ही पूरी तरह पर्दाफाश हो चुका है।

### छात्र को बुरी तरह से पीटन में शिक्षक गिरफ्तार

**कुड्डालोर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले मे कक्षा मे अनुपस्थित रहने को लेकर 12वी कक्षा के एक छात्र को बुरी तरह से पीटने के आरोप मे सरकारी स्कूल के एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार करने के बाद रिमांड पर भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो मे आरोपी शिक्षक को छात्र को बेत और लातो से मारते हुए देखा जा सकता है। वीडियो मे देखा जा सकता है कि शिक्षक ने छात्र के बाल पकड़े हुए है और उसके सहपाठियों के सामने बेत और लातो से उसकी पिटाई कर रहा है। पीड़ित छात्र को वीडियो मे फर्श पर घुटनों के बल आरोपी शिक्षक से याचना करते और रोते हुए देखा जा सकता है। पुलिस के मुताबिक शिक्षक (56) को शुक्रवार को गिरफ्तार करने के बाद रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सुब्रमण्यम नामक भौतिकी विषय के शिक्षक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओ के अलावा किशोर न्याय अधिनियम और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, चिदंबरम में नंदनार बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय के 17 वर्षीय पीड़ित छात्र की शिकायत के बाद शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पीड़ित छात्र को चोटें आई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### महाराष्ट्रः न्यायाधिकरण ने दुर्घटना पीड़ित परिवार को 16 लाख रुपए का मुआवजा देने का दिया आदेश

**ठाणे।** ठाणे मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने कर्नाटक के एक चालक के परिवार को 15.82 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। महाराष्ट्र के पनवेल में 2019 में व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। हाल ही में दिए एक आदेश में एमएसीटी सदस्य आर एन रोकडे ने एक टिपर ट्रक (डंपर) के मालिक और निजी बीमा कंपनी को संयुक्त तौर पर मुआवजा दावा दाखिल होने की तारीख से आठ प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया। टिपर ट्रक ऐसा भारी ट्रक होता है, जिसका पिछला हिस्सा सामान को गिराने के लिए उठाया जा सकता है।

## राष्ट्रपति कोविंद ने द्रास में कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, सैनिकों संग मनाया दशहरा

भाषा। जम्मू

**जम्मू कश्मीर** और लद्दाख केंद्र शासित क्षेत्र की दो दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, शुक्रवार को दशहरे के अवसर पर सैनिकों से मिले और उन्होंने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

राष्ट्रपति उधमपुर स्थित सेना के उत्तरी कमान से विमान द्वारा द्रास पहुंचे जहां उनका स्वागत लद्दाख के उप राज्यपाल आर के माथुर, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत तथा कारगिल युद्ध के नायक और उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल वाई के जोशी ने किया। अधिकारियों ने बताया कि कोविंद ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा किया तथा उन वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए कारगिल में प्राण न्योछावर कर दिए थे। बाद में राष्ट्रपति ने द्रास में सैनिकों संग दशहरा मनाया और भारत माता की जय के नारे लगाए। अधिकारियों ने कहा कि द्रास जाने से पहले राष्ट्रपति ने उधमपुर में उत्तरी कमान में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।



## झारखंडः रामगढ़ जिले में कांग्रेस नेता की हत्या

भाषा। रामगढ़ (झारखंड)

**झारखंड के** रामगढ़ जिले में शनिवार को कांग्रेस के 60 वर्षीय एक नेता अपने आवास पर मृत पाए गए और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाई गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया कि कुछ अज्ञात लोग भुरकुंडा पुलिस चौकी इलाके की सेंट्रल सौंदा कॉलोनी में कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव कमलेश नारायण शर्मा के आवास में शुक्रवार रात एक खिड़की से घुसे और लोहे की एक छड़ से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी तथा उनकी पत्नी चंचला शर्मा को गंभीर रूप से घायल कर दिया।उन्होंने बताया कि 55 वर्षीय महिला को रांची में राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि यह हत्या का मामला है और हत्या के मकसद का पता लगाने के लिए सभी संभावित पहलुओं से जांच की जा रही है। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद घटनास्थल पर पहुंची और उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करेंगी और घटना की सीआईडी से जांच कराने की मांग करेंगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा, मैं इस बर्बर हत्या की निंदा करती हूं और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने तथा कड़ी सजा देने की मांग करती हूं।

● कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद घटनास्थल पर पहुंची और उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करेंगी और घटना की सीआईडी से जांच कराने की मांग करेंगी

# नई शिक्षा नीति में पढ़ाई भी और कमाई भी पर जोर

## ● शिक्षा मंत्री ने 29वें हुनर हाट का उद्घाटन

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय शिक्षा** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाई गई नई शिक्षा नीति में पढ़ाई भी और कमाई भी पर जोर दिया गया है तथा शिक्षा मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मिल कर कारीगरों, दस्तकारों के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास का प्रशिक्षण मुहैया कराएंगें। उन्होंने उत्तर प्रदेश के रामपुर में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित 29वें हुनर हाट के उद्घाटन के मौके पर यह टिप्पणी की।

इस मौके पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। यहां जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक "हुनर हाट" के उद्घाटन के अवसर पर प्रधान ने कहा, हमारे देश में हर घर में हुनर है। उसकी ब्रांडिंग और उसे बड़े स्तर पर मौका-मार्किट उपलब्ध कराने की जरुरत है और इस दिशा में हुनर हाट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उनके मुताबिक, हुनर हाट के जेम (गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस) पर आने से कारीगरों के उत्पादों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मौका-मार्केट मिलेगा। स्वदेशी उत्पादों की बिक्री में इजाफा होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा, देश के हर गांव में विश्वकर्मा हैं।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और केंद्रीय संसदीय मामलों के राज्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रामपुर में हुनर हाट के उद्घाटन करते हुए

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय हुनर हाट के माध्यम से इनके हुनर को मौका दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति में पढ़ाई भी और कमाई भी पर जोर दिया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मिल कर कारीगरों, दस्तकारों के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास का प्रशिक्षण मुहैया कराएंगें। नकवी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले 75 हुनर हाट के जरिए 7 लाख 50 हजार दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों और उनसे जुड़े लोगों को रोजगार और रोजगार के मौकों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जोर देकर कहा, हुनर हाट, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी-स्वावलंबन और "वोकल फॉर लोकल" के अभियान को मजबूती देने के साथ-साथ स्वदेशी दस्तकारों, शिल्पकारों को रोजगार देने और उनके शानदार हस्तनिर्मित उत्पादों को बाजार मुहैया कराने का एक "प्रामाणिक प्लेटफॉर्म" साबित हुआ है। मेघवाल ने कहा, हुनर हाट प्रधानमंत्री मोदी के "आत्मनिर्भर भारत" और "वोकल फॉर लोकल" अभियान को मजबूत करने का सबसे सुन्दर मंच है। रामपुर में आयोजित "हुनर हाट", "आत्मिनर्भर भारत" अभियान को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश भर में आयोजित होने जा रहे 75 हुनर हाटों की श्रृंखला में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा रामपुर में 16 से 25 अक्टूबर 2021 तक हुनर हाट का आयोजन हो रहा है। इसमें 30 से ज्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 700 दस्तकार, शिल्पकार, कारीगर अपने स्वदेशी हस्तनिर्मित उत्पादनों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए पहुंचे हैं।



बीएसएफके जवानों ने बीकानेर में विजयादशमी में शस्त्र पूजा के अवसर पर हथियारों की पूजा की।

## इम्तियाज रूसी फिल्म महोत्सव के एंबेसडर नियुक्त किये गये

**मुंबई।** निर्देशक-निर्माता इम्तियाज अली को भारत में रूसी फिल्म महोत्सव का एंबेसडर नियुक्त किया गया है। महोत्सव के तहत 16 अक्टूबर से 27 नवंबर तक डिज्नीहॉटस्टार पर भारतीय दर्शकों के लिए विभिन्न शैलियों की दस मशहूर रूसी फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। अली ने कहा कि यह उत्सव भारत और रूस के बीच भविष्य में सिनेमाई सहयोग के लिए एक आधार के रूप में कार्य करेगा। लव आज कल , जब वी मेट , रॉकस्टार और तमाशा जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले फिल्मकार अली ने एक बयान में कहा, रूस और भारत के सांस्कृतिक संबंध है, जो बहुत पुराने है। राज कपूर और मिथुन चक्रवर्ती जैसे फिल्मी सितारे रूस में बहुत लोकप्रिय रहे है। साथ ही, रूसी संगीत और सिनेमा भारत में लोकप्रिय संस्कृति का हिस्सा रहे है।

## गायक राशिद खान को जान से मारने की धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रख्यात शास्त्रीय संगीतकार व गायक उस्ताद राशिद खान को जान से मारने की धमकी देने के आरोप मे दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है। कोलकाता पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक इस मामले मे गिरफ्तार किए गए दोनो ही आरोपी उस्ताद राशिद खान के पूर्व कर्मचारी है। आरोपियो ने संगीतकार से रुपयो की भी मांग की थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक एक आरोपी दिग्गज संगीतकार का पूर्व कार्यालय सहायक था, जिसे उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरे आरोपी को कोलकाता से ही गिरफ्तार किया गया, जो संगीतकार के चालक के रूप मे काम कर चुका है। पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपियो ने शुरू मे सुरक्षा राशि के रूप में 50 लाख रुपए की मांग की और बाद मे राशि घटाकर 20 लाख रुपए कर दी। धन राशि का भुगतान नही करने पर उस्ताद राशिद खान को जान से मारने की धमकी दी। पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद राशिद खान को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के एक दिग्गज फनकार के रूप मे जाना जाता है। संगीतकार ने संवाददाताओ से कहा कि इस मामले को लेकर उनके परिवार के सदस्यो ने नौ अक्टूबर को नेताजी नगर पुलिस थाने मे एक शिकायत दर्ज कराई थी।

## रतन लाल गुप्ता जम्मू के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रांतीय अध्यक्ष

**जम्मू।** पूर्व विधान पार्षद (एमएलसी) रतन लाल गुप्ता को शनिवार को जम्मू के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेका) का प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। अपने पूर्ववर्ती देवेंद्र सिंह राणा के पार्टी से इस्तीफे के बाद इस पद पर मनोनीत किए जाने के लगभग एक सप्ताह बाद उनका निर्वाचन हुआ। संगठन के एक प्रवक्ता ने बताया कि पेशे से वकील गुप्ता को यहां पार्टी मुख्यालय मे शेख मुस्तफा कमाल सहित नेका के वरिष्ठ नेताओ की देखरेख में हुए मतदान में इस पद के लिए चुना गया। पद के लिए चुने जाने के बाद गुप्ता ने कहा, नेशनल कॉन्फ्रेंस एकमात्र ऐसी पार्टी है जो जम्मू-कश्मीर को मौजूदा उथल-पुथल से बाहर निकाल सकती है क्योंकि इसका जमीनी स्तर पर मजबूत आधार है।

राणा और पूर्व मंत्री एस एस सलाथिया के 11 अक्टूबर को पार्टी छोड़ने और दिल्ली में भाजपा में शामिल होने पर गुप्ता ने कहा कि नेका एक आंदोलन है और इसने पूर्व में कई चुनौतियो का सफलतापूर्वक सामना किया है। नेका के वरिष्ठ नेता ने कहा, जम्मू कश्मीर बुरे दौर से गुजर रहा है। समाज का हर वर्ग जिसमे युवा, व्यवसाई और उद्योगपति शामिल है, बेहद पीड़ित है और कोई भी वर्तमान प्रशासन से खुश नही है। उन्होने कहा कि नेका कार्यकर्ताओ ने इस स्थिति से उबरने के लिए जमीनी स्तर पर पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिया है।

# विलंब के कारण गवाही को अस्वीकार नही किया जा सकताः उच्चतम न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने हत्या के एक मामले में चार लोगों की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली उनकी अपील को अस्वीकार करते हुए कहा है कि महज प्रत्यक्षदर्शियों के बयान रिकॉर्ड करने में विलंब के कारण उनकी गवाही को अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति यू यू ललित, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि उपलब्ध सामग्री निश्चित रूप से इस बात को स्थापित करती है कि आरोपी व्यक्तियों ने भय पैदा किया। न्यायमूर्ति यू यू ललित की अध्यक्षता वाली इस पीठ ने कहा, यह सच है कि संबंधित प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज करने में कुछ विलंब हुआ है। लेकिन केवल इस आधार पर उनकी गवाही को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि गवाह आतंकित और डरे हुए थे और कुछ समय तक वे सामने नहीं आए तो ऐसे में उनके बयान दर्ज करने में हुई देरी को समझा जा सकता है। न्यायालय चार आरोपियों की ओर से दायर अपील पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उनकी अपीलों को खारिज करने और सत्र न्यायाधीश द्वारा की गई दोषसिद्धि और सजा की पुष्टि करने के फैसले को चुनौती दी थी। अपीलकर्ताओं के वकील ने न्यायालय को दो प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही के बारे में सूचित किया था और कहा था कि उनके बयानों को दर्ज करने में हुआ विलंब इस मामले में अभियोजन पक्ष के लिए नुकसानदायक होगा। उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है कि गवाहों के बयान दर्ज करने में देरी क्यों हुई। वकील ने कहा कि दो प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही के अलावा अपीलकर्ताओं के अपराध को साबित करने के लिए रिकॉर्ड में कुछ और नहीं है। इस पर, सरकारी वकील ने कहा कि आरोपियों का आतंक इस कदर था कि गवाह भाग गए थे और वे जांच अधिकारियों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी समेत अन्य कदम उठाए जाने के बाद ही सामने आए।

# श्रीनगर, जम्मू में वायु सेना अड्डों पर ड्रोन रोधी सुरक्षा मुहैया कराने के लिए एनएसजी तैनातः गणपति

**भाषा।** गुड़गांव

**आतंकवाद** रोधी बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को श्रीनगर और जम्मू में भारतीय वायु सेना अड्डों पर ड्रोन रोधी सुरक्षा कवच मुहैया कराने के लिए तैनात किया गया है। बल के महानिदेशक एम ए गणपति ने शनिवार को यह जानकारी दी। जम्मू में भारतीय वायु सेना अड्डे पर 27 जून को सीमा पार से आए दो मानव रहित एरियल व्हिकल्स (यूएवी) ने बम गिराए थे। इस घटना में वायुसेना के दो कर्मी घायल हो गए थे और इमारत के एक हिस्से को क्षति पहुंची थी। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बल के ए दो प्रतिष्ठान पाकिस्तान की सीमा के नजदीक हैं और संवेदनशील श्रेणी में आते हैं। एनएसजी के प्रमुख ने कहा कि संघीय आतंकवाद रोधी और हाइजैक रोधी कमांडो बल आतंकवाद रोधी क्षमता का विस्तार कर रहा है और उभरती सुरक्षा चुनौतियों से खुद को निपटने के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि बल की बम निरोधक टीम ने आईईडी और टिफिन बम को निर्षक्रिय कर दिया था। उन्होंने यहां मानेसर में बल के 37वें स्थापना दिवस के मौके पर कहा कि एनएसजी को भारतीय वायु सेना के श्रीनगर और जम्मू अड्डों पर ड्रोन हमले से रक्षा के लिए तैनात किया गया है और यह प्रणाली सफलतापूर्वक काम कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इन दो ठिकानों पर तब तक तैनाती जारी रहेगी जब तक एक पूर्णकालिक स्वतंत्र ड्रोन रोधी प्रणाली की तैनाती इन दो अड्डों पर नहीं हो जाती। अधिकारी ने बताया कि एनएसजी के पास ड्रोन रोधी उपकरण, रडार, जैमर और ड्रोन गिराने वाली बंदूक मौजूद हैं।

## महाराष्ट्र की वर्तमान सरकार सबसे भ्रष्ट : फडणवीस

**भाषा।** नागपुर

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शनिवार को आलोचना करते हुए कहा कि शिवसेना नीत महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार राज्य के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है और उगाही इसका एकमात्र एजेंडा है। पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि एमवीए सरकार झूठ के सहारे सत्ता पर काबिज हुई है, साथ ही उन्होंने दावा किया कि भाजपा राज्य की नंबर एक पार्टी है। भाजपा नेता का यह बयान शिवसेना नेता के यहां वार्षिक दशहरा रैली में भाजपा के खिलाफ बयानबाजी करने के बाद आया है। फडणवीस ने कहा, ठाकरे का भाषण उनकी हताशा दिखाती है। आप भाजपा की छवि खराब करने की कोशिश कर सकते है, लेकिन पार्टी का आधार मजबूत है....आप को याद रखना चाहिए कि भाजपा राज्य की नंबर एक पार्टी है। आप कह रहे हैं कि जनता ने भाजपा को नकार दिया, लेकिन तथ्य यह है कि उन्होंने राकांपा और कांग्रेस को नकार दिया और आपको (शिवसेना) बढ़ावा दिया। हम जिन सीटों पर साथ मिलकर लड़े थे (2019 के विधानसभा चुनाव), उनमें से करीब 70 प्रतिशत सीटों पर भाजपा जीती थी और शिवसेना ने 45 प्रतिशत सीटें जीती थीं।



जम्मू के बाहरी इलाके नगरोटा में संयुक्त सेना प्रशिक्षण शिविर में बंदूक चलाने के प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट

## कर्नाटक के सीएम ने ग्रामीणो की समस्याएं दूर करने, विकास के लिए कार्यक्रम की शुरुआत की

**भाषा।** दावणगेरे (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि कोई भी सरकार जनहितैषी तभी बन सकती है, जब ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले सभी संस्थान प्रभावी तरीके से काम करें। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की दिक्कतों और शिकायतों का समाधान करने के लिए न्यामती तालुका के सुरहोन्ने गांव में जिला प्रशासन का गांव की ओर मार्च कार्यक्रम की शुरुआत की और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सेवा करने के मकसद से सरकार उनके घर तक पहुंचेगी। सरकार ने 227 गांवों को चुना है, जिन्हें आदर्श गांवों में बदलने की योजना शुरू की जाएगी। बोम्मई ने कहा कि केवल जिला प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरा सरकारी तंत्र गांवों तक पहुंचेगा। कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के अधिकारी गांवों में समय बिताएंगे और वहां की समस्याओं को समझकर जल्द से जल्द उनका समाधान करेंगे। बोम्मई ने कहा कि लोगों को मुद्दों को हल करने के लिए तालुका कार्यालयों का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि पेंशन समेत अन्य मुद्दों को ग्राम पंचायत स्तर पर हल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनसेवक कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों को सभी सुविधाएं प्रदान करने की भी योजना बनाई है और एक नवंबर को बेंगलुरु के सभी 28 विधानसभा क्षेत्रों में यह पायलट परियोजना शुरू की जाएगी।

# लापता होने के पोस्टरों से प्रज्ञा ठाकुर हुईं नाराज, कहाः देशद्रोहियों के लिए कोई जगह नहीं है

**भाषा।** भोपाल



**भोपाल** लोकसभा सीट से भाजपा की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कोविड-19 महामारी के दौरान उनके लापता होने के पोस्टर लगाने के लिए प्रदेश कांग्रेस के एक विधायक की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे कांग्रेसियों और देशद्रोहियों के लिए देश में कोई स्थान नहीं है, देश में केवल देशभक्त ही रह सकते हैं। शुक्रवार रात को आयोजित एक कार्यक्रम में ठाकुर ने कांग्रेस के भोपाल दक्षिण से विधायक पीसी शर्मा पर निशाना साधा जबकि शर्मा कार्यक्रम में ही मौजूद थे। इसके बाद शर्मा कार्यक्रम बीच में ही छोड़ कर चले गए। कार्यक्रम के दौरान ठाकुर ने हिंदुओं को देशभक्त बताया और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति नर्मदा परिक्रमा करने से पवित्र नहीं बन सकता। ठाकुर ने एमवीएम मैदान एक कार्यक्रम में कहा, पशु में भी संवेदना होती है।

# केरल राज्य फिल्म पुरस्कार : द ग्रेट इंडियन किचन को सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**निर्देशक** जियो बेबी की फिल्म द ग्रेट इंडियन किचन को 51वें केरल राज्य फिल्म पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया है। शनिवार को घोषित इन पुरस्कारों में फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ पटकथा का खिताब भी जीता। यह फिल्म एक पारंपरिक मध्यम वर्गीय परिवार में एक नवविवाहित जोड़े की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। छोटे बजट की इस फिल्म ने महिला के घरेलू होने के मिथक को तोड़ दिया और पितृसत्ता के खिलाफ कुछ वाजिब एवं परेशान करने वाले सवाल उठाए। यह फिल्म बहुत बड़ी हिट रही थी। इसके अलावा लोकप्रिय अभिनेता जयसूर्या और अन्ना बेन को क्रमश: वेलम और कप्पेला फिल्मों में उनके शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं, सिद्धार्थ शिवा को उनकी फिल्म एन्निवर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार के लिए चुना गया है। अभिनेता पृथ्वीराज-स्टारर अय्यप्पनम कोशियम ने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार हासिल किया। राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री साजी चेरियन ने संवाददाता सम्मेलन में इन पुरस्कारों की घोषणा की। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ फिल्म के निर्देशक को पुरस्कार के रूप में दो लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका मिलेगी। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री को एक लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र और एक पट्टिका मिलेगी। पुरस्कार समारोह दिसंबर में आयोजित होगा, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।



सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली अन्ना बेन कोच्चि में माता-पिता बेनी पी नायरम्बलम और फुलजा बेनी के साथ

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीरः वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सुरक्षा चूक की बात को खारिज किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घाटी में हाल में असैन्य नागरिकों की हत्या के पीछे किसी भी तरह की सुरक्षा चूक से इनकार किया और कहा कि उन सभी को सुरक्षा मुहैया कराना संभव नहीं है, जो आतंकियों के आसान लक्ष्य (सॉफ्ट टारगेट) हो सकते हैं। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने यहां एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा कि पिछले सप्ताह मारे गए किसी भी रहवासी को पुलिस ने सुरक्षा मुहैया नहीं कराई थी। पिछले हफ्ते कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के चार लोगों सहित सात असैन्य नागरिकों की हत्या कर दी गई थी, जिससे घाटी में लोगों में डर पैदा हो गया और राजनीतिक दलों ने सुरक्षा तंत्र की आलोचना की। कुमार ने कहा, सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई... उन्होंने (आतंकवादियों) ने आसान लक्ष्य चुना, हमने उन्हें (नागरिकों को) सुरक्षा मुहैया नहीं कराई थी।

### सड़क हादसों में पीड़ितों की मदद के लिए लोगों को प्रेरित करने हेतु योजना लागू

**भोपाल।** सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लिए केंद्र की गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) योजना को मध्य प्रदेश में लागू किया गया है। इसमें पीड़ितों को स्वर्ण घंटे (प्रारंभिक बेशकीमती समय जब पीड़ितों के अस्पताल पहुंचाए जापर पर उसकी जान बचने की गुंजाइश होती है) के भीतर अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा। मध्य प्रदेश यातायात और सड़क सुरक्षा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जी जनार्दन ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया, गुड सेमेरिटन स्कीम (नेक आदमी योजना) के तहत कोई भी आदमी सड़क हादसे के पीड़ित व्यक्ति को एक घंटे की भीतर अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर ले जाकर उसकी जान बचाता है, तो उसे पांच हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। केंद्र की यह योजना मध्यप्रदेश में दशहरा (15 अक्टूबर) से लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य आम जनता को आपात स्थिति में सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मदद करने और बेकसूर लोगों की जीवन को बचाने के लिए प्रेरित करना है। अगस्त में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने संसद को सूचित किया कि वर्ष 2020 के दौरान भारत में कुल 3,66,138 सड़क हादसे हुए और उनमें 1,31,714 मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को एक वर्ष में अधिकतम पांच बार सम्मानित किया जा सकता है।

### विदेश राज्य मंत्री मुरलीधरन अगले सप्ताह सूडान गणराज्य और दक्षिणी सूडान की यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन 18-19 अक्टूबर को सूडान गणराज्य तथा 20-22 अक्टूबर को दक्षिणी सूडान की यात्रा करेंगे तथा दोनों देशों के साथ आपसी हितों से जुड़े द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, मुरलीधरन की इन दोनों देशों की यह पहली यात्रा होगी। सूडान गणराज्य की यात्रा के दौरान मुरलीधरन वहां की विदेश मंत्री डा. मरियम अल सादिक अल महदी एवं अन्य गणमान्य लोगों के साथ आपसी हितों से जुड़े द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसमें कहा गया है कि सूडान गणराज्य की यात्रा के दौरान मुरलीधरन वहां के सम्प्रभु परिषद के अध्यक्ष प्रथम लेफ्टिनेंट जनरल अब्देल फतह अब्देल रहमान अल बुरहान तथा प्रधानमंत्री एम अब्दुल्ला हामदोक से भी मुलाकात करेंगे। वे सूडान में भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगे।

### झारखंड में बिजली के झूलते तार की चपेट में आने से तीन श्रमिकों की मौत, नौ घायल

**गुमला (झारखंड)।** झारखंड के गुमला जिले में बिजली के झूलते तार की चपेट में आने से दो महिलाओं समेत तीन श्रमिकों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को डुमरटोली मोहल्ले में हुई। श्रमिक घटना के समय मिक्सचर मशीन ले जा रहे थे, तभी वह झूल रहे तार की चपेट में आ गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो श्रमिकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की मौत राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची में शनिवार को हुई। घायलों का गुमला सदर अस्पताल और रिम्स में उपचार चल रहा है। गुमला के उपायुक्त शिशिर कुमार सिन्हा ने मृतक के परिजन के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है। उप संभागीय पुलिस अधिकारी मनीष चंद्र लाल ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विषेश रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोरमा देवी/ राकेश कुमार/ (27300000358 & QZDWA00005021560) | डीडीए जनता फ्लैट नंबर- 198, तीसरी मंजिल पॉकेट- 7, फेज-1 नासिर पुर, द्वारका दिल्ली/ अक्टूबर 12, 2021 | जुन 03, 2021 ₹. 12,65,589/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: अक्टूबर 16, 2021
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# जलवायु वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण चिंता का विषय

**भाषा।** वाशिंगटन



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने जलवायु वित्तपोषण को चिंता का विषय बताया है। उन्होंने वित्त पोषण के तंत्र और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को लेकर भारत की चिंता का भी इजहार किया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की यहां बैठकों के समापन के बाद सीतारमण ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि सीओपी 21 (कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज) के विस्तार के मद्देजनर 100 अरब डॉलर प्रतिवर्ष की प्रतिबद्धता कैसे जताई गई है।

सीतारमण ने कहा, मेरी तरफ से मैंने एक यह विषय उठाया और कई लोग इस बात का संज्ञान लेते हैं। हमें वास्तव में यह नहीं पता कि यह आकलन करने के लिए कोई उपाय किए गए हैं या नहीं कि किसी परियोजना विशेष पर यदि कोई धन खर्च करता है, तो क्या वह उसी 100 अरब डॉलर राशि का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा, 100 अरब डॉलर में क्या-क्या शामिल है? हम कैसे पता लगाएंगे कि वास्तव में 100 अरब डॉलर दिए गए हैं या उसमें से कुछ राशि ही दी गई है? इसलिए 100 अरब डॉलर प्रतिवर्ष आ रहे हैं या नहीं, केवल यही मुद्दा नहीं है। एक विषय यह भी है कि हम कैसे आकलन करेंगे कि ए वास्तव में आ रहा है या नहीं। सीतारमण ने कहा कि आईएमएफ और विश्व बैंक दोनों की बैठकों में शामिल कई भागीदारों ने इस विषय को उठाया। उन्होंने कहा, इसलिए धनराशि भी कई देशों के लिए उतनी ही चिंता का विषय बनी हुई है जितनी चिंता प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की है। उन्होंने कहा, धनराशि की तरह ही क्या हमें पता है कि हम किस प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की बात कर रहे हैं? क्या हम जानते हैं कि वे कौन सी चीजें हैं जिन पर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और उसकी चर्चा में विचार किया जाना है। वित्त मंत्री ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि उनका इस दृष्टिकोण का मतलब यह नहीं है कि वह अंसतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, मेरा बयान में असंतोष नहीं है क्योंकि भारत ने अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी की हैं। केवल छह देश हैं जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है। सीतारमण ने कहा, भारत ने जितना वादा किया, उससे कहीं अधिक किया है और यह बताने के लिए एक रिपोर्ट भी पेश की है कि हमने अबतक क्या किया है। हमने 2030 तक जो हासिल करना है, वो लगभग पहले ही हासिल कर लिया है। अब हमने नवीकरणीय ऊर्जा पर अपने लक्ष्य को बढ़ा लिया है। हम 450 गीगावॉट पर पहुंच रहे हैं।

● **बाइडन प्रशासन, अमेरिकी कंपनियों ने भारत के आर्थिक सुधारों को सराहा: सीतारमण**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जो बाइडन प्रशासन के साथ-साथ अमेरिका के कॉरपोरेट क्षेत्र के दिग्गजों ने भारत सरकार के सुधारों को काफी सकारात्मक कदम बताया है। वित्त मंत्री ने कहा कि विशेषरूप से अमेरिका की कंपनियां पिछली तारीख से कराधान को समाप्त किए जाने के फैसले से काफी खुश हैं। अगस्त में संसद ने विधेयक पारित कर पिछली तारीख से कराधान को समाप्त कर दिया था। इसके तहत तहत कर विभाग को 50 साल तक पुराने मामले में भी पूंजीगत लाभ कर लगाने का अधिकार था। इस कानून को समाप्त किए जाने के बाद सरकार को अब कंपनियों से पिछली तारीख के कराधान के जरिए वसूली गई राशि को वापस लौटाना होगा। इसके लिए कंपनियों को भी सरकार के खिलाफ इस तरह के मामलों में सभी कानूनी मुकदमों को वापस लेना होगा। सीतारमण ने कहा, हमने जो सुधार किए हैं, विशेषरूप से पिछली तिथि से कर को समाप्त करने का फैसला, अमेरिकी प्रशासन ने उसे काफी सकारात्मक कदम बताया है।

सीतारमण ने शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी चरण की अपनी अमेरिका यात्रा समाप्त होने पर संवाददाताओं से कहा कि कॉरपोरेट जगत के लोगों ने भी इस फैसले की सराहना की है।

वाशिंगटन से वित्त मंत्री न्यूयॉर्क जाएंगी जहां वह कारोबारी समुदाय के साथ परिचर्चा में भाग लेंगी। उसके बाद वह स्वदेश रवाना होंगी।



कोच्चि में तालाब से धान की फसल निकालता बालक

## शंघाई सहयोग संगठन में स्टार्टअप, नवोन्मेष के लिए विशेष कार्य समूह की जरूरत: अनुप्रिया पटेल

**भाषा।** नई दिल्ली



**वाणिज्य और** उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में सदस्य देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए स्टार्टअप और नवोन्मेष पर एक नया विशेष कार्य समूह बनाने का प्रस्ताव दिया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। अनुप्रिया ने एसीसीओ की एक बैठक में वीडिया कांफ्रेंस के जरिए हिस्सा लिया। उन्होंने व्यापार और वाणिज्य में संतुलित और समान विकास के लिए एससीओ के सदस्यों के बीच प्रभावी सहयोग की जरूरत पर भी जोर दिया। अनुप्रिया ने कहा कि स्टार्ट-अप और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग, अर्थव्यवस्थाओं को महामारी के असर से उबारने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। केंद्रीय मंत्री ने सभी एससीओ सदस्यों को भारत द्वारा 27-28 अक्टूबर, 2021 के बीच आयोजित किए जाने वाले दूसरे स्टार्ट-अप फोरम में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। बयान में कहा गया, उन्होंने स्टार्टअप और नवोन्मेष पर एक नया विशेष कार्य समूह बनाने और पारंपरिक चिकित्सा में सहयोग पर एक नया विशेषज्ञ कार्य समूह स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। इस बैठक में भारत के अलावा, एससीओ के महासचिव और दूसरे सदस्य देशों - चीन, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## सब्यसाची दास एलएंडटी एडुटेक के सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने सब्यसाची दास को एलएंडटी एडुटेक का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। यह कंपनी की वर्चुअल लर्निंग और क्षमता निर्माण क्षेत्र में नई व्यावसायिक पहल है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि दास उस उद्यम का नेतृत्व करेंगे, जो छात्रों और इच्छुक पेशेवरों के लिए एक उद्योग-आधारित, उपयोग-आधारित, मजबूत सीखने का मंच प्रदान करेगा। दास ने कहा, एलएंडटी जैसे बड़े और प्रतिष्ठित ब्रांड से जुड़ना और एक नए उद्यम का नेतृत्व करने के लिए बागडोर संभालना रोमांचक है। इस नए उद्यम का उद्देश्य भारत के युवाओं को उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल प्रदान करना है। उन्होंने कहा, एलएंडटी एडुटेक मंच पिछले 18 महीनों से बनने की प्रक्रिया में रहा है। अब हम अपनी पेशकश को बाजार में ले जाने के लिए तैयार हैं। गहन ज्ञान और व्यापक अनुभव के साथ हमारा नया व्यवसाय छात्र-छात्राओं और पेशेवरों दोनों को अपने क्षेत्र के दक्ष लोगों से सीखने का अवसर प्रदान करता है।

## कोलकाता में हुआ घरों का पंजीकरण दोगुना से अधिक

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोलकाता में** जुलाई-सितंबर के दौरान घरों का पंजीकरण दोगुना से भी अधिक होकर 15,160 इकाई पर पहुंच गया। राज्य सरकार द्वारा स्टाम्प शुल्क में कटौती के निर्णय से पंजीकरण में वृद्धि देखी गई है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। संपत्ति सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक ने कहा कि जुलाई-सितंबर, 2021 के दौरान कोलकाता महानगर क्षेत्र में कुल 15,160 आवासीय बिक्री विलेख का पंजीकरण हुआ, जो इससे पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 122 प्रतिशत अधिक है।

आंकड़ों के अनुसार जुलाई, अगस्त और सितंबर में घरों का पंजीकरण सालाना आधार पर क्रमश : 39 प्रतिशत, 268 प्रतिशत और 80 प्रतिशत बढ़ गया। अगस्त में 7,316 इकाइयों का पंजीकरण हुआ, जो इस साल किसी एक महीने में बिक्री का सबसे ऊंचा स्तर है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने जुलाई, 2021 में राज्य के बजट में सभी दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क में दो प्रतिशत की कटौती की घोषणा की थी।

● **स्टाम्प शुल्क में कटौती का दिखा असर**

संपत्ति सलाहकार कंपनी ने कहा कि स्टाम्प शुल्क में छूट का लाभ उन दस्तावेजों के लिए उपलब्ध है, जिनका पंजीकरण नौ जुलाई, 2021 से 30 अक्टूबर, 2021 के बीच पूरा होगा। नाइट फ्रैंक ने कहा कि स्टाम्प शुल्क में कटौती के साथ सर्किल दरों में 10 प्रतिशत की कमी से घरों के खरीदार बाजार में लौटे हैं।

## डीजीसीए ने स्पाइसजेट का खतरनाक सामान ले जाने का लाइसेंस अस्थाई रूप से निलंबित किया

**मुंबई।** विमानन नियामक डीजीसीए ने नियमों के कथित उल्लंघन के लिए खतरनाक सामान के परिवहन को लेकर स्पाइसजेट के लाइसेंस को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि यह निलंबन 30 दिनों के लिए है और इस अवधि के दौरान स्पाइसजेट को अपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में लिथियम-आयन बैटरी सहित खतरनाक सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी। संपर्क किए जाने पर स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने सीधे तौर पर निलंबन का जिक्र नहीं किया। एयरलाइन ने कहा कि एक मामूली समस्या थी जिसमें सामान भेजने वाले के एक पैकेज को गैर-खतरनाक सामान घोषित किया गया था। जबकि उसे काली सूची में डाला गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नियमों के अनुसार, खतरनाक सामान ऐसे पदार्थ हैं जो स्वास्थ्य, सुरक्षा, संपत्ति या पर्यावरण के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### लैपटॉप कंपनी ने आयात मूल्य को कम दिखाया, आयकर विभाग ने मामला पकड़ा

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने लैपटॉप और मोबाइल फोन के एक व्यापारी पर छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में आयात बिल या चालान (इन्वॉयस) को कम कर दिखाने के मामले का पता लगाया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीबीडीटी के अनुसार, 10 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर समेत हरियाणा और पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में इस संबंध में छापेमारी की गई। आयकर विभाग के लिए नीति बनाने वाली संस्था सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, तलाशी के दौरान मिले और जब्त किए गए सबूतों से पता चलता है कि विदेशी माल भेजने वालों को इस तरह के कम कर दिखाए गए बिलों का भुगतान हवाला के जरिए किया गया है। उसने कहा कि छापेमारी में लगभग पूरा कारोबार इसी तरह की तौर-तरीकों से चलता पाया गया है। इस दौरान 2.75 करोड़ रुपए की बेहिसाब नक्दी भी जब्त की गई है। कर अधिकारियों ने पाया कि इस व्यापार समूह ने मुखौटा कंपनियों के जरिए कम मूल्य दिखाकर आयात किया। जांच में यह तथ्य सामने आयात कि इस समूह ने तीन साल के दौरान सिर्फ 20 करोड़ रुपए का आयात दिखाया है जबकि इस अवधि के दौरान आयात का मूल्य 2,000 करोड़ रुपए से अधिक हो सकता है।

### सितंबर में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात 29.67 प्रतिशत बढ़कर 23,259 करोड़ रुपए पर

**मुंबई।** रत्न एवं आभूषणो का निर्यात सितंबर, 2021 में 29.67 प्रतिशत बढ़कर 23,259.55 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक साल पहले समान महीने में यह आंकड़ा 17,936.86 करोड़ रुपए रहा था। वही सितंबर, 2019 में 23,491.20 करोड़ रुपए के रत्न एवं आभूषणों का निर्यात हुआ था। जीजेईपीसी ने बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह माह अप्रैल-सितंबर में रत्न एवं आभूषणों का निर्यात इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 134.55 प्रतिशत बढ़कर1,40,412.94 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। जीजेईपीसी के चेयरमैन कोलिन शाह ने कहा, अप्रैल-सितंबर में1,40,412.94 करोड़ रुपए या 18.98 अरब डॉलर के निर्यात के साथ रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने सरकार द्वारा क्षेत्र के लिए तय लक्ष्य 41.66 अरब डॉलर का आधा (करीब 46 प्रतिशत) हासिल कर लिया है। बाजारों के खुलने तथा धीरे-धीरे मांग सामान्य होने से उद्योग की धारणा सकारात्मक हो रही है। उन्होंने कहा कि अब त्योहारी सीजन आ रहा है। ऐसे में जीजेईपीसी को वित्त वर्ष के अंत तक निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद है। अप्रैल-सितंबर, 2021 में कटे और पॉलिश हीरों (सीपीडी) का निर्यात 122.62 प्रतिशत बढ़कर 91,489.2 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले साल की समान अवधि में यह 41,095.89 करोड़ रुपए था। इसी तरह सोने के आभूषणों का निर्यात अप्रैल-सितंबर में 262.66 प्रतिशत बढ़कर 8,100.97 करोड़ रुपए से बढ़कर 29,379.36 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस अवधि में चांदी के आभूषणों का निर्यात 48.25 प्रतिशत बढ़कर 9,477.39 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले समान अवधि में 6,392.65 करोड़ रुपए था।

### टर्म लाइफ बीमा उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री गति पकड़ रही है : मैक्स लाइफ

**नई दिल्ली** । देश में टर्म लाइफ बीमा क्षेत्र में ऑनलाइन बिक्री गति पकड़ रही है। लोग एजेंट और सलाहकारों के बजाए अब खुद से टर्म लाइफ बीमा उत्पाद ऑनलाइन खरीदने को तरजीह दे रहे है। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहा। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के उप प्रबंध निदेशकवी विश्वानंद ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में समग्र टर्म लाइफ बीमा का 12.5 प्रतिशत भारतीय ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन खरीदा गया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन विकल्प हमारी जैसे कुछ कंपनियों के लिए उत्पादों की बिक्री का एक महत्वपूर्ण जरिया बन गया है। वित्त वर्ष 2020-21 में मैक्स लाइफ की बाजार हिस्सेदारी 30 प्रतिशत के करीब थी। वर्तमान में यह हिस्सेदारी भी इतनी ही है, जिसका अर्थ है कि भारत में तीन ऑनलाइन टर्म लाइफ बीमा खरीदारी में से एक मैक्स लाइफ से है। विश्वानंद ने कहा कि ऑनलाइन बीमा खरीदने वाले बीमाधारकों की औसत आयु 36 वर्ष है और कंपनी ने ऑनलाइन ग्राहकों के लिए उनकी प्रतिक्रिया के आधार पर कुछ नई योजनाएं पेश की है। उन्होने कहा कि कंपनी ने क्रेडिट ब्यूरो कम्पन्यियों के साथ भी समझौता किया है, जिससे हम हम अपने 60 प्रतिशत ई-कॉमर्स ग्राहकों से कोई अतिरिक्त दस्तावेज नही मांगते है।

## पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतों की वजह से ईंधन दक्ष वाहनों की मांग बढ़ेगी : रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** में वाहन ईंधन के दाम पिछले 15 माह में 35 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। इससे वाहन के परिचालन की कुल लागत में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में खरीदारों के बीच अब अधिक ईंधन दक्षता (अधिक एवरेज) और रखरखाव की कम लागत वाले वाहनों की मांग बढ़ेगी। एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि विशेषरूप से 10 लाख रुपए से कम की श्रेणी में ऐसे वाहनों की मांग बढ़ेगी, जिनके परिचालन, रखरखाव की लागत कम होगी। रिपोर्ट कहती है, पिछले 15 माह में ईंधन के दाम 35 प्रतिशत बढ़ गए हैं। ऐसे में वाहन रखने और चलाने की लागत बढ़ रही है। हमने जो बातचीत की है उससे पता चलता है कि उपभोक्ता ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर चिंतित हैं। रिपोर्ट में मारुति सुजुकी की स्विफ्ट के पेट्रोल मॉडल का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि इस कॉम्पैक्ट वाहन की मियाद अवधि तक इसकी लागत में ईंधन का हिस्सा 40 प्रतिशत बैठेगा।

### मनीष मल्होत्रा के फैशन ब्रांड में 40% हिस्सेदारी खरीदेगी रिलायंस ब्रांड्स

**नई दिल्ली** । रिलायंस ब्रांड्स लि. (आरबीएल) मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की एमएम स्टाइल्स प्राइवेट लि. में 40 प्रतिशत अल्पांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। दोनों कंपनियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि सौदे की कीमत का खुलासा नहीं किया गया है। यह एमएम स्टाइल्स के लिए पहला बाहरी निवेश है, जिसपर अब तक डिजाइनर का निजी स्वामित्व था। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य भारत और दुनिया भर में 16 साल पुरानी कंपनी (एमएम स्टाइल्स) की वृद्धि की योजना को बढ़ावा देना है।

## केंद्र जम्मू-कश्मीर को बिजली अधिशेष प्रदेश बनाने के लिए हर संभव मदद को प्रतिबद्ध: सिंह

**श्रीनगर।** केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर को बिजली अधिशेष प्रदेश बनाने की दिशा में हर संभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर में सभी आपूर्ति बाधाओं को दूर करने और नागरिकों को चौबीस घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदान के लिए भी प्रतिबद्ध है। एक आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार सिंह जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर यहां आए हैं। उन्होंने इस दौरान जम्मू-कश्मीर में नागरिकों के जीवन को और बेहतर बनाने और उद्योगों के लिए कारोबार सुगमता में सुधार के लिए हर समय गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में घर से काम करने का बढ़ रहा चलन

**कोच्चि।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) करने का चलन बढ़ रहा है। इससे कार्यबल में नवाजत बच्चों की मां और दिव्यांग भी जुड़ पा रहे हैं और इसका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। केरल में आईटी पार्क्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जॉन एम थॉमस ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कंपनियां इस तरह के मिश्रित तरीकों से काम करना जारी रखेंगी और कार्यबल को कम नहीं करेंगी। थॉमस ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि घर से काम करने के चलन को अधिक स्वीकृति मिली है और यह इसी तरह चलने वाला है। इसका आईटी क्षेत्र और समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इस नए चलन में नवजात बच्चों की मां और विकलांगों के जुड़ने से कार्यबल का भी विस्तार हुआ है। साथ ही शहरों में जाम की स्थिति में भी कमी आई है उन्होंने कहा कि उद्योग पटरी पर लौट रहा है और घर से काम करने के मॉडल पर 18 महीने से अधिक समय बिताने के बाद कर्मचारी धीरे-धीरे अपने कार्यालयों में लौट रहे हैं। थॉमस ने कहा कि कोविड-19 नियमों में ढील, प्रतिबंधों में छूट और कर्मचारियों के पूर्ण टीकाकरण के साथ राज्य में कंपनियां अगले साल की शुरुआत तक कार्यालय से काम फिर से शुरू करने की योजना बना रही हैं।

# पेज एक का शेष

## मैं कांग्रेस...

समिति का चुनाव कराया जाएगा। इसके साथ ही 2022 में 31 जुलाई से 20 अगस्त के बीच प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, कोषाध्यक्ष और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों का चुनाव संपन्न होगा। इसके बाद 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच कांग्रेस के नए अध्यक्ष का चुनाव होगा। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी और कई अन्य नेता शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बीमारी के चलते और वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह कुछ निजी कारण से इस बैठक में हिस्सा नहीं ले सके।

## दो और...

आतंकवादियों की सूची में शामिल था। पहली घटना में सेना के तलाशी अभियान के दौरान और आतंकवादियों के साथ एक संक्षिप्त गोलाबारी में सेना के जवानों को गुरुवार देर शाम गंभीर चोटें आई थीं। जिसमें शुक्रवार को दो शव बरामद किए गए, जबकि एक जेसीओ और एक अन्य जवान के 14 अक्टूबर से लापता होने के कारण तलाशी जारी रही। बीते 11 अक्टूबर को सीमा से लगे पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के डेरा की गली के घने जंगल वाले इलाके में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान एक जूनियर कमिश्नर ऑफिसर (जेसीओ) सहित पांच जवान शहीद हो गए थे। शहीद जवानों में तीन पंजाब के और एक-एक उत्तर प्रदेश और केरल के थे। रक्षा पीआरओ लेफ्टिनेंट-कर्नल देवेंद्र आनंद ने एक बयान में कहा कि पूंछ जिले के मेंढर तहसील के नर खास जंगल के घने जंगलों वाले इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान भारतीय सेना के सूबेदार अजय सिंह और नायक हरेंद्र सिंह मारे गए। उन्होंने यह भी कहा कि 14 अक्टूबर 2021 को आतंकवादियों के साथ भीषण गोलाबारी में सूबेदार अजय सिंह और नायक हरेंद्र सिंह के साथ संपर्क टूट गया था। आतंकवादियों को बेअसर करने और सैनिकों के साथ संपर्क फिर से स्थापित करने के लिए अभियान जारी रखा गया। सूबेदार अजय सिंह और नायक हरेंद्र सिंह भीषण कार्रवाई के दौरान हुई भीषण लड़ाइ में मारे गए और उनके शव 16 अक्टूबर की शाम को बरामद कर लिए गए। सूबेदार अजय सिंह निवासी उत्तराखंड के जिला टिहरी के नरेंद्र नगर तहसी के ग्राम-रामपुर के थे। नायक हरेंद्र सिंह भी उत्तराखंड के पौड़ी जिला के लैंसडाउन तहसील के पोस्ट रिखनीखाल के गांव पीपलसारी के मूल निवासी हैं। भारतीय सेना के जवानों को अधिक नुकसान से बचाने के लिए जंगलों में छिपे आतंकियों के समूह को बेअसर करने का एलीट पैरा कमांडोज को निर्देश दिया गया है। विशिष्ट कमांडो को पहले कठिन इलाके सघन जंगल को ध्यान में रखते हुए ऑपरेशन में शामिल किया गया था। बीती शाम से कुछ देर की खामोशी के बाद शनिवार को आतंकियों से फिर से संपर्क स्थापित हो गया। कुछ देर तक फायरिंग भी हुई, लेकिन ऑपरेशन के छठे दिन भी आतंकी बड़े पैमाने पर डटे रहे। उप महानिरीक्षक (राजौरी पुंछ रेंज) विवेक गुप्ता ने पुंछ में संवाददाताओं से कहा कि पुंछ में मेंढर तहसील के घने जंगलों वाले इलाके में काउंटर टेररिस्ट ऑपरेशन जारी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों का संयुक्त ग्रिड क्षेत्र में दो महीने से अधिक समय से आतंकवादियों पर नज़र रखे हुए था।

## आतंकियों ने...

है कि उसने पिछले सप्ताह अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की हत्या में शामिल तीन आतंकवादियों को गत 24 घंटे के भीतर मार गिराया है। भाजपा ने इन हत्याओं की निंदा की है। पार्टी प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि दो गैर स्थानीय लोगों की हत्याएं निंदनीय और स्तब्ध करने वाली हैं। उन्होंने पुलिस से आह्वान किया कि वह हत्यारों को पकड़कर कड़ी सजा दिलाए। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने भी इन हत्याओं की निंदा की है। उन्होंने ट्वीट किया, आज श्रीनगर में रेहड़ी लगाने वाले अरविंद कुमार की आतंकी हमले में मौत की कड़ी निंदा करता हूं। यह आम नागरिकों को निशाना बनाने का एक और मामला है। अरविंद कुमार श्रीनगर कमाई और अवसर की तलाश में आए थे और यह अफसोसनाक है कि उनकी हत्या कर दी गई। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने हमले को कायराना करार दिया। उन्होंने कहा, पूरी तरह विशुद्ध आतंकवाद है। एक बार फिर ईदगाह में गैर स्थानीय रेहड़ी वाले की हत्या कर दी गई। कोई कितना कायरना हरकत कर सकता है।

## डीयू में...

जिसे अब घटाकर 98.25 फीसदी किया गया है। इसी प्रकार हिंदी में बीए (ऑनर्स) के लिए कटऑफ सूची में एक प्रतिशत की कटौती कर 84 फीसदी किया गया है। अंग्रेजी में बीए (ऑनर्स) के लिए कटऑफ 95.5 फीसदी से घटकर 94.75 फीसदी हो गया है। इसी प्रकार बीकॉम (ऑनर्स) के लिए कटऑफ 97.5 फीसदी से घटकर 97 फीसदी हो गया है। गौरतलब है कि डीयू और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध लगभग 70 हजार सीटों में से 48 हजार पर दाखिले हो चुके हैं।

## बांग्लादेश में...

संवाददाताओं से कहा, हमें जांच में अगले एक-दो दिनों में प्रगति की उम्मीद है। इस बीच पुलिस ने कहा कि उन्होंने नोआखाली के बेगमगंज में एक मंदिर के नजदीक तालाब से एक शव बरामद किया है। हिंदू समुदाय के एक नेता के अनुसार मृत व्यक्ति शुक्रवार को कट्टरपंथियों के हमले का शिकार बना। चांदपुर के हाजीगंज उपजिले में बुधवार और बृहस्पतिवार को मुस्लिम कट्टरपंथियों और पुलिस के बीच संघर्ष के दौरान चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य व्यक्ति घायल हो गए। इसके बाद सरकार ने देश भर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्द्धसैनिक बलों को तैनात कर दिया। एक और व्यक्ति का शव पाए जाने के साथ ही देश भर में दुर्गापूजा त्योहार के दौरान मरने वालों की संख्या पांच हो गई है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बृहस्पतिवार को हिंसा के दोषियों पर कानूनी शिकंजा कसने का वादा करते हुए कहा था कि हिंदू मंदिरों और कोमिला में दुर्गापूजा स्थलों पर हमले में संलिप्त किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा। चांदपुर से लगते और ढाका से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित कोमिला में दुर्गापूजा पंडाल में ईशनिंदा की कथित घटना के बाद हिंसा भड़क उठी थी ,जिसके बाद जांच शुरू की गई।

## केरल में...

करने के लिए एमआई- 17 और सारंग हेलीकॉप्टर पहले ही तैयार रखे गए हैं। केरल में मौसम की स्थिति को देखते हुए वायुसेना की दक्षिणी कमान के सभी अड्डों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। प्रवक्ता ने बताया, भारतीय थलसेना पहले ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में सैनिकों की तैनाती कर चुकी है। एक टुकड़ी को पैंगोड सैन्य ठिकाने से कोट्टयम जिले के कांजीरपनल्ली भेजा गया है जिनमें एक अधिकारी, दो जेसीओ और 30 अन्य जवान शामिल हैं। भारतीय नौसेना के दक्षिणी कमान ने कहा कि वह बचाव एवं राहत अभियान मे स्थानीय प्रशासन की मदद के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## शव पर...

संलिप्तता का संकेत दिया है। अदालत से रिमांग की मांग करते हुए पुलिस ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार आरोपी से कुछ चीजें बरामद करनी हैं। मामले की सुनवाई करते हुए दिवानी न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) किम्मी सिंगला की अदालत ने सरबजीत को सात दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। इस बीच, घटना से सन्न किसान नेताओं ने हत्या के मामले से पल्ला झाड़ लिया, लेकिन चौकसी बढ़ाते हुए प्रदर्शन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया है। साथ ही स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा चौकस की जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रतनलाल कटारिया ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के विरोध स्थल पर जो कुछ हुआ, उसकी जिम्मेदारी से वह बच नहीं सकता। बसपा अध्यक्ष मायावती ने भी घटना की कड़ी निंदा की है।

## गिलानी का...

प्राप्त शक्तियों के तहत तथ्यों और परिस्थितियों की पड़ताल करने के बाद बर्खास्त किया था। संविधान के इस प्रावधान के तहत बर्खास्त किए गए कर्मचारी अपनी बर्खास्तगी को केवल जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय में चुनौती दे सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि अल्ताफ अहमद शाह उर्फ अल्ताफ फंटूश के बेटे अनीस के विरुद्ध डोसियर के अनुसार संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में स्थित तीन संदिग्ध उसके नजदीकी संपर्क में हैं। अनीस के पिता को आतंक के वित्त पोषण के मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार किया गया था और वह 2017 से तिहाड़ जेल में है। अनीस को 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के कार्यकाल में शेर ए कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में शोध अधिकारी नियुक्त किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, अनीस 31 जुलाई से सात अगस्त 2016 के बीच पाकिस्तान गया था और उसने कथित तौर पर गिलानी के कहने पर आईएसआई के कर्नल यासिर से मुलाकात की थी। उसकी वापसी के बाद जम्मू कश्मीर में हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकी बुरहान वानी की मौत पर पैमाने पर अस्थिरता देखी गई थी। तत्कालीन राज्य सरकार पर अनीस की नियुक्ति का दबाव था और इसके लिए सभी नियमों को ताक पर रखा दिया गया था। आरोप है कि अनीस अपनी नियुक्ति से पहले श्रीनगर शहर में और उसके आसपास ड्रोन उड़ाकर कानून व्यवस्था की स्थिति का वीडियो बनाता था और बाद में उस फुटेज को सीमापार आईएसआई से साझा करता था। बर्खास्त किया गया अन्य कर्मचारी फारूक अहमद बट जम्मू के डोडा में एक स्कूली शिक्षक है। उसे 2005 में संविदा पर नियुक्त किया गया था और 2010 में स्थाई कर दिया गया था। बट का भाई मोहम्मद अमीन बट लश्कर ए तैयबा का सक्रिय आतंकवादी है जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में अपनी गतिविधि चलाता है।

## दस में...

बचाव के लिए वैश्विक सुरक्षा प्रयासों के तहत हाथ की स्वच्छता को सबसे जरूरी बताया गया है। फिर भी इस संबंध में कमजोर समुदायों के लिए प्रगति बहुत धीमी है। हाथ की स्वच्छता को कोविड-19 से बचाव के लिए एक अस्थायी प्रयासों के तहत नहीं देखा जाना चाहिए। हाथ की स्व्छता के लिए दीर्घकालिक निवेश से हम अगले स्वास्थ्य संकट से बचाव के साथ रोकने में भी मदद करेगा। हाथ की स्वच्छता प्रयासों के चलते सांस के संक्रमण, बच्चों को डायरिया और गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं को संक्रमण आदि से बचाया जा सकेगा।

# अफगानिस्तान की शिया मस्जिद में आत्मघाती हमला, 47 की मौत

**एपी।** काबुल



**दक्षिण** अफगानिस्तान के एक प्रांत की शिया मस्जिद में जुमे (शुक्रवार) की नमाज़ के दौरान आत्मघाती हमलावर ने विस्फोट कर दिया, जिसमें कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई और 70 लोग जख्मी हुए हैं। जुमे की नमाज़ की वजह से मस्जिद में भीड़ ज्यादा थी। यह जानकारी तालिबान के एक प्रवक्ता ने दी है। कंधार प्रांत की फातिमिया मस्जिद पर हमले की जिम्मेदारी तत्काल किसी संगठन ने नहीं ली है। इससे एक हफ्ते पहले इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबद्ध स्थानीय संगठन ने उत्तरी प्रांत की एक शिया मस्जिद में बम विस्फोट किया था, जिसमें 46 लोगों की मौत हुई थी। इस खून खराबे ने यह आशंका पैदा कर दी है कि तालिबान के दुश्मन आईएस ने अफगानिस्तान में अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है।

मुर्तज़ा नाम के चश्मदीद ने बताया कि वह हमले के वक्त मस्जिद के अंदर ही था। उसने बताया कि चार आत्मघाती हमलावरों ने मस्जिद पर हमला किया। दो हमलावरों ने मस्जिद के बाहर जबकि और दो ने मस्जिद के अंदर खुद को उड़ा लिया। उसने बताया कि सैकड़ों लोग मस्जिद में जुमे की नमाज़ अदा करते हैं। मुर्तज़ा नाम के अन्य चश्मदीद जो मस्जिद की सुरक्षा का प्रभारी है, ने कहा कि उसने दो हमलावरों को देखा है। उसने कहा कि एक हमलावर ने मस्जिद के दरवाज़े पर खुद को उड़ा लिया जबकि दूसरा हमलावर पहले ही मस्जिद के अंदर नमाजियों के बीच पहुंच चुका था। उसने बताया कि मस्जिद के सुरक्षा कर्मी ने एक अन्य संदिग्ध हमलावर को गोली मारकर ढेर कर दिया। घटना की वीडियो फुटेज में यहां-वहां शव पड़े दिखाई दे रहे हैं तथा कालीन पर खून पड़ा है और लोग इधर-उधर भाग रहे हैं और चिल्ला रहे हैं। तालिबान के प्रवक्ता बिलाल करीमी ने मृतकों की संख्या 47 और घायलों की तादाद 70 बताई है। अमेरिकी फौजों की वापसी के बीच अगस्त में तालिबान के सत्ता पर काबिज़ होने के बाद आईएस ने कई विस्फोटों की जिम्मेदारी ली है। समूह ने छोटे हमलों में तालिबानी लड़ाकों को भी निशाना बनाया है। अफगानिस्तान में दशकों की जंग के बाद तालिबान ने मुल्क में अमन बहाली का संकल्प लिया है। तालिबान और आईएस दोनों सुन्नी मुसलमानों के समूह हैं, लेकिन वे वैचारिक तौर पर काफी अलग हैं। इनमें आईएस काफी कट्टर है। वे कई बार एक दूसरे के खिलाफ लड़ चुके हैं। तालिबान ने शिया अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का वचन दिया है, जिन पर तालिबान ने 1990 के दशक के शासन के दौरान जुल्म किया था।

## आईएसआईएस इस्लामिक स्टेट ने ली विस्फोट की जिम्मेदारी

**काबुल (एपी)।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने दक्षिण अफगानिस्तान के एक प्रांत की शिया मस्जिद में नमाज़ के दौरान हुए आत्मघाती बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। जुमे (शुक्रवार) की नमाज़ के दौरान बम धमाके में 47 लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए थे। आईएस ने शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर एक वक्तव्य जारी कर यह जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके दो सदस्यों ने कंधार प्रांत में फातिमिया मस्जिद के प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आईएस के एक आतंकवादी ने मस्जिद के प्रवेश द्वार पर खुद को बम से उड़ा लिया जबकि दूसरे ने मस्जिद के अंदर भीषण धमाका किया। आईएस की समाचार एजेंसी अमाक ने एक बयान में हमलावरों के नाम अनस अल-खुरासानी और अबू अली अल-बलूची बताए हैं। दोनों ही हमलावर अफगानिस्तान के नागरिक थे। गौरतलब है कि इससे एक हफ्ते पहले इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबद्ध स्थानीय संगठन ने उत्तरी प्रांत की एक शिया मस्जिद में बम विस्फोट किया था, जिसमें 46 लोगों की मौत हुई थी। अफगानिस्तान में दशकों की जंग के बाद फिर से कब्जा जमाने वाले तालिबान ने मुल्क में अमन बहाली का संकल्प व्यक्त किया था। तालिबान और आईएस दोनों सुन्नी मुसलमानों के समूह हैं, लेकिन वे वैचारिक तौर पर काफी अलग हैं। इनमें आईएस काफी कट्टर है। वे कई बार एक दूसरे के खिलाफ लड़ चुके हैं।

## भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन को पर्यवेक्षक का दर्जा देने को पेश किया मसौदा प्रस्ताव

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** कहा कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन हरित उर्जा कूटनीति के नए युग की शुरुआत करेगा और उसने इस वैश्विक पहल के लिए पर्यवेक्षक का दर्जा हासिल करने के वास्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव का मसौदा पेश किया, जिससे आईएसए और संयुक्त राष्ट्र के बीच नियमित सहयोग मुहैया कराने में मदद मिलेगी, वैश्विक उर्जा वृद्धि और विकास में लाभ मिलेगा। भारत और फ्रांस ने पेरिस में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में 2015 में आईएसए संयुक्त रूप से शुरू किया था।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने शुक्रवार को कहा, भारत और फ्रांस की ओर से अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के लिए पर्यवेक्षक का दर्जा देने का अनुरोध करने के लिए प्रस्ताव का मसौदा पेश करना मेरे लिए गर्व की बात है। तिरुमूर्ति ने महासभा में कहा, सौर उर्जा स्थापित करने के जरिए उचित और समान उर्जा समाधान करने के अपने प्रयासों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से हरित उर्जा कूटनीति का नया युग शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि महासभा में आईएसए को पर्यवेक्षक का दर्जा देने से गठबंधन और संयुक्त राष्ट्र के बीच नियमित और अच्छी तरह परिभाषित सहयोग मुहैया होगा, जिससे वैश्विक उर्जा वृद्धि और विकास को लाभ मिलेगा इस प्रस्ताव के सह-प्रायोजक देशों में अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कम्बोडिया, कनाडा, चिली, क्यूबा, डेनमार्क, मिस्र, फिजी, फिनलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, मालदीव, मॉरिशस, म्यांमा, न्यूजीलैंड, ओमान, सेंट विन्सेंट और ग्रेनेडाइंस, सऊदी अरब, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त अरब अमीरात तथा ब्रिटेन शामिल हैं। तिरुमूर्ति ने कहा कि आईएसए प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण, सौर उर्जा के भंडारण और सदस्य देशों को वित्तीय सहायता देने जैसे कुछ सवालों को हल करने की ओर बड़ा कदम उठा रहा है।

## विश्व बैंक के अध्यक्ष ने सफल कोविड-19 टीकाकरण अभियान के लिए भारत को बधाई दी

**वॉशिंगटन।** विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मालपास ने कोविड-19 महामारी के खिलाफ सफल टीकाकरण कार्यक्रम के लिए भारत को बधाई दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ मुलाकात में उन्होंने टीका उत्पादन एवं वितरण में भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सीतारमण के साथ यहां बैठक के दौरान यहां मालपास ने वाशिंगटन स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान की अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम और बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी सहित विश्व बैंक समूह की सभी संस्थाओं में भारत के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। विश्व बैंक ने एक बयान जारी कर कहा कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर भारत के प्रयासों पर भी चर्चा की। विश्व के सबसे बड़े टीका उत्पादक देश भारत ने अप्रैल में कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर को देखते हुए कोविड-19 टीके के निर्यात को रोक दिया था, ताकि देश की पूरी आबादी का टीकाकरण किया जा सके। पिछले महीने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने घोषणा की थी कि भारत फिर से विदेशों को टीका निर्यात शुरू करेगा। बयान में कहा गया कि मालपास ने सीतारमण को भारत के कोविड-19 टीकाकरण अभियान के लिए बधाई दी और टीका उत्पादन एवं वितरण में भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## स्कॉटलैंड यार्ड ब्रिटिश सांसद की हत्या की इस्लामिक आतंकवाद से संबंध की जांच करेगी

**भाषा।** लंदन

**लंदन महानगर** पुलिस स्कॉटलैंड यार्ड ने शनिवार को कहा कि कंजर्वेटिव सांसद डेविड एमेस की हत्या को वह आतंकवाद हमला मानकर जांच कर रही है और चाकू से किए गए हमले के इस्लामिक आतंकवाद से संभावित संबंध का भी पता लगाया जा रहा है। इस हमले से ब्रिटेन स्तब्ध है और निर्वाचन क्षेत्रों में कार्यों के लिए जाने वाले सांसदों की सुरक्षा की समीक्षा करने की मांग शुरू हो गई है।

प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य 69 वर्षीय एमेस की शुक्रवार को चाकू से किए गए हमले में मौत हो गई थी। यह हमला उस समय की गई जब वह एसेक्स के ली ऑन सी के बेलफेयर मेथडिस्ट चर्च में अपने सहयोगियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस मामले में 25 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक को गिरफ्तार किया गया है और माना जा रहा है कि वह सोमालियाई मूल का है। आरोपी को दक्षिण पूर्व इंग्लैंड के एसेक्स पुलिस थाने में हिरासत में रखा गया है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और विपक्षी लेबर नेता सर केर स्टार्मर ने शनिवार सुबह ली ऑन सी में स्थित बेलफेयर्स मेथडिस्ट चर्च में, घटना स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। महानगर पुलिस ने एक बयान में कहा, आतंकवाद रोधी पुलिसिंग के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय समन्वयक, उप सहायक आयुक्त डीन हेडन ने घटना को आतंकवादी गतिविधि घोषित किया। शुरूआती जांच में यह खुलासा हुआ है इसके लिए संभवत: इस्लामी चरमपंथ से प्रेरणा मिली थी। बयान में कहा गया, 25 वर्षीय एक व्यक्ति को हत्या के संदेह में मौके से गिरफ्तार किया गया। इस समय वह एसेक्स पुलिस थाने में हिरासत में हैं। जांच की कड़ी में अधिकारी लंदन के इलाके में दो स्थानों की तलाशी ले रहे हैं।

महानगर पुलिस ने बताया, माना जा रहा है कि आरोपी ने अकेले घटना को अंजाम दिया और हम इस मामले में फिलहाल किसी और की तलाश नहीं कर रहे हैं। हालांकि, परिस्थितियों की जांच जारी है। जांच का नेतृत्व महानगर पुलिस की आतंकवाद रोधी कमान के साथ-साथ पूर्वी क्षेत्र विशेषज्ञ अभियान इकाई और एसेक्स पुलिस कर रही है। साथ ही पुलिस ने किसी भी प्रत्यक्षदर्शी को वीडियो फुटेज के साथ जांच में सहयोग के लिए आगे आने का आग्रह किया है। ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने संसद सदस्यों की सुरक्षा समीक्षा की घोषणा की है। पटेल ने अपनी पार्टी के दिवंगत सहकर्मी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, वह सभी के लिए उपलब्ध थे और अपना काम करते हुए मारे गए जिससे वह प्यार करते थे। पटेल ने इसके साथ ही कहा, हम अपना काम जारी रखेंगे, हम खुले समाज और लोकतंत्र में रहते हैं। हम किसी व्यक्ति या किसी प्रेरणा के आगे नहीं डरेंगे...जो हमें अपना काम करने से रोकना चाहते हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भी दिवंगत सांसद को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें राजनीति का सबसे दयालु, अच्छे और भद्र लोगों में से एक करार दिया।



ब्रिस्टल, इंग्लैंड में वेस्टबरी-ऑन-ट्रिम चर्च ऑफ इंग्लैंड अकादमी की यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों के साथ फूलों का पौधा लगाते ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन



रोम के सेंट जॉन लेटरन स्क्वायर में इटली के मुख्य श्रमिक संघों द्वारा आयोजित एक मार्च में भाग लेते प्रदर्शनकारी

## चीनी अंतरिक्ष यात्री रिकॉर्ड छह महीनों के लिए अंतरिक्ष केंद्र पहुंचे

**एपी।** बीजिंग

**चीन की** एक महिला समेत तीन अंतरिक्ष यात्री छह महीने के रिकार्ड मिशन पर शेनझोउ-13 से शनिवार को अंतरिक्ष केंद्र के कोर मॉड्यूल तियान्हे पहुंच गए। चीनी अंतरिक्ष यात्री झाई झीगांग, वांग यापिंग और ए ग्वांगफू अंतरिक्ष केंद्र के निर्माणाधीन कोर मॉड्यूल तियान्हे पहुंच गए। वे तियान्हे का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए छह महीने तक वहां रहेंगे। यह चीन के इतिहास में अंतरिक्ष का सबसे लंबा मानव अभियान है। वांग अंतरिक्ष केंद्र जाने वाली चीन की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री हैं। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने बताया कि लॉन्ग मार्च-2एफ रॅाकेट से शुक्रवार देर रात 12 बजकर 23 मिनट पर अंतरिक्ष यान को भेजा गया और करीब साढ़े छह घंटे बाद शनिवार सुबह छह बजकर 56 मिनट पर यान तियांगोंग अंतरिक्ष केंद्र के कोर मॉड्यूल पहुंचा। क्रू के कमांडर झाई ने कहा कि इस मिशन की अवधि अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस मिशन की अवधि पहले के मिशन से दोगुनी है। झाई ने अंतरिक्ष केंद्र के लिए रवाना होने से पहले कहा, बिना गुरुत्वाकर्षण के अंतरिक्ष में छह महीने तक रहना अंतरिक्ष यात्री के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य तथा उपकरण की विश्वसनीयता की अभूतपूर्व परीक्षा है। हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार की खबर के मुताबिक, अंतरिक्ष एजेंसी तियांगोंग में कोई आपात स्थिति होने पर कम अवधि में प्रक्षेपण के लिए एक और अंतरिक्ष यान तैयार रखेगी। अंतरिक्ष यात्री छह महीने की अवधि के दौरान सैकड़ों अंतरिक्ष औषधि और भौतिक प्रयोग करने के अलावा दो से तीन स्पेसवॉक भी करेंगे और भविष्य के निर्माण अभियान में मदद के लिए एक रोबोटिक उपकरण स्थापित करेंगे त्वीन के निर्माणाधीन अंतरिक्ष केंद्र के लिए यह दूसरा मानवयान भेजा गया है। इससे पहले तीन अंतरिक्ष यात्री नी हईशेंग, लियु बोमिंग और तांग हॉन्बो तीन महीने तक अंतरिक्ष केंद्र में रहने के बाद 17 सितंबर को पृथ्वी पर लौटे थे। देश के हाल के मंगल और पूर्व के चंद्र मिशनों के बाद इस अंतरिक्ष परियोजना को चीन के लिए सबसे प्रतिष्ठित और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। कम उंचाई वाली कक्षा में स्थित यह अंतरिक्ष केंद्र आसमान में देश की आंख होगा और दुनिया पर चौबीसों घंटे नजर रखने में उसकी मदद करेगा। इस अंतरिक्ष केंद्र के अगले साल तक तैयार होने की उम्मीद है। जब यह तैयार हो जाएगा तो चीन इकलौता देश होगा, जिसका अपना अंतरिक्ष केंद्र होगा जबकि पुराना हो रहा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) कई देशों की संयुक्त परियोजना है। इसके आईएसएस का प्रतिस्पर्धी बनने की उम्मीद है और आईएसएस के काम न करने के बाद कक्षा में संभवत: यह इकलौता अंतरिक्ष केंद्र होगा।

## क्विक न्यूज


### भारत, श्रीलंका का संयुक्त सैन्य अभ्यास तालमेल, पारस्परिकता को और अधिक बढ़ाएगा :भारतीय थल सेना

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका का 12 दिनों का संयुक्त सैन्य अभ्यास द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के अलावा दोनों सशस्त्र बलों के बीच तालमेल एवं पारस्परिकता को और अधिक बढ़ाएगा। भारतीय थल सेना ने शनिवार को यह कहा। सेना ने एक ट्वीट में कहा कि भारतीय और श्रीलंकाई थल सेनाओं के बीच सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति 21 का आठवां सत्र श्रीलंका के पूर्वी जिले अंपारा में संपन्न हो गया। यह 12 दिवसीय सैन्य अभ्यास चार अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चला, जिसमें आतंक रोधी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। सेना ने कहा, सशस्त्र बलों के बीच तालमेल और पारस्परिकता बढ़ाने के अलावा, अभ्यास ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने में भी मदद की। शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे अभ्यास के समापन के अवसर पर मौजूद थे। वह श्रीलंका के अपने समकक्ष जनरल शावेंद्र सिल्वा के न्योते पर चार दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे थे। संयुक्त अभ्यास में भारतीय थल सेना के 120 कर्मियों की सशस्त्र टुकड़ी ने भागीदारी की, जिसका नेतृत्व कर्नल प्रकाश कुमार ने किया। सेना ने कहा कि वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम ने द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने में योगदान दिया है।

### अमेरिका ने ड्रोन हमले में मारे गए अफगानों के रिश्तेदारों को मुआवजा देने की प्रतिबद्धता जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा विभाग ने कहा है कि वह अफगानिस्तान के काबुल में अगस्त में एक ड्रोन हमले में मारे गए लोगों के रिश्तेदारों को मुआवजा देने के लिए प्रतिबद्ध है। पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि रक्षा विभाग अमेरिका लाए गए अफगानों के जीवित बचे परिजनों की मदद के लिए विदेश विभाग के साथ भी काम कर रहा है। किर्बी ने कहा कि बृहस्पतिवार को नीतिगत विषयों के लिए अवर रक्षा सचिव डॉ कॉलिन कहल और गैर-लाभकारी संगठन न्यूट्रीशन एंड एजुकेशन इंटरनेशनल के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ स्टीवन क्वोन की बैठक में यह विषय आया। किर्बी ने कहा, डॉ कहल ने परिवारों को मुआवजा देने की रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की प्रतिबद्धता को दोहराया। अमेरिकी सैन्यकर्मियों ने 29 अगस्त को एक कार पर हमला किया गया था जिसमें एक परिवार के सात बच्चों समेत 10 सदस्य मारे गए थे। कुछ सप्ताह बाद अमेरिकी केंद्रीय कमान के जनरल फ्रैंक मैकेंजी ने हमले को भयावह भूल बताते हुए कहा था कि इसमें बेगुनाह नागरिक मारे गए।

### एफडीए समिति ने जेएंडजे के कोविड-19 रोधी टीके के लिए बूस्टर खुराक की सिफारिश की



**वाशिंगटन।** अमेरिका के स्वास्थ्य सलाहकारों ने जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) के कोविड-19 रोधी टीके के लिए बूस्टर खुराक की शुक्रवार को सिफारिश की। सलाहकारों ने इस बात पर चिंता जताई कि सिंगल लोगों को टीके की एक खुराक दी गई है, वे उन लोगों के मुकाबले कम सुरक्षित है जिन्हें अन्य कंपनी के टीकों की दो खुराकें दी गई है। जेएंडजे ने खाद्य एवं दवा प्रशासन को बताया कि एक अतिरिक्त खुराक पहली खुराक के दो माह के भीतर देने से अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान कर सकती है,लेकिन अगर लोग छह माह के बाद इस ले तो यह और बेहतर काम कर सकती है। हालांकि इस बात पर सहमति नहीं बनी कि उचित वक्त कितना होना चाहिए, लेकिन एफडीए की सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से मतदान किया कि एक खुराक के कम से कम दो माह बाद बूस्टर खुराक दी जानी चाहिए। एफडीए सलाहकार एवं फिलाडेल्फिया के चिल्ड्रन हॉस्पिटल में चिकित्सक डॉ पॉल ऑफिट ने कहा, मेरा स्पष्ट तौर पर मानना है कि यह हमेशा दो खुराक वाला टीका होना चाहिए। इस वक्त एक खुराक वाले टीके के रूप में इसका अनुमोदन करना मुश्किल है। एफडीए सिफारिशों को मानने के लिए बाध्य नहीं है, और अंतिम निर्णय उसका खुद का होता है। नए शोध भी दिखाते है कि जेएंडजे के टीके लगवाने वालों की प्रतिरोधक क्षमता तब और मजबूत हो जाती है, जब इन्हें किसी दूसरी अन्य कंपनी की बूस्टर खुराक दी जाती है। विभिन्न टीकों को मिलाकर लगाने के संबंध में चल रहे अनेक अध्ययनों के प्रारंभिक परिणामों से पता चलता है कि कोई भी बूस्टर खुराक लोगों में वायरस से लड़ने वाली एंटीबॉडीज के स्तर को बढ़ा देती है। जेएंडजे के एक खुराक वाले टीके के बाद फाइजर या मॉडर्ना का टीका लगाने से इसमें आश्चर्यजनक बढ़ोतरी देखने को मिली। एफडीए के सलाहकारों ने सरकार को बूस्टर खुराकों को लेकर लचीलापन दिखाने को कहा है।

## लड़कियों को स्कूलों में पढ़ाई की इजाजत पर जल्द घोषणा करेगा तालिबानः संरा अधिकारी

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि तालिबान ने उन्हें बताया कि वे जल्द यह घोषणा करेंगे कि सभी अफगान लड़कियों को माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने की इजाजत होगी। पिछले सप्ताह काबुल की यात्रा पर गए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के उप कार्यकारी निदेशक उमर आब्दी ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से पांच प्रांतों - उत्तर पश्चिम में बल्ख, जौजजान और समंगान, उत्तर पूर्व में कुंदुज और दक्षिण पश्चिम में उरोजगान में पहले ही माध्यमिक स्कूलों में लड़कियों को पढ़ने की इजाजत है। उन्होंने कहा कि तालिबान के शिक्षा मंत्री ने उन्हें बताया कि वे सभी लड़कियों को छठी कक्षा से आगे अपनी स्कूली शिक्षा जारी रखने की अनुमति देने के लिए एक रूपरेखा पर काम कर रहे हैं, जिसे एक से दो महीने के बीच जारी किया जाएगा। आब्दी ने कहा, माध्यमिक विद्यालय जाने की उम्र वाली लाखों लड़कियां लगातार 27वें दिन शिक्षा से वंचित हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के 1996-2001 के शासन के दौरान लड़कियों और महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित कर दिया गया था और उनके काम करने और सार्वजनिक जीवन पर रोक लगा दी गई थी। आब्दी ने कहा कि हर बैठक में उन्होंने तालिबान को लड़कियों की शिक्षा बहाल करने पर जोर दिया और इसे खुद लड़कियों और देश के हित में महत्वपूर्ण बताया। अपनी काबुल यात्रा पर यूनिसेफ उप प्रमुख ने बच्चों के अस्पताल का भी दौरा किया, जहां कुपोषित बच्चों की तादाद देखकर वह काफी हैरान में पड़ गए इनमें कुछ शिशु भी थे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरस ने दुनिया से अफगान अर्थव्यवस्था को ढहने से बचाने और अफगान लोगों की मदद करने का आग्रह किया है।

## आईएसआई प्रमुख की नियुक्ति के मुद्दे को एक हफ्ते में सुलझा लेंगे : पाक गृह मंत्री

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** गृह मंत्री शेख रशीद अहमद ने कहा कि देश की खुफिया एजेंसी आईएसआई के नए प्रमुख की नियुक्ति के मुद्दे को एक सप्ताह में सुलझा लिया जाएगा। मंत्री का यह बयान उन कयासों के बीच आया है जिसमें कहा गया कि इस अहम नियुक्ति को लेकर प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा में मतभेद है। उल्लेखनीय है कि इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक की नियुक्ति का मुद्दा पिछले सप्ताह इस पद पर लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अहमद अंजुम की नियुक्ति को लेकर जारी होने वाली अधिसूचना में देरी के बाद से ही सुर्खियों में है। हालांकि, गृह मंत्री इस देरी के कारणों के बारे में बताने से बचते नजर आए। सेना ने छह अक्टूबर को बयान जारी कर अंजुम को आईएसआई के मौजूदा प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद के स्थान पर नियुक्त करने की घोषणा की जबकि हमीद को पेशावर कोर का कमांडर नियुक्त किया है। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस नियुक्ति की आधिकारिक अधिसूचना रोक दी। शुरुआती चुप्पी के बाद सरकार ने इस सप्ताह जारी बयान में कहा कि इस अहम नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री से सही तरीके से चर्चा नहीं की गई। इस हफ्ते की शुरुआत में सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने कहा था कि प्रधानमंत्री को खुफिया एजेंसी के प्रमुख की नियुक्ति करने का अधिकार है और परामर्श की प्रक्रिया पूरी हो गई है और अधिसूचना जारी की जाएगी।

## ट्रंप अब भी रिपब्लिकन पार्टी में अपना प्रभाव बनाए रखना चाहते हैं, शिफ ने जताई चिंता

**एपी।** वाशिंगटन



**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी में अपना प्रभाव बनाए रखने की कोशिश जारी रखे हुए है और वह राष्ट्रपति पद के लिए बार फिर चुनाव मैदान में उतरने की मंशा रखते हैं। ट्रंप को राष्ट्रपति का पद छोड़े लगभग एक साल होने वाला है लेकिन वह अब भी अपने प्रभाव को बनाए रखने के प्रयासों में लगे हुए है। वहीं, अमेरिकी चुनावों में कथित रूसी हस्तक्षेप की जांच वाली खुफिया समिति के अध्यक्ष और ट्रंप के खिलाफ पहले महाभियोग का नेतृत्व करने वाले एडम शिफ भी उन्हें घेरने का मौका नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राजनीतिक मंच पर ट्रंप की उपस्थिति रही तो यह लोकतंत्र पर मंडरा रहे खतरे से कम नहीं होगा।

शिफ ने सी-स्पैन के बुक टीवी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हम देश को दिखाना चाहते हैं कि छह जनवरी को कैपिटल (संसद भवन) पर हमले की घटना कैसे हुई। हम बताना चाहते हैं कि कैसे हमारे निर्वाचन को लेकर फैलाए गए बड़े झूठ ने हजारों लोगों को अपनी ही सरकार पर हमले के लिए प्रोत्साहित किया। यह साक्षात्कार रविवार से एक सप्ताह तक कड़ियों में प्रसारित किया जाएगा। शिफ ने सवाल किया, राष्ट्रपति को इस रैली की क्या जानकारी थी और जब उन्हें जानकारी मिली तो क्या किया? क्यों यह इतने लंबे समय तक चला? ऐसे में कई अहम सवाल हैं जिनके जवाब तलाशने बाकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रंप के खिलाफ जांच कर रही समिति सटीक रिपोर्ट देगी, ठीक वैसे ही जैसे 9/11 हमले पर गठित समिति ने 2001 में अमेरिका में हुए आतंकवादी हमले की विस्तृत जांच करने के बाद दी थी। वहीं ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट सत्ता के नशे में चूर हैं।

पायनियर
स्वास्थ्य
नई दिल्ली, रविवार, 17 अक्टूबर, 2021



## सर्दियों के मौसम में सावधान रहने की जरूरत

ज्यादातर देशों में कोरोना वायरस संक्रमण या तो कम है या घट रहा है लेकिन वैश्विक महामारी का खतरा पूरी तरह से दूर होने से पहले अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है। सर्दियों के इस मौसम में चिंता का सबसे बड़ा विषय है कोविड का प्रकोप पुनः शुरू होना और उसके साथ-साथ श्वसन तंत्र के अन्य रोगों खासकर इन्फ्लूएंजा का और मजबूती से हमला करना। कोविड और इन्फ्लूएंजा के लिए प्रतिरक्षा तंत्र की प्रतिक्रिया कमोबेश समान होती है। हाल में हुआ संक्रमण या टीकाकरण आगे किसी संक्रमण के खिलाफ अच्छा बचाव करते हैं लेकिन यह बचाव धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। हालांकि इनके बाद पुनः होने वाला संक्रमण या तो लक्षण रहित होता है या फिर बहुत ही मामूली होता है। फिर भी सावधानी रखनी होगी।

**DOC टॉक**



बीरेन नाडकर्णी
सीनियर कंसल्टेंट
ऑर्थोपेडिक और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
सीताराम भरतिया इंस्टीट्यूट और होली फैमिली हॉस्पिटल, नई दिल्ली

# गठिया हो जाए तो लापरवाही न करें




हर साल विश्व गठिया दिवस 12 अक्टूबर को पड़ता है, और इस साल की थीम है -डोंट डिले, कनेक्ट टुडे। यह इस स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, यानी एक सूजन की स्थिति, जो जोड़ों में दर्द और जकड़न का कारण बनती है जो उम्र के साथ बिगड़ती जा सकती है। यह एक जोड़ या एकाधिक जोड़ों को प्रभावित कर सकती है। गठिया दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है। यह एक कमजोर करने वाली स्थिति है जो आपके चलने फिरने का दायरा प्रतिबंधित करती है और आपके क्रियाशील जीवन को प्रभावित करती है। यदि इसे अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो यह आपका चलना फिरना पूरी तरह से रोक सकती है।

**लक्षण**

* जोड़ों का दर्द
* जोड़ों में अकड़न और सूजन
* आपके चलने फिरने की सीमा भी घट सकती है
* जोड़ के आसपास की त्वचा का लाल होना।
* गुमनाम जोड़ों का दर्द आमतौर पर बुखार के साथ होता है
* जोड़ों के दर्द के कारण दैनिक कार्य करने में कठिनाई
* दर्द निवारक दवाइयां भी जोड़ों के दर्द का इलाज नहीं कर सकतीं

**गठिया के आम प्रकार**

गठिया के 100 से अधिक विभिन्न प्रकार हैं, जिनके विभिन्न कारण और विभिन्न उपचार विधियां हैं। दो सबसे आम प्रकार हैं -ऑस्टियोआर्थराइटिस (ओए) और रूमेटोइड आर्थराइटिस या गठिया (आरए)।

ऑस्टियोआर्थराइटिस वृद्ध लोगों को विशेष रूप से 50 वर्ष की आयु के बाद प्रभावित करता है। यह एक बिगड़ता हुआ जोड़ का रोग है जिसमें जोड़ों में कार्टिलेज के घटते जाने से दर्द या सूजन होती है।

रुमेटीइड गठिया किसी भी उम्र में हो सकता है, यह 30 साल से कम उम्र के लोगों में भी हो सकता है और ज्यादातर 30-50 साल की उम्र के लोगों के बीच पाया जाता है।

**इसकी चपेट में आने वाले लोग**

* जो लोग अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें गठिया विकसित होने की संभावना अधिक होती है। आप जितना अधिक भार ढोते हैं, उतना ही अधिक भार आप अपने कूल्हों, पीठ और पैरों पर देते हैं।
* अधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे चीनी व सफेद आटा आदि के सेवन से वजन बढ़ सकता है, जो तकलीफदेह जोड़ों पर भारी पड़ता है। उन्हें उपरोक्त के बजाय फलों, नट्स और साबुत अनाज का सेवन करना चाहिए।
* अंगूठे से बार-बार लिखने और अपने फोन को ठीक उसी स्थिति में रखने से स्मार्टफोन पर निशान आ सकता है। अंगूठे से लिखने से आपके हाथों में जोड़ों पर जोर पड़ता है, खासकर आपके अंगूठे पर। इसलिए, यदि आप गठिया को दूर रखना चाहते हैं - अंगूठे से निखना कम करें या लेखन कार्य को हाथों से मुक्त रखने के लिए वॉयस फंक्शन का उपयोग करें। फोन पर लिखना आपके कंधों व गर्दन के लिए भी खराब हो सकता है।
* हर समय ऊंची एड़ी के जूते पहनना, आपके पैरों को एक अजीब स्थिति में रखता है जो जोड़ों पर दबाव डालता है, मांसपेशियों को तनाव देता है, और आपकी पीठ के सीधेपन को बिगाड़ सकता है। इसलिए, जो महिलाएं रोजाना हील्स पहनती हैं, उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस आदत से उन्हें ऑस्टियोआर्थराइटिस और पैर के पंजों में दर्द होने का खतरा बढ़ सकता है।
* चोटें भी जोखिम-कारक के रूप में कार्य करती हैं। जिन लोगों ने किशोरावस्था या युवा वयस्कता में अपने घुटने को घायल कर दिया था, उनमें उन लोगों की तुलना में घुटने में ऑस्टियोआर्थराइटिस विकसित होने की संभावना तीन गुना अधिक थी, जिन्हें चोट नहीं लगी थी।

**इलाज**

गठिया का इलाज व्यावसायिक या शारीरिक उपचार, व्यायाम और बिना पर्ची के मिलने वाली दर्द निवारक दवा से किया जा सकता है। आयुर्वेद जैसी वैकल्पिक चिकित्सा, औषधीय तेलों से मालिश और होम्योपैथी भी गठिया के शुरुआती चरणों में कुछ लोगों को राहत प्रदान करती है।

गठिया के उपचार के लिए सर्जिकल विकल्पों में आर्थ्रोस्कोपी, सिनोवेक्टोमी, ऑस्टियोटॉमी और टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट शामिल हैं। जबकि पहले तीन विकल्प दर्द से राहत देते हैं, वे इस स्थिति को ठीक नहीं कर सकते। गठिया का एकमात्र इलाज जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी है।

**जीवन शैली में परिवर्तन**

* स्वस्थ शारीरिक वजन बनाए रखें
* चोटों को दूर रखें
* अपने आसन पर ध्यान दें, ऊंची एड़ी के जूतों से बचें
* अपने विटामिन बी 12 और विटामिन डी 3 स्तरों का नियमित ध्यान रखें, डी 3 गठिया के मामले में थोड़ा अधिक महत्वपूर्ण है।
* अच्छा आहार लें, अपने आहार में अखरोट, काजू और पिस्ता जैसे मेवे व बीज शामिल करें। इसके अलावा अपने आहार में लहसुन और प्याज जैसी अधिक सब्जियां शामिल करें।
* अगर आपकी रोटियों की बात आती है, तो ज्वार, नाचनी, रागी और बाजरा से बनी रोटियों का आजमाएं। ये आपके गठिया ग्रसित जोड़ों के लिए बहुत अच्छे हैं क्योंकि इनमें ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो आपके दर्द को कम करने में मदद करते हैं।



# जोखिम कम करें

**डॉक्टर एकता बजाज का कहना है कि स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता की कमी और एक स्क्रीनिंग कार्यक्रम न होने के कारण, स्तन कैंसर से जुड़े अधिकांश मामलों का निदान अपेक्षाकृत उन्नत चरण में किया जाता है, जिससे मृत्यु दर का खतरा बढ़ जाता है।**

चूंकि स्तन कैंसर की शुरुआत 50 वर्ष से घटकर 30 वर्ष की औसत आयु के साथ होती है, इसलिए स्तन कैंसर न केवल शहरी भारतीय महिलाओं में बल्कि ग्रामीण महिलाओं में भी दूसरा सबसे आम कैंसर बन गया है। इस बीमारी के बारे में जागरूकता की कमी और स्तन कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम के अभाव में, अधिकांश स्तन कैंसर का निदान अपेक्षाकृत उन्नत चरण में किया जाता है, जिससे मृत्यु दर का खतरा बढ़ जाता है। सभी महिलाओं के लिए स्तन के संबंध में जागरूक होना अनिवार्य हो गया है, और स्तनों में किसी भी प्रकार के बदलाव का पता लगाने के लिए नियमित स्व-परीक्षा करना महिला की स्वास्थ्य दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए। जितनी जल्दी कैंसर का पता चलता है, इलाज और जीवित रहने की संभावना उतनी ही बेहतर होती है।




**कारण**

डॉक्टरों का कहना है कि स्तन कैंसर आमतौर पर तब होता है जब कुछ स्तन कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं। ये कोशिकाएं स्वस्थ कोशिकाओं की तुलना में तेजी से विभाजित होती हैं और जमा होती रहती हैं जिससे एक गांठ या द्रव्यमान बनता है। कोशिकाएं स्तन के माध्यम से महिला के लिम्फनोड्स और फिर शरीर के अन्य हिस्सों में मेटास्टेसाइज कर सकती हैं। शोध और अध्ययन के अनुसार स्तन कैंसर आमतौर पर स्तनों के दूध पैदा करने वाली नलिकाओं में शुरू होता है और इसे शुरू में इनवेसिव डक्टल कार्सिनोमा कहा जाता है। एक अन्य सामान्य क्षेत्र जहां स्तन कैंसर शुरू हो सकता है वह ग्रंथि ऊतक है जिसे लोब्यूल कहा जाता है जिसे आक्रामक लोब्युलर कार्सिनोमा के रूप में निदान किया जाता है।

इसके अलावा डॉक्टरों का दावा है कि पांच से 10 प्रतिशत स्तन कैंसर परिवार के भीतर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में पारित जीन उत्परिवर्तन से जुड़े होते हैं। सबसे प्रसिद्ध स्तन कैंसर जीन बीआरसीए 1 और बीआरसीए 2 हैं।

बीआरसीए 1 या बीआरसीए 2 जीन के माध्यम से, यह प्रोटीन का उत्पादन करता है जो क्षतिग्रस्त डीएनए की मरम्मत में मदद करता है और कुछ कैंसर के खिलाफ ढाल प्रदान करता है। हालांकि, जब कोई आनुवंशिक असामान्यता होती है, तो यह इन जीनों के स्वस्थ कामकाज को प्रतिबंधित करता है और कैंसर का खतरा बढ़ाता है।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, लगभग 3प्रतिशत स्तन कैंसर (प्रति वर्ष लगभग 7,500 महिलाएं) और 10 प्रतिशत डिम्बग्रंथि के कैंसर (प्रति वर्ष लगभग 2,000 महिलाएं) बीआरसीए 1 और बीआरसीए 2 जीन में विरासत में मिले उत्परिवर्तन के परिणामस्वरूप होते हैं।

**अन्य चेतावनी संकेत**



फल, सब्जियों, नट्स, वर्जिन ऑलिव ऑयल, साबुत अनाज और फलियों के साथ मछली को शामिल करने से स्तन कैंसर का खतरा कम होगा। यह आपको अपना वजन बनाए रखने में भी मदद करेगा। आपको जितना चाहिए उससे अधिक कैलोरी का उपभोग नहीं करना चाहिए।

- स्तन के आकार, प्रकार और रूप में परिवर्तन
- स्तन के आसपास की त्वचा में डिंपल बनना या परिवर्तन होना
- एक स्तन गांठ या मोटापन होना जो आसपास के ऊतक से अलग महसूस होता है
- आपके स्तन के ऊपर संतरे की त्वचा जैसा लाली या गड्ढा
- निप्पल (एरिओला) या स्तन की त्वचा के आसपास के पिगमेंटेड क्षेत्र में क्रस्टिंग, छीलना, स्केलिंग या फ्लेकिंग
- एक नया उल्टा निप्पल होना

**जोखिम**

- **उम्र :** आपकी उम्र जितनी अधिक होगी, आपको स्तन कैंसर होने का खतरा उतना ही अधिक होगा।
- **पारिवारिक और व्यक्तिगत इतिहास :** यदि आपके परिवार में किसी को स्तन कैंसर था या यदि आपने स्तन बायोप्सी कराई हो जिसमें लोबुलर कार्सिनोमा या एटिपिकल हाइपरप्लासिया का पता चला था, तो आपको स्तन कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।
- **विकिरण जोखिम :** यदि आपने बचपन में अपनी छाती पर विकिरण उपचार कराया है तो आपको स्तन कैंसर का अधिक खतरा है।
- **हार्मोन थेरेपी :** जो महिलाएं रजोनिवृत्ति के लक्षणों व लक्षणों का इलाज करने के लिए एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन को मिलाने वाली हार्मोन थेरेपी दवाएं लेती हैं, उनमें स्तन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।
- **मोटापा :** अधिक वजन वाले लोगों को स्तन कैंसर का अधिक खतरा होता है
- **पीरियड्स :** जिन लड़कियों को 12 साल की उम्र से पहले पीरियड्स हो जाते हैं, उनमें ब्रेस्ट कैंसर का खतरा ज्यादा होता है
- **रजोनिवृत्ति :** जिन महिलाओं को अधिक उम्र में रजोनिवृत्ति हो जाती है, उनमें स्तन कैंसर का अधिक खतरा होता है
- **प्रसव :** जो महिलाएं 30 साल की उम्र के बाद अपने बच्चे को जन्म देती हैं, उनमें कैंसर का खतरा बढ़ जाता है
- **गर्भावस्था नहीं :** जो महिलाएं कभी गर्भवती नहीं हुई हैं, उनमें गर्भवती महिलाओं की तुलना में कैंसर होने का खतरा अधिक होता है
- **शराब का सेवन :** शराब पीने से बढ़ जाता है ब्रेस्ट कैंसर का खतरा

**निवारण या रोकथाम**

जब स्तन कैंसर की रोकथाम की बात आती है, तो जागरूक रहना और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे आप स्तन कैंसर को उसके प्रारंभिक चरण में रोक सकते हैं।

**नियमित स्तन कैंसर जांच का विकल्प चुनें :** आपका अपने डॉक्टर के साथ किया गया परामर्श-सत्र आपको यह समझने में मदद करेगा कि नैदानिक स्तन परीक्षा और मैमोग्राम के लिए जाना है या नहीं, क्योंकि आप जांच के सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों को तौलने में सक्षम होंगी।

**स्व-परीक्षा :** स्तन कैंसर का निदान करने का यह सबसे आसान तरीका है और इसे किसी भी संभावित गांठ या अन्य असामान्य संकेतों के लिए अपने स्तनों का निरीक्षण करके किया जा सकता है।

**शराब सीमित पीएं :** शराब सेवन को दिन में केवल एक पेय तक सीमित करें।

**नियमित व्यायाम :** नियमित रूप से व्यायाम करने से आपके स्तन कैंसर का खतरा कम हो जाएगा। इसलिए हर दिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करने का लक्ष्य रखें।

**स्वस्थ आहार :** रेड मीट के बजाय अपने आहार में फलों, सब्जियों, नट्स, वर्जिन ऑलिव ऑयल, साबुत अनाज और फलियों के साथ मछली को शामिल करने से स्तन कैंसर का खतरा कम होगा। यह आपको अपना वजन बनाए रखने में भी मदद करेगा। आपको जितना चाहिए उससे अधिक कैलोरी का उपभोग नहीं करना चाहिए।

**हार्मोन थेरेपी से बचें :** कुछ महिलाएं रजोनिवृत्ति से नहीं निपट पाती हैं और हार्मोन थेरेपी का विकल्प चुन सकती हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है और उन्हें स्तन कैंसर का खतरा हो सकता है। उनको अपने डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए और यदि वे अनुमति देते हैं तो ही उन्हें सबसे कम खुराक लेनी चाहिए।

**- लेखक उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स में प्रसूति और स्त्री रोग प्रमुख एवं वरिष्ठ सलाहकार हैं।**

# स्वस्थ बच्चे के लिए तनाव से बचें



**डीआर अर्चना धवन बजाज का कहना है कि तनाव से बच्चे का मानसिक विकास प्रभावित न हो, इसके लिए व्यायाम करना, सही खाना और अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है।**

गर्भावस्था हर महिला के जीवन में एक रोमांचक समय होता है। प्रत्येक गर्भवती माँ अपने स्वास्थ्य की हर संभव तरीके से अच्छी देखभाल करने का प्रयास करती है ताकि गर्भावस्था सामान्य रहे और बच्चा स्वस्थ हो।

जबकि उन नौ महीनों के दौरान कुछ मात्रा में तनाव की उम्मीद की जाती है, हालांकि, उच्च स्तर की चिंता, जो महिला के रोजमर्रा कामों को सफलतापूर्वक करने की क्षमता में हस्तक्षेप करती है और जिम्मेदारियों का भ्रूण की मानसिक अवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ता है, गर्भाशय में गढ़ी और दर्ज हो रही होती है। भ्रूण के मस्तिष्क परीक्षण ने गर्भावस्था के दौरान एक अजन्मे बच्चे के विकासशील मस्तिष्क पर तनाव के प्रभावों का भी दस्तावेजीकरण किया है।

अनेक अध्ययनों में शिशु के भावी विकास पर मां के तनाव का सीधा संबंध पाया गया है। इसके अतिरिक्त, उच्च स्तर का तनाव झेलने वाली गर्भवती माताओं के भ्रूण में भावनात्मक व आचरणगत संयम से जुड़े मस्तिष्क के कुछ हिस्सों तथा कार्यकारी व उच्च संज्ञानात्मक कार्यों में शामिल दो मस्तिष्क क्षेत्रों के बीच कमजोर संबंध होने की अधिक संभावना दिखी।

तनाव के परिणामस्वरूप लड़ाई-या-पलायन हार्मोन की बाढ़ आ जाती है जो मूल रूप से हमें आसन्न खतरों से बचने में मदद करने के लिए होती है। आज, हम जटिल तनाव के साथ जी रहे हैं, और महामारी ने इस तनाव-स्तर को और बढ़ा दिया है। वे रसायन, जिनमें स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल शामिल होते है, मां और बच्चे के बीच प्लेसेंटल अवरोध को लांघने की क्षमता रखते हैं और अजन्मे बच्चे पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं।

**निपटने के तरीके**

शोध में पाया गया है कि कोविड-19 ने गर्भवती महिलाओं के तनाव को दोगुना या तिगुना कर दिया है। साथ ही, माता-पिता व अन्य देखभाल कर्ता समान रूप से तनावग्रस्त हैं और महामारी के कारण बुरे स्वास्थ्य में हैं। जबकि वायरस के प्रसार पर हमारा नियंत्रण नहीं है, पर गर्भवती महिलाएं निश्चित रूप से तनाव के स्तर और अपने बच्चे के विकास पर इसके प्रभावों को नियंत्रित कर सकती हैं और इस महामारी व उसके बाद की स्थिति के दौरान अपने तनाव का बेहतर प्रबंधन कर सकती हैं। अध्ययन में कहा गया है कि तनाव, चिंता व अवसाद के जोखिम कारकों में बदलाव किया जा सकता है।

व्यायाम, सही खाना और अच्छी नींद तनाव को दूर रखने व अनेक बीमारियों को रोकने के शीर्ष तीन तरीके हैं। तनाव घटाने में व्यायाम की भूमिका होती है और यह गर्भावस्था की सामान्य दिक्कतों को रोकने में मदद करता है। गर्भावस्था से संबंधित तनाव से निपटने के कुछ अन्य तरीके इस प्रकार हैं, मसलन, उन गतिविधियों में कटौती करना, जिन पर आपको ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है, प्रसवपूर्व योग या ध्यान जैसी विश्राम गतिविधियों का अभ्यास करें। प्रसव शिक्षा कक्षाएं यह जानने में मदद करती हैं कि गर्भावस्था के दौरान व जब आपके बच्चे का जन्म होने को आता है-विशेष रूप से पहली बार गर्भावस्था के दौरान, तो क्या उम्मीद करें।

गर्भावस्था के दौरान तनाव से संबंधित समस्याओं का बच्चे पर, महीनों और शायद वर्षों तक, लंबे समय तक प्रभाव पड़ता है।

**- लेखक नर्चर आईवीएफ सेंटर में स्त्री रोग व प्रसूति विशेषज्ञ तथा आईवीएफ विशेषज्ञ हैं।**

# कम-आयु वर्ग में बढ़ रहे हैं हृदय विफलता के मामले

**कम आयु वर्ग में हृदय रोगों के मामलों में वृद्धि हुई है। इसे रोकने के तरीके बता रहे हैं डॉ. राजीव अगरवाल**

पिछले कुछ वर्षों में, हृदय रोग भारत में मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में से एक बन गए हैं। 2019 के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में चार में से एक मौत हृदय रोगों के कारण हुई है। हालांकि कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों को समस्त आयु वर्गों को प्रभावित करने वाला जाना जाता है, मगर इधर युवा आबादी में इन बीमारियों में वृद्धि हुई है।

दरअसल, अध्ययनों से पता चलता है कि 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में हृदय रोगों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है। तनाव- स्तर में वृद्धि जैसे कारक युवाओं में हृदय रोग की घटना को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे हृदय-गति रुकने जैसी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं।

हृदय की विफलता एक ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब हृदय शरीर के चारों ओर पर्याप्त रक्त पंप करने में असमर्थ होता है, जिससे

शरीर के बाकी हिस्सों को आवश्यक ऑक्सीजन व पोषण की आपूर्ति प्रभावित होती है। इसके परिणामस्वरूप फेफड़ों में तरल पदार्थ का निर्माण भी हो सकता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

यह अक्सर अंतर्निहित उन चिकित्सा स्थितियों के कारण होता है जो हृदय को नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिनमें कोरोनरी हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, व उच्च कोलेस्ट्रॉल, एनीमिया, गुर्दे की बीमारी आदि रोग शामिल हैं।



यह रोग हमारी वयस्क आबादी के लगभग 1-2 प्रतिशत को प्रभावित करता है, जबकि बुजुर्गों में प्राय: इसकी वृद्धि की प्रवृत्ति है। हमारे दक्षिण-एशियाई मूल के लोगों में हृदय-विफलता का जोखिम अपेक्षाकृत लगभग 80 प्रतिशत अधिक होता है।

हालांकि वृद्धावस्था में हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ जाता है, मगर हमारी आबादी में समय से पहले कार्डियो-मेटाबोलिक रोगों का खतरा बढ़ जाता है, और इसके फलस्वरूप, अपेक्षाकृत कम उम्र में हृदय गति रुकने की संभावना भी बन सकती है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, उच्च लिपिड-स्तर, धूम्रपान, तंबाकू-सेवन और तनाव जैसे अनेक परिवर्तनीय पहलू, कम उम्र में समय से पहले हृदय रोग विकसित करने का पूर्वाभास दे सकते हैं।

आज का युवा व्यस्त दिनचर्या, बेहद दबाव वाली नौकरियों, दावेदारी वाली शैक्षणिक व्यवस्था, खराब आहार विकल्प व शारीरिक सक्रियता के अभाव की समस्या में फस गया है। यह कम नींद, नींद की खराब गुणवत्ता, धूम्रपान की बढ़ती घटनाओं और प्राय: शराब सेवन करने के साथ-साथ तनाव-स्तर में वृद्धि कर रहा है। लंबे समय तक रहने वाले तनाव के दीर्घकालिक परिणाम होते हैं जो शरीर की ठीक होने व आराम करने की क्षमता को बाधित करते हैं। इस तरह की दुर्भावनापूर्ण स्थिति से रक्तचाप में वृद्धि हो सकती है, चयापचय संबंधी विकार व स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं। यह सीधे हृदय प्रणाली को प्रभावित कर सकता है, स्वास्थ्य स्थिति कमजोर कर सकता है और इसे अनके बीमारियों के प्रति संवेदनशील बना सकता है।

स्वस्थ हृदय, आपके द्वारा खाए जाने वाले भोजन, आपकी नींद की मात्रा व गुणवत्ता, आपके द्वारा अनुपालन की जाने वाली दिनचर्या, आपके द्वारा पालन की जाने वाली व्यायाम व्यवस्था व आपके द्वारा अपने तनाव-स्तर के प्रबंधन का कुल योग है। स्वस्थ जीवन शैली के उपायों को अपनाना अच्छे हृदय-स्वास्थ्य की कुंजी है। पर्याप्त शारीरिक गतिविधि, तंबाकू-सेवन से बचना, नमक-सेवन कम करके रक्तचाप को नियंत्रित रखना और या उचित दवा लेना, संतुलित आहार के साथ लिपिड स्तर का प्रबंधन करना, पर्याप्त व उचित समय पर नींद लेना अत्यावश्यक हैं। मधुमेह, मोटापा या उच्च रक्तचाप को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

**-लेखक जसवंत राय स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में डीएमसी कार्डियोलॉजी, निदेशक हैं।**

# घातक है डेंगू



**वर्तमान में, दिल्ली में डेंगू के रोगियों में वृद्धि देखी जा रही है, लंबे समय तक मानसून के कारण इसी अवधि के लिए 2018 के बाद से अधिकतम मामलों की खबर सामने आ रही है। सुप्रिया रमेश ने और जानने के लिए विशेषज्ञों से बात की :**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हाल के दशकों में दुनिया भर में डेंगू के मामले नाटकीय रूप से बढ़े हैं। अधिकांश मामले स्पर्शोन्मुख या हल्के और स्व-प्रबंधित होते हैं, और इसलिए डेंगू के मामलों की वास्तविक संख्या कम बताई जाती है। कई मामलों में अन्य ज्वर संबंधी बीमारियों के रूप में भी गलत निदान किया जाता है।

बरसात के मौसम के आगमन के साथ, हमें निश्चित रूप से चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिलती है, लेकिन कई जल जनित बीमारियों के साथ टैग होता है। और सबसे आम बीमारियों में से एक डेंगू है, जो एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है जो गर्म, उष्णकटिबंधीय जलवायु में आम है। यह डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4 नामक सीरोटाइप नामक चार निकट से संबंधित एंटीजेनिक रूप से अलग समूहों में से किसी एक के कारण होता है, जिसका अर्थ है कि जीवन भर में चार बार संक्रमित होना संभव है। एक भौगोलिक क्षेत्र में अलग-अलग समय पर एक विशेष सीरोटाइप प्रमुख हो सकता है। यह कई तरह के लक्षणों को जगह देता है जो बेहद हल्के (अनदेखे) से लेकर बेहद गंभीर तक हो सकते हैं। गंभीर मामलों में यह जानलेवा भी हो सकता है।

वर्तमान में, दिल्ली में मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, लंबे समय तक मानसून के कारण इसी अवधि के लिए 2018 के बाद से अधिकतम मामलों की रिपोर्टिंग। जबकि पंजाब में पिछले साल 8,400 मामले देखे गए थे, इस साल केवल 5,889 मामले दर्ज किए गए, होशियारपुर 933 मामलों के साथ सूची में सबसे ऊपर है।

जबकि कई डेंगू संक्रमण केवल हल्की बीमारी का कारण बनते हैं, ऐसे मामले सामने आए हैं जहां यह एक तीव्र फ्लू जैसी बीमारी का कारण भी बना है। समय के साथ, यह एक संभावित घातक जटिलता में बदल जाता है, जिसे गंभीर डेंगू कहा जाता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि गंभीर डेंगू कुछ एशियाई और लैटिन अमेरिकी देशों में गंभीर बीमारी और मृत्यु का एक प्रमुख कारण है और इसके लिए चिकित्सा पेशेवरों द्वारा प्रबंधन की आवश्यकता होती है।

क्लिनिकल इंफेक्शियस डिजीज में प्रकाशित एक तुलनात्मक अध्ययन के अनुसार, हाल के दशकों में दुनिया भर में डेंगू के मामले नाटकीय रूप से बढ़े हैं। अधिकांश मामले स्पर्शोन्मुख या हल्के और स्व-प्रबंधित होते हैं, और इसलिए डेंगू के मामलों की वास्तविक संख्या कम बताई जाती है। कई मामलों में अन्य ज्वर संबंधी बीमारियों के रूप में भी गलत निदान किया जाता है।

डब्ल्यूएचओ को बताए गए डेंगू के मामलों की संख्या पिछले दो दशकों में आठ गुना बढ़ गई है, जो 2000 में 505,430 मामलों से बढ़कर 2010 में 2.4 मिलियन और 2019 में 5.2 मिलियन हो गई है। वर्ष 2000 और 2015 के बीच रिपोर्ट की गई मौतों की संख्या 960 से बढ़कर 4032 हो गई है।

लेकिन हम फिलहाल डीईएनवी-2 की बात क्यों कर रहे हैं? क्या यह अन्य सभी सीरोटाइप से अधिक गंभीर है? हमें कितना चिंतित होना चाहिए? ये ऐसे सवाल हैं जिनसे हमारा दिमाग भर गया है और यह सही समय है कि हम सभी को बीमारी की गंभीरता को समझना चाहिए और जमीन पर ध्यान देना चाहिए।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा और अलीगढ़ जिलों में डेंगू के डीईएनवी-2 या डी-2 संस्करण में बुखार और मौतों के कई मामले सामने आए हैं। गंभीर डेंगू शब्द अब प्रचलन में है। इसे पहले डेंगू रक्तस्त्रावी बुखार और डेंगू शॉक सिंड्रोम के रूप में जाना जाता था।

नया संस्करण 11 राज्यों में देखा गया है और चिकित्सा विशेषज्ञों और संगठनों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। दिलीप गुडे, सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन, डॉ दिलीप गुडे ने कहा, डीईएनवी-2 प्रकार के साथ डेंगू रक्तस्त्रावी बुखार की अधिक घटना होती है, जहां एक केशिका रिसाव होता है और कम प्लेटलेट्स के साथ खून बहता है और यह अंततः डेंगू शॉक सिंड्रोम में प्रगति कर सकता है। क्यूआरजी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के कंसल्टेंट इंटरनल मेडिसिन डॉ अनुराग अग्रवाल कहते हैं, "एक अलग सीरोटाइप से संक्रमित होने पर पहले डेंगू से संक्रमित व्यक्ति में हेमोरेजिक फीवर या शॉक सिंड्रोम विकसित होने की संभावना अधिक होती है।"

बारिश के मौसम में मच्छरों के बढ़ने की चर्चा के साथ यह जानना भी उतना ही जरूरी है कि मच्छर भी मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड और गर्मी की ओर आकर्षित होते हैं, जो इस बात का संकेत है कि वे गर्मियों के दौरान समान रूप से सक्रिय रहते हैं। इसके अलावा, डीईएनवी में पूरे वर्ष लोगों को संक्रमित करने की क्षमता है और इसके साथ ही, जोखिम और भय पूरे समय बना रहता है। डॉ अनुराग आपको मच्छरों के प्रसार के लिए जिम्मेदार कारकों के बारे में अधिक बताते हैं। "पर्याप्त जल निकासी की कमी, खुली नालियों और पानी के ठहराव के खुले क्षेत्र तेजी से फैलने के लिए जिम्मेदार कारक हैं। खुले हाथों और पैरों के साथ शरीर के पर्याप्त कवरेज के बिना लोगों की आवाजाही में वृद्धि से संक्रमित मच्छर के काटने का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें डेंगू वायरस से संक्रमित चार में से एक व्यक्ति को यह बीमारी हो सकती है।"

लक्षणों की बात करें तो ये मच्छर के काटने के चार से 10 दिन बाद विकसित हो सकते हैं और दो से सात दिनों तक कहीं भी रह सकते हैं। हम केवल सामान्य के बारे में जानते होंगे, आमतौर पर तेज बुखार, शरीर में तेज दर्द और प्लेटलेट्स गिरने के साथ आंतरिक रक्तस्राव जैसे लक्षणों के बारे में बात की जाती है, लेकिन डॉ अग्रवाल उसी पर एक विस्तृत नोट देते हैं। ठंड लगना, पीठ दर्द, पेट में दर्द, दाने, उल्टी, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, सामान्यीकृत कमजोरी और थकान के साथ उच्च श्रेणी का बुखार और गंभीर मामलों में झटका, रक्तस्त्रावी अभिव्यक्ति जैसे खून की उल्टी, गुदा, नाक, मसूड़ों और खून से खून बहना।"



> प्रबंधन में अंतःशिरा द्रव चिकित्सा, नैदानिक स्थिति की निगरानी और गहन देखभाल शामिल है। यह डेंगू बुखार की जटिलताओं में रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने में मदद करता है। डॉक्टर की देखरेख में हल्के और जटिल मामलों को घर पर ही प्रबंधित किया जा सकता है
>
> — डॉ. अंजलि सक्सेना

> एक अलग सीरोटाइप से संक्रमित होने पर पहले डेंगू से संक्रमित व्यक्ति में रक्त स्रावी बुखार या शॉक सिंड्रोम विकसित होने की संभावना अधिक होती है।
>
> – डॉ. अनुराग अग्रवाल
> सलाहकार आंतरिक चिकित्सा,
> क्यूआरजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

वह आगे कहते हैं कि जब किसी मरीज को पेट में तेज दर्द हो रहा हो, बार-बार उल्टी हो रही हो और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा हो, तो यह संकेत दे सकता है कि मरीज को गंभीर डेंगू हो रहा है। बुखार की तीव्रता का उस बीमारी की गंभीरता से कोई संबंध नहीं है जो रोगी बीमारी के बाद के दिनों में विकसित होता है।

यदि कोई संभावित लक्षणों का सामना कर रहा है और परीक्षण के बारे में संशय में है, तो आपको केवल यह जानने की जरूरत है कि अपने आप को परीक्षण करने के दो तरीके हैं, एक कार्ड परीक्षण और एलिसा। डॉ अग्रवाल विस्तार से बताते हैं, "परीक्षण रक्त द्वारा किया जाता है। एक कार्ड परीक्षण के माध्यम से होता है जो एलिसा नामक दूसरे परीक्षण की तरह संवेदनशील नहीं होता है। दो प्रकार के एंटीजन महत्वपूर्ण हैं, एनएस-1 जो आमतौर पर लक्षण शुरू होने के 24 घंटों के भीतर पता लगाया जा सकता है और नौ दिनों तक सकारात्मक रह सकता है और दूसरा आईजीएम है जो आमतौर पर लक्षण शुरू होने के चार से पांच दिन बाद पता लगाया जा सकता है और पकड़ने के बाद 12 सप्ताह तक सकारात्मक रहता है। एक संक्रमण या शायद इससे भी अधिक समय तक।"

देश भर में डेंगू के 20,000 से अधिक पुष्ट मामले सामने आए हैं और 220 से अधिक मौतें केवल उत्तर प्रदेश में हुई हैं। आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल, एमपी, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना से मामले सामने आए हैं।

कोई टीके नहीं हैं और वर्तमान में, डेंगू का उपचार सहायक देखभाल के माध्यम से होता है और कोई विशिष्ट दवा उपलब्ध नहीं है। "प्रबंधन में अंतःशिरा द्रव चिकित्सा, नैदानिक स्थिति की निगरानी और गहन देखभाल शामिल है। यह डेंगू बुखार की जटिलताओं में रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने में मदद करता है। डॉक्टर की देखरेख में हल्के और जटिल मामलों को घर पर ही प्रबंधित किया जा सकता है" डॉ अंजलि सक्सेना, सीनियर कंसल्टेंट, जनरल पीडियाट्रिक्स बताती हैं।

- मच्छरों द्वारा लोगों में फैलने वाली बीमारियों में जीका वायरस, वेस्ट नाइल वायरस, चिकनगुनिया वायरस, पीला बुखार और मलेरिया शामिल हैं।
- जीका बुखार, जिसे जीका वायरस रोग या केवल जीका के रूप में भी जाना जाता है, जीका वायरस के कारण होने वाली एक मच्छर जनित बीमारी है। कई मामलों में, कोई लक्षण नहीं होते हैं, लेकिन यह डेंगू बुखार के समान ही मौजूद हो सकता है।
- पीला बुखार आमतौर पर कम अवधि का एक वायरल रोग है। हालांकि, दुनिया भर में लगभग 30 हजार लोग हर साल पीले बुखार से मर जाते हैं।
- चिकनगुनिया एक वायरल बीमारी है जो संक्रमित मच्छरों के जरिए इंसानों में फैलती है। लक्षणों में आमतौर पर बुखार, जोड़ों का दर्द, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में सूजन और दाने शामिल हैं।

इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ ने सलाह दी है कि रोगियों को चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए, आराम करना चाहिए और खूब सारे तरल पदार्थ पीने चाहिए। बुखार को कम करने और जोड़ों के दर्द को कम करने के लिए पैरासिटामोल लिया जा सकता है। हालांकि, एस्पिरिन या इबुप्रोफेन नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि वे रक्तस्राव के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

हम कह सकते हैं कि डेंगू का प्रकोप अभी भी नियंत्रण में है लेकिन इससे पूरे देश में तेज बुखार के मामलों में तेजी आई है। चूंकि यह अन्य प्रकारों की तुलना में अधिक रुग्णता पैदा करने के लिए जाना जाता है, रोगियों को उच्च श्रेणी का बुखार हो रहा है। डॉ गुडे आपको बताते हैं कि एक महामारी विज्ञान की परिकल्पना है कि डेंगू के प्रकोप के लिए चार साल का चक्रीय उछाल है और डीईएनवी-2 सीरोटाइप को अब एक बहुत ही जटिल बीमारी का कारण माना जाता है।

इसके साथ, वह सलाह देते हैं कि शीघ्र निदान, आक्रामक जलयोजन, और बुजुर्गों और बच्चों जैसे उच्च जोखिम वाले समूहों और इम्यूनोसप्रेस्ड रोगियों को स्वीकार करना महत्वपूर्ण हो सकता है।

महामारी को देखते हुए, हमें डेंगू वायरस को लेकर कितना चिंतित होना चाहिए? क्या इस बात की संभावना है कि महामारी के बीच यह और खराब हो सकता है? ये फिर से कुछ सवाल हैं जो हमारे दिमाग को पार कर सकते हैं। कोविड और डेंगू दोनों के शुरुआती लक्षण एक जैसे हो सकते हैं और एक आम आदमी के लिए यह खुद पता लगाना लगभग असंभव होगा कि वह कोरोना या डेंगू से संक्रमित है या नहीं। और संयोग आम हैं और अगर किसी को कोविड और डेंगू हो जाता है तो परिणाम घातक होने वाला है।

"इस महामारी की पृष्ठभूमि में, किसी को अतिरिक्त सावधानी बरतने और मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए सभी आवश्यक सावधानी बरतने की ज़रूरत है", डॉ गुडे बताते हैं।

डॉ सक्सेना आपको बताते हैं कि इस समय के दौरान स्वास्थ्य देखभाल के संसाधन चरमरा सकते हैं और यह जरूरतमंदों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए हानिकारक हो सकता है।

आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है और यह सुनिश्चित करना कि आप मच्छरों को पनपने के लिए जगह नहीं दे रहे हैं, यह आपकी जिम्मेदारी है। अपने घर के आस-पास को जितना हो सके सूखा रखें, रुके हुए पानी की कोई गुंजाइश न हो, अपने शरीर को पूरी बाजू के कपड़ों से ढकें, मच्छर भगाने वाली क्रीम, कॉइल, जाल लगाएं। डॉ गुडे का सुझाव है कि संदेह का एक उच्च सूचकांक होना और जितनी जल्दी हो सके एक चिकित्सक की मदद लेना महत्वपूर्ण है।

अग्रवाल बताते हैं, "पानी को रुकने न दें, नालियों को ढकें या रुके हुए पानी पर तेल छिड़कें, अपने घर में खाली बर्तन/पानी के टायर, घर से बाहर निकलते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनें।"

वह आगे कहते हैं कि बुखार होने पर जल्द से जल्द अपने नजदीकी चिकित्सक के पास जाएं। जब आपको चिंतित होने की आवश्यकता हो, तो पेट में तेज दर्द, किसी भी साइट से रक्तस्राव, बेचैनी और सांस फूलने जैसे लक्षणों पर ध्यान दें।

"मच्छर वेक्टर प्रजनन स्थलों की मानव निवास के लिए निकटता डेंगू के साथ-साथ अन्य बीमारियों के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक है जो एडीज मच्छर संचारित करती है। वर्तमान में, डेंगू वायरस के संचरण को नियंत्रित करने या रोकने का मुख्य तरीका मच्छर वैक्टर का मुकाबला करना है", डब्ल्यूएचओ सलाह देता है और सुझाव देता है कि इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है।

## मिथकों का निवारण

### आपको दो बार डेंगू बुखार नहीं हो सकता

डेंगू बुखार पैदा करने वाले डेंगू वायरस (डीईएनवी) के चार अलग-अलग लेकिन संबंधित सीरोटाइप हैं, डीईएनवी-1, डीईएनवी-2, डीईएनवी-3 और डीईएनवी-4। जब कोई व्यक्ति अपने पहले संक्रमण से ठीक हो जाता है, तो वह इस एकल सीरोटाइप से ही आजीवन प्रतिरक्षा प्राप्त करता है। डेंगू के अन्य तीन प्रकारों से बीमारी का अनुबंध अभी भी संभव है, प्रत्येक बाद का संक्रमण अपने पूर्ववर्ती की तुलना में संभावित रूप से अधिक गंभीर है।

### डेंगू संक्रामक है

जब एक संक्रमित मादा मच्छर मुख्य रूप से एडीज एजिप्टी मच्छर काटता है, तो डेंगू मनुष्यों में फैलता है। एक व्यक्ति संक्रमित व्यक्ति के माध्यम से छींकने या खांसने पर वायरस को अनुबंधित नहीं कर सकता है। इसके अलावा, रक्त आधान या अंग प्रत्यारोपण के माध्यम से डीईएनवी संचरण के मामले भी दुर्लभ हैं।

### दूषित पानी में ही संक्रमित मच्छर पनपते हैं

एक एडीज इजिप्टी मच्छर जरूरी नहीं कि केवल गंदे पानी में ही अंडे दे सकता है, यह साफ, स्थिर पानी में भी ऐसा कर सकता है। घर के आस-पास के कंटेनरों और सतहों जैसे कि बेसिन, बर्तन, जार और बारिश के गटर को हर समय ढक्कन के साथ मजबूती से बंद करना या रखना महत्वपूर्ण है।

### डेंगू बुखार केवल बरसात के मौसम के दौरान फैलता है

लोग इस मिथक को क्यों मानते हैं कि बारिश के मौसम में डेंगू बुखार अधिक होता है, इसका एकमात्र कारण यह है कि एडीज एजिप्टी पानी में अंडे देती है, इसलिए इससे संबंधित होना स्वाभाविक है। मच्छर भी कार्बन डाइऑक्साइड और गर्मी की ओर आकर्षित होते हैं, जिससे पता चलता है कि वे गर्मियों में भी उतने ही सक्रिय रहते हैं।

### आपका शरीर स्वाभाविक रूप से डेंगू बुखार खुद को ठीक कर सकता है

एक व्यक्ति एक सप्ताह तक गंभीर सिरदर्द, उल्टी, और हड्डी और मांसपेशियों में दर्द के साथ डेंगू बुखार से पीड़ित हो सकता है। लोगों में अस्पताल में भर्ती हुए बिना ठीक होने की क्षमता हो सकती है लेकिन वे उचित आराम, जलयोजन और दर्द निवारक दवाओं के बिना ठीक नहीं हो सकते। यदि स्व-प्रबंधन किया जाए तो यह रोग गंभीर डेंगू में विकसित हो सकता है।

# द्रविड़ भारतीय टीम के कोच बनने को तैयार

भाषा। नई दिल्ली



**पूर्व दिग्गज** बल्लेबाज राहुल द्रविड़ यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के कोच बनने के लिए तैयार हो गए हैं। द्रविड़ हालांकि पहले इस जिम्मेदारी के लिए तैयार नहीं थे लेकिन बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की ओर जोर देने के बाद उन्होंने इसके लिए हामी भर दी। भारत के सबसे महानतम खिलाड़ियों में से एक 48 वर्षीय द्रविड़ पिछले छह वर्षों से भारत ए और अंडर -19 प्रणाली के प्रभारी हैं। उनकी देखरेख में ऋषभ पंत, अवेश खान, पृथ्वी साव, हनुमा विहारी और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों ने जूनियर स्तर से राष्ट्रीय टीम का सफर तय किया है। वह फिलहाल बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, हां, राहुल 2023 विश्व कप तक भारतीय टीम को कोचिंग देने के लिए सहमत हो गए हैं। शुरू में, वह अनिच्छुक थे, लेकिन यह समझा जाता है कि अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने राहुल के साथ आईपीएल फाइनल के दौरान बैठक की थी और जिम्मेदारी के लिए उन्हें मनाने में सफल रहे। उन्होंने कहा, यह अंतरिम जिम्मेदारी नहीं होगी। यह समझा जा रहा है कि द्रविड़ के भरोसेमंद पारस महाम्ब्रे टीम के गेंदबाजी कोच होंगे जबकि विक्रम राठौर के बल्लेबाजी कोच के रूप में बने रहने की संभावना है। यह पता चला है कि बीसीसीआई अब भी इस पद के लिए एक विज्ञापन देगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उचित प्रक्रिया का पालन किया गया है। बोर्ड को इसके लिए क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) का गठन करना होगा, जो लोढ़ा समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अनिवार्य होगा। बोर्ड के पदाधिकारी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि भारतीय क्रिकेट में प्रतिभा संसाधन और प्रबंधन को लेकर द्रविड़ के विशाल ज्ञान का सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जाए और उनकी भूमिका केवल राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच तक सीमित रहने के बजाय अधिक समग्र हो सकती है। भारत ए या अंडर -19 टीमों के अपने-अपने कोच होंगे लेकिन बीसीसीआई द्रविड़ को सभी कोचों का प्रमुख बना सकता है, जिसमें एनसीए स्टाफ के साथ सभी क्रिकेट विभाग उनकी देखरेख में काम करेंगे। जब गांगुली ने बीसीसीआई का कार्यभार संभाला, तो उन्होंने मीडिया से राष्ट्रीय टीम, आयु वर्ग की टीम और एनसीए के बीच तालमेल के बारे में बात की थी। रवि शास्त्री के कार्यकाल में भारतीय टीम की सफलता को देखने के बाद बीसीसीआई फिर से भारतीय कोच नियुक्त करना चाहता है लेकिन उस कद के कम ही विकल्प है। एक पूर्व भारतीय कप्तान और दिग्गज ने पहले ही मौजूदा टीम प्रणाली में कोच बनने से इनकार कर दिया था क्योंकि विराट कोहली अभी भी टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान बने हुए हैं।

## कोई जानकारी नही कि क्या हो रहा है



**दुबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टी20 विश्व कप के बाद राहुल द्रविड के टीम के मुख्य कोच नियुक्त होने की संभावना पर शनिवार को कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नही है कि क्या हो रहा है। महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान द्रविड़ पहले इस जिम्मेदारी के लिए तैयार नही थे लेकिन बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की ओर जोर देने के बाद उन्होने इसके लिए हामी भर दी। कोहली से जब द्रविड़ के कोच बनने के बारे मे पूछा गया तो उन्होने कहा, उस मोर्चे पर क्या चल रहा है ,मुझे उसकी कोई जानकारी नही है। भारतीय कप्तान संयुक्त अरब अमीरात और ओमान मे रविवार से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के शुरुआती चरण के मैचो से पहले कप्तानो के मीडिया सत्र के दौरान बोल रहे थे। भारत के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक 48 वर्षीय द्रविड़ पिछले छह वर्षो से भारत ए और अंडर -19 प्रणाली के प्रभारी है। उनकी देखरेख मे ऋषभ पंत, अवेश खान, पृथ्वी साव, हनुमा विहारी और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियो ने जूनियर स्तर से राष्ट्रीय टीम या फिर सीनियर स्तर का सफर तय किया है।द्रविड़ वर्तमान में बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख है। वह भारतीय टीम की जिम्मेदारी से जुड़ी विस्तृत चर्चा के लिए अपने पूर्व साथी एवं बीसीसीआई सौरव गांगुली तथा बोर्ड सचिव जय शाह से मिलने के लिए हाल ही में संपन्न आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के दौरान दुबई में थे।

# सौराष्ट्र के युवा खिलाड़ी अवि बरोट का दिल का दौरा पड़ने से निधन

भाषा। राजकोटा, अहमदाबाद



**सौराष्ट्र के** बल्लेबाज और भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान अवि बरोट का शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, वह महज 29 साल के थे। सौराष्ट्र की 2019-20 सत्र में रणजी ट्राफी जीतने वाली टीम के सदस्य बरोट ने अपने करियर में हरियाणा और गुजरात की टीमों का भी प्रतिनिधित्व किया था। अहमदाबाद में अपने घर में बेचैनी महसूस करने के बाद शुक्रवार को उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। बरोट के परिवार में उनकी मां और पत्नी हैं। उनकी पत्नी गर्भवती हैं। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष जयदेव शाह ने पीटीआई से कहा, अवि को जब बेचैनी महसूस हुई, तब वह घर में थे। उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन एम्बुलेंस में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। वह बहुत ही जिंदादिल लड़का था और उसकी प्रतिभा देखकर ही मैं उसे हरियाणा से सौराष्ट्र लाया था जहां उसने अपना प्रथम श्रेणी करियर शुरू किया था। शाह ने कहा, अवि के पिता का 42 साल की उम्र में निधन हो गया था। अवि के परिवार में अब उनकी मां और पत्नी हैं। उनकी पत्नी को चार माह का गर्भ है। इस दुखद घटना से उबरने में उन्हें काफी समय लगेगा। यह युवा क्रिकेटर पिछले हफ्ते एक स्थानीय टूर्नामेंट में खेला था। वह दाएं हाथ का बल्लेबाज था जो ऑफ ब्रेक गेंदबाजी भी कर सकता था। शाह ने कहा, मैं अब भी इस खबर से स्तब्ध हूं। वह महज 29 साल का था और पिछले हफ्ते हमारा एक राज्य स्तर का टूर्नामेंट जीवन ट्राफी हुआ था जिसमें वह खेला था। बल्कि मैंने उसे कहा था कि तुम रन बना रहे हो, जल्दबाजी मत करो तो उसने कहा, जयदेव भाई हमें इसे जीतना होगा। बरोट 38 प्रथम श्रेणी मैच, 38 लिस्ट ए मैच और 20 घरेलू टी20 मैच खेल चुके थे। वह विकेटकीपर बल्लेबाज थे जिन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों में 1,547 और लिस्ट ए मैचों में 1,030 और टी20 मैचों में 717 रन बनाए थे। वह सौराष्ट्र की रणजी ट्राफी जीतने वाली टीम के सदस्य थे जिसने फाइनल में बंगाल को हराया था। उन्होंने इस मैच में अर्धशतक भी जड़ा था। वह उस सौराष्ट्र टीम का भी हिस्सा थे जो 2015-16 और 2018-19 में रणजी ट्राफी फाइनल में पहुंची थी। संघ (एससीए) ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में शोक व्यक्त करते हुए कहा, सौराष्ट्र क्रिकेट संघ में हर कोई अवि बरोट असामयिक निधन से स्तब्ध और दुखी है। सौराष्ट्र के लिए उन्होंने 21 रणजी ट्राफी मैच, 17 लिस्ट ए और 11 घरेलू टी20 मैच खेले थे। बरोट 2011 में भारत की अंडर-19 टीम के कप्तान थे और इस साल के शुरू में सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में गोवा के खिलाफ मैच के दौरान महज 53 गेंद में 122 रन की शानदार पारी खेलकर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था।

## क्विक न्यूज

### शुभंकर, भुल्लर स्पेन में कट हासिल करने से चूके

**वालडेरामा (स्पेन)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर की एंडालुसिया मास्टर्स टूर्नामेंट के शुरुआती दो दौर में खराब खेल के कारण कट में जगह बनाने से चूक गए। पहले दौर में 82 का निराशाजनक कार्ड खेलने वाले भुल्लर ने दूसरे दौर में शानदार वापसी की और 13 शॉट का सुधार करते हुए 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर हालांकि नौ ओवर का रहा जो कट हासिल करने के लिए काफी नही था। कुल छह ओवर तक का स्कोर करने वाले खिलाड़ियों ने कट में प्रवेश किया। शुभंकर का प्रदर्शन और निराशाजनक रहा। उन्होंने दूसरे दौर में चार ओवर 75 का स्कोर किया। उन्होने पहले आठ ओवर 79 का कार्ड खेला था।

### अदिति की टीम संयुक्त 13वें और त्वेसा की टीम संयुक्त 26वें पायदान पर

**न्यूयॉर्क।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दो अंडर 70 के कार्ड से अरामको टीम सीरीज के दूसरे दौर के बाद व्यक्तिगत तालिका मे संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर है। उनकी अगुवाई वाली टीम अशोक (अदिति) भी संयुक्त रूप से इसी पायदान पर है। टीम अशोक का कुल स्कोर 21 अंडर का है। एक अन्य भारतीय त्वेसा मलिक (74-72) व्यक्तिगत तालिका मे संयुक्त रूप 37वें स्थान पर है जबकि उनकी टीम 26वें स्थान पर है। त्वेसा की टीम की कप्तान लिजेटे सालास है और इस टीम का कुल स्कोर 14 अंडर का है। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी नेली कोर्डा (69-66) व्यक्तिगत तालिका मे शीर्ष पर थी।

### होबार्ट में डब्ल्यूबीबीएल के सप्ताहांत के मैच दर्शकों के बिना खेले जाएंगे

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया राज्य मे तीन दिन के लॉकडाउन के बाद इस सप्ताह के आखिर मे खेले जाने वाले महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के मैच दर्शकों के बिना कड़े जैव-सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत खेले जाएंगे। इसमे शनिवार और रविवार को ब्लंडस्टोन एरेना में खेले जाने वाले डब्ल्यूबीबीएल के चार मैच शामिल है। होबार्ट के एक होटल से कोविड-19 पॉजिटिव व्यक्ति के पृथकवास सुविधा से भागने के बाद तस्मानिया में शुक्रवार को तीन दिवसीय लॉकडाउन लागू कर दिया गया। डब्ल्यूबीबीएल इस बात की पुष्टि करता है कि इस सप्ताह के अंत में ब्लंडस्टोन एरेना में खेले जाने वाले सभी चार मैचो का आयोजन कड़े जैव-सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत किया जाएगा। तस्मानिया में मौजूद सभी खिलाड़ियो, कर्मचारियों और मैच अधिकारियों का कोविड-19 टीकाकरण हो गया है और कोरोना वायरस जांच में सभी का नतीजा नेगेटिव आया है।

### एससी ईस्ट बंगाल ने सत्र पूर्व मैत्री मैच में सलगांवकर को हराया

**पणजी।** एससी ईस्ट बंगाल ने शनिवार को यहां आमिर डर्विसेविच और सौरव दास के गोल की मदद से सत्र पूर्व मैत्री मैच में पूर्व आई लीग चैम्पियन सलगांवकर पर 2-0 से जीत दर्ज की। स्लोवेनियाई मिडफील्डर डर्विसेविच ने छठे और दास ने 65वें मिनट मे गोल किए। टीम ने शुक्रवार को पहले मैत्री मैच मे वास्को एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की थी, जिससे उसने इसी लय को दूसरे मैच में भी जारी रखा।

# मैदान के भीतर अप्रतिम सफलता के बाद अब टीम इंडिया के मेंटर धोनी पर सभी की नजरें



भाषा। नई दिल्ली

**चेन्नई सुपर** किंग्स को चौथी बार आईपीएल खिताब दिलाने के बाद महेंद्र सिंह धोनी अब टी20 विश्व कप में मैदान के बाहर टीम इंडिया के मेंटर की भूमिका में होंगे और पिछले 17 वर्ष मैदान के भीतर अपने फन का लोहा मनवाने के बाद मैदान से बाहर की इस भूमिका में उन्हें देखना दिलचस्प होगा।

इसमें धोनी का काम अपने अनुभव और समझ को साझा करने का होगा लेकिन यह कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री पर निर्भर करेगा कि वह उसका इस्तेमाल कैसे करते हैं। भारतीय क्रिकेट में मेंटर शब्द के व्यापक मायने हैं जो एक रणनीतिकार, प्रेरणास्रोत या सलाहकार (साउंडिंग बोर्ड) हो सकता है। धोनी के मामले में वह सलाहकार हो सकते हैं क्योंकि बड़े टूर्नामेंट नहीं जीतने के बावजूद यह भारतीय टीम लंबे समय से आटो पायलट मोड में है। धोनी को जानने वालों को पता है कि वह जरूरत पड़ने पर ही बोलेंगे और शास्त्री या कोहली के काम में कभी दखल नहीं देंगे। इस टीम के अधिकांश सीनियर खिलाड़ियों के वह कप्तान रहे हैं जिन्होंने उनके कप्तान रहते पदार्पण किया और उनके मार्गदर्शन से सुपरस्टार बने। भारतीय टीम के साथ एक महीने जुड़कर धोनी को क्या फायदा होगा। उन्हें यह आकलन करने का मौका मिलेगा कि क्या वह सीधे मेंटर बनकर अगले आईपीएल के लिए सीएसके की रिटेंशन फीस बचा सकते हैं। धोनी ने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर खुलकर कुछ नहीं कहा है।

## धोनी की मौजूदगी, जटिल बारीकियों पर नजर से हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा : कोहली

**दुबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को कहा कि टीम के मेंटर महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी , व्यवहारिक सलाह और जटिल बारीकियो पर नजर से टी20 विश्व कप मे उनकी टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा। धोनी को पिछले महीने ही बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप मे भारत की 15 सदस्यीय टीम का मेंटर बनाया था। टूर्नामेंट से पहले मीडिया से बातचीत में कोहली ने धोनी की नियुक्ति पर प्रसन्नता जताई। कोहली ने आईसीसी द्वारा आयोजित मीडिया सत्र मे कहा , उनके पास अपार अनुभव है। वह खुद भी काफी रोमांचित है। वह हमेशा ही हम सबके लिए मेंटर रहे है। अपने कैरियर की शुरूआत मे ही इतना बड़ा टूर्नामेंट खेल रहे युवाओं को काफी फायदा मिलेगा। उन्होने कहा , जटिल बारीकियो पर उनकी नजर और व्यवहारिक सलाह से हमे खेल को एक या दो प्रतिशत बेहतर करने में मदद मिलेगी। उनके आने से बहुत खुश हूं। उनकी मौजूदगी से मनोबल और आत्मविश्वास दोनों बढ़ेगा। वह धोनी के इतने साल के अनुभव से सीखना चाहते है। उन्होने कहा कि खेल को लेकर धोनी की समझ मैच के रूख और टीम के प्रदर्शन को बेहतर करने के सुझाव की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगी। धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल खिताब चौथी बार जीता।

# हरमनप्रीत, रॉड्रिग्स चमके, मंधाना, दीप्ति का निराशाजनक प्रदर्शन

भाषा। होबार्ट

● डब्ल्यूबीबीएल



**भारतीय** कप्तान हरमनप्रीत कौर की दबाव में खेली गई 24 रन की नाबाद पारी और सलामी बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स के 33 रन के दम पर मेलबर्न रेनेगेड्स ने शनिवार को यहां महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मैच में मेजबान होबार्ट हरिकेंस को छह विकेट से शिकस्त दी। जीत के लिए 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोड्रिग्स और कप्तान सोफी मोलिनेक्स (16) ने रेनेगेड्स के लिए पहले विकेट के लिए 22 रन की साझेदारी की। रोड्रिग्स ने दो चौके और एक छक्के समेत 33 रन की पारी के दौरान दूसरे विकेट के लिए कर्टनी वेब (31) के साथ 68 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इसके बाद हालांकि सात रन के अंदर तीन विकेट गिरने से टीम परेशानी में आ गई लेकिन हरमनप्रीत ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 19 गेंद में एक चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 24 रन बनाकर चार गेंद शेष रहते हुए रेनेगेड्स को जीत दिला दी। हरमनप्रीत ने गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 20 रन खर्च कर एक विकेट लिया। उन्होंने भारतीय विकेटकीपर रिचा घोष को उस वक्त पवेलियन भेजा जब वह बड़े शॉट लगाने के बाद खतरनाक दिख रही थी। रिचा ने 14 गेंद में एक छक्के और दो चौके की मदद से 21 रन बनाए थे। दिन के दूसरे मैच में स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा अपनी टीम सिडनी थंडर्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। उनकी टीम को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने 30 रन से हराया। एडिलेड स्ट्राकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तहलिया मैकग्रा (42) और मेडेलिन पेन्ना (35) की शानदार बल्लेबाजी से सात विकेट पर 140 रन बनाए। दीप्ति इस दौरान सिडनी की सबसे महंगी गेंदबाज साबित हुई। उन्होंने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते समय मंधाना (चार रन) और दीप्ति (चार रन) प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे और उनकी पूरी टीम 110 रन पर आउट हो गई। कोविड-19 के खतरे के कारण दोनों मैचों को दर्शकों के बिना खेला गया था।

## भारतीय टीम में प्रतिभा है, टी20 विश्व कप जीतने के लिए परिपक्वता दिखाने की जरूरत : गांगुली



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम में टी20 विश्व कप के उचित दावेदार के रूप में हर तरह की प्रतिभा मौजूद है और ट्राफी जीतने के लिए टीम को बस थोड़ी परिपक्वता दिखाने की जरूरत है। भारतीय टीम अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर को करेगी। गांगुली से जब पूछा गया कि भारत को खिताब जीतने के लिए क्या करने की जरूरत है तो उन्होंने कहा, आप आसानी से चैम्पियन नहीं बनते और आप सिर्फ टूर्नामेंट में प्रवेश से भी चैम्पियन नहीं बनते इसलिए आपको एक प्रक्रिया से गुजरना होगा और उन्हें परिपक्वता दिखानी होगी। उन्होंने कहा, टीम में प्रतिभा मौजूद है, उनके पास इस स्तर पर रन जुटाने और विकेट चटकाने के लिए शानदार खिलाड़ी मौजूद हैं। उन्हें विश्व कप जीतने के लिए मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में होना चाहिए। गांगुली ने कहा कि टीम को सीधे खिताब का लक्ष्य बनाने के बजाय प्रत्एक मैच जीतने पर ध्यान देना चाहिए। खिताब तभी जीता जा सकता है, जब फाइनल्स खत्म हो जाएं। इसलिए इससे पहले आपको काफी क्रिकेट खेलना होगा और मुझे लगता है कि भारत को प्रत्एक मैच पर ध्यान लगाना चाहिए और फिर आगे बढ़ने के बारे में देखना चाहिए, न कि शुरू से ही खिताब के बारे में सोचना चाहिए।

## ग्रुप बी से सुपर 12 में क्वालीफाई करने में प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा बांग्लादेश

**अल अमेरात ( ओमान )।** शानदार लय में चल रही बांग्लादेश की टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप बी क्वालीफाइंग दौर में प्रबल दावेदार के रूप में रविवार को यहां अपना अभियान स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरू करेगी। अंडरडॉग का टैग हटाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में शानदार काम करने वाली बांग्लादेश की टीम को पहले दौर में स्कॉटलैंड, ओमान और पापुआ न्यू गिनी के साथ रखा गया है। और हालिया फार्म के देखते हुए उसके ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद है। बांग्लादेश की टीम इस टूर्नामेंट से पहले कैलेंडर वर्ष में नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जीत दर्ज कर चुकी है और केवल दक्षिण अफ्रीका से पीछे है जिसके नाम 12 जीत हैं। बल्कि मार्च में न्यूजीलैंड से उसकी सरजमीं पर हारने के बाद से बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे (2-1), आस्ट्रेलिया (4-1) और न्यूजीलैंड (3-2) के खिलाफ श्रृंखलाएं जीती हैं। अगर बांग्लादेश की टीम ग्रुप बी में शीर्ष पर रहकर क्वालीफाई कर लेती है तो सुपर 12 में वह भारत, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान तथा ग्रुप ए की उप विजेता टीम से जुड़ जाएगी।

## फ्रिट्ज और बासिलाश्विली इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में

**इंडियन वेल्स।** टेलर फ्रिट्ज ने तीसरे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 7-6 से हराकर उलटफेर करते हुए बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह फ्रिट्ज के छोटे से करियर की सबसे बड़ी जीत थी। संन्यास ले चुकी टेनिस खिलाड़ी कैथी मे के 23 साल के बेटे फ्रिट्ज तीसरे सेट में पिछड़ रहे थे लेकिन वह इसे टाईब्रेकर तक ले गए और जीत गए। फ्रिट्ज ने इससे पहले 2019 में शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल पांच खिलाड़ियों पर जीत दर्ज की थी जिसमें डोमिनिक थिएम भी शामिल थे। लेकिन विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ज्वेरेव के खिलाफ उनकी सबसे बड़ी जीत रही। फ्रिट्ज शनिवार को सेमीफाइनल में 29वें वरीय निकोलोज बासिलाश्विली से खेलेंगे जिन्होंने दूसरे वरीय स्टेफानोस सिटसिपास को 6-4, 2-6, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। दूसरा सेमीफाइनल कैमरन नौरी और ग्रिगोर दिमित्रोव के बीच होगा। महिला वर्ग के सेमीफाइनल में विक्टोरिया अजारेंका का सामना एलेना ओस्टापेंको से होगा जबकि दूसरे में ओन्स जाबेयूर की भिड़त पाउला बाडोसा से होगी।

## इंग्लैंड के खिलाड़ी स्टोक्स की वापसी के बारे में नहीं सोच रहे हैं : वुड्स



**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा कि बेन स्टोक्स के इस हफ्ते नेट पर ट्रेनिंग में वापसी के बाद खिलाड़ियों के दिमाग में एक बार भी यह बात नहीं आई कि इस आल राउंडर को एशेज टीम में शामिल किया जा सकता है क्योंकि सभी को बस उनके ठीक होने की चिंता है। जुलाई में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की थी कि स्टोक्स अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अनिश्चितकाल के लिए ब्रेक ले रहे हैं जबकि इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र के पहले चरण के दौरान लगी ऊंगली की चोट से भी उबर रहे हैं। इसके कारण वह भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे और उन्हें टी20 विश्व कप और एशेज टीम में भी शामिल नहीं किया गया था।

## टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड टीम से जुड़े सीएसके के कोच फ्लेमिंग

**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के आईपीएल विजेता मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग शनिवार को अल्पकाल के लिए टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से जुड़ गए। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान फ्लेमिंग के मार्गदर्शन में चेन्नई ने शुक्रवार को चौथी बार आईपीएल खिताब जीता। इसके एक दिन बाद ही वह न्यूजीलैंड टीम के शिविर में पहुंच गए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ट्वीट किया , आईपीएल फाइनल से सीधे। चेन्नई के आईपीएल विजेता कोच स्टीफन फ्लेमिंग टी20 विश्व कप से पहले कुछ दिन के लिए न्यूजीलैंड टीम से जुड़े।

# चेन्नई सुपर किंग्स चौथी बार बना आईपीएल चैंपियन

● कोलकाता नाइट राइडर्स को 27 रन से हराया

भाषा। दुबई



**फाफ डु प्लेसिस** की आकर्षक अर्धशतकीय पारी और गेंदबाजों की शानदार वापसी के दम पर महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 27 रन से हराकर चौथी बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीता। चेन्नई ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में केकेआर अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाया और नौ विकेट पर 165 रन ही बना सका। डुप्लेसिस ने तीसरे ओवर में जीवनदान मिलने के बाद पारी की अंतिम गेंद पर आउट होने से पहले 59 गेंदों पर 86 रन बनाए जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस बीच रुतुराज गायकवाड़ (27 गेंदों पर 32 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 61 और रोबिन उथप्पा (15 गेंदों पर 31 रन, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रन और मोईन अली (20 गेंदों पर नाबाद 37, दो चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 की उपयोगी साझेदारियां की। शुभमन गिल (43 गेंदों पर 51, छह चौके) और वेंकटेश अय्यर (32 गेंदों पर 50, पांच चौके, तीन छक्के) ने पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर केकेआर को ठोस शुरुआत दिलाई लेकिन इसके बाद उसने 34 रन के अंदर आठ विकेट गंवा दिए। दोनों सलामी बल्लेबाजों के अलावा निचले क्रम में शिवम मावी (20) और फर्गुसन (नाबाद 18) ही दोहरे अंक में पहुंचे जिससे हार का अंतर ही कम हुआ। चेन्नई को वापसी दिलाने में सभी गेंदबाजों शार्दुल (38 रन देकर तीन), हेजलवुड (29 रन देकर दो), जडेजा (37 रन देकर दो), ब्रावो (29 रन देकर एक) और दीपक (32 रन देकर एक) ने अहम भूमिका निभाई।

## हमारे लिए दमदार वापसी करना महत्वपूर्ण था : धोनी

**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शुक्रवार को यहां कहा कि पिछले साल प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद उनके लिए अच्छी वापसी करना महत्वपूर्ण था और उन्हें खुशी है कि उनकी टीम इसमें सफल रही और चैंपियन बनी। धोनी ने मैच के बाद कहा, चेन्नई पर बात करने से पहले मैं केकेआर पर बात करना चाहूंगा। अगर कोई टीम इस आईपीएल में खिताब की दावेदार थी तो वह केकेआर थी। उसने बेहतरीन वापसी की। मुझे लगता है कि ब्रेक से उन्हें फायदा मिला। जहां तक चेन्नई की बात है तो आंकड़ों में हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम हैं लेकिन हम फाइनल में हारते रहे। विरोधी टीम को हावी नहीं होने देने वाले पहलू पर हम सुधार करना चाहते थे।

# फ्लेमिंग ने बताया चेन्नई सुपर किंग्स के जीत का मंत्र

भाषा। दुबई



**इंडियन प्रीमियर लीग** (आईपीएल) में चौथी बार चैम्पियन बनी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनके उम्रदराज योद्धाओं की सफलता का राज यह है कि वे विश्लेषण और संख्याओं पर निर्भर रहने के बजाय अंदर की भावना और खिलाड़ियों के साथ रिश्ते पर भरोसा करते हैं। फ्लेमिंग ने कहा, हमारे खिलाड़ियों की उम्र को लेकर काफी आलोचना होती थी लेकिन खिताब जीतना शानदार रहा। अनुभव काफी महत्वपूर्ण है, जो खिलाड़ी टीम में हैं और पहले ऐसा कर चुके हैं, उनसे टीम में काफी अनुभव शामिल होता है। हम विश्लेषण और संख्या में ज्यादा गहराई तक नहीं जाते, हम अंदर की भावना और खिलाड़ियों के साथ रिश्ते बनाने पर विश्वास करते हैं। यह पारंपरिक है लेकिन हमारे लिए यह कारगर होती है। फ्लेमिंग ने कहा कि उनके लिए आईपीएल के सभी चारों खिताब काफी विशेष हैं लेकिन मौजूदा ट्राफी उनके लिए काफी अहमियत रखती है क्योंकि यह उस टीम ने जीती है जिसे टूर्नामेंट के शुरू में चुका हुआ मान लिया गया

# सीएसके की शानदार टीम से हारे : मैकुलम

भाषा। दुबई

● रसेल फिर से चोटिल होने के डर से नही खेले



**कोलकाता नाइट** राइडर्स केकेआर) के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने माना कि उनकी टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की एक बहुत शानदार टीम ने हराया और उन्होंने इस खराब प्रदर्शन का जिम्मेदार मध्यक्रम के बल्लेबाजों की नाकामी को ठहराया। मैकुलम ने यह भी कहा कि विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल मांसपेशियों में खिंचाव से उबर कर मैच-फिट होने के लिए कड़ी मेहनत करने के बावजूद अंतिम एकादश में जगह नहीं बना सके क्योंकि मैच के दौरान उनके फिर से चोटिल होने का जोखिम था। महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई की टीम ने शुक्रवार को खेले गए फाइनल के एकतरफा मुकाबले में केकेआर को 27 रन से हराकर अपना चौथा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीता। मैकुलम ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह निराशाजनक है कि हम जीतने में नाकाम रहे, लेकिन हम सीएसके की एक बेहतरीन टीम से हारे। मैकुलन से जब मध्यक्रम की नाकामी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हाँ, मुझे लगता है, यह एक उचित मूल्यांकन है। हमारे गेंदबाजी समूह ने वास्तव में अच्छा काम किया, हमने अच्छा क्षेत्ररक्षण किया और हमारी शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी शानदार थी, लेकिन दुर्भाग्य से मध्यक्रम प्रभावित करने में नाकाम रहा। मध्यक्रम में काफी अनुभव है लेकिन कई बार ऐसा हो सकता है। कोच ने कहा, मैं अपने खिलाड़ियों और उनके प्रयासों के लिए वास्तव में गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमारी कहानी शानदार रही, टूर्नामेंट के मध्य में हम बाहर होने (खिताब की दौड़ से) के कगार पर थे।